21 page 1_01.qxd 10/20/2023 10:24 PM Page 1

सातवां नवरात्रा माता कालरात्रि की पूजा आज

दैनिक
भरोसा मित्र
ना इधर की ना उधर की बात सिर्फ भरोसे की

मांगे राम शर्मा मेरे बड़े... p6

■ वर्ष:1 ■ अंक: 42 ■ मूल्य: 3 ■ पृष्ठ: 08 ■ प्रधान संपादक: सुमित सैनी ■ गुरुग्राम ■ शनिवार ■ 21 अक्टूबर 2023 ■ Title Code : HARBIL019117

पीएम मोदी ने देश को दिया पहली सुपर फास्ट रैपिडेक्स ट्रेन का तोहफा

यह ट्रेन उत्तर प्रदेश और दिल्ली एनसीआर की ट्रैफिक जाम की बड़ी समस्या को समाप्त करेगी : प्रधानमंत्री

गाजियाबाद,एजेंसी।
प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को पहली रैपिडेक्स ट्रेन की सौगात दी है। प्रधानमंत्री ने आज सुबह 11:30 बजे साहिबाबाद स्टेशन पर हरी झंडी दिखा कर रैपिडेक्स रेल का शुभारंभ किया और स्वयं टिकट खरीद कर प्लैटफ़ार्म में प्रवेश किया । इस दौरान उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी,भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी वह अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे। मोदी ने गाजियाबाद के लिए दुनिया की सबसे श्रेष्ठ हाई स्पीड रैपिडेक्स ट्रेन का तोहफा दिया ।

इस ट्रेन को नमो भारत ट्रेन नाम दिया गया है । लेकिन गाजियाबाद के लिए बड़ी खबर यह है कि प्रधानमंत्री एक साधारण आदमी की तरह रेलवे स्टेशन पर विंडो तक पैदल जाकर खुद टिकट खरीदा और सफर किया। सबसे बड़ी बात यह है कि प्रधानमंत्री के साथ इस रेलवे सफर में वह लोग साथ रहे जिन्होंने रैपिडेक्स ट्रेन के ट्रैक बनाने में अपना उल्लेखनीय योगदान दिया है। प्रधानमंत्री के सफर में मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी और उत्तर प्रदेश के गवर्नर भी उनके साथ रहे।

यह ट्रैक तो बस एक शुरुआत है : मोदी

पीएम ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि दिल्ली-मेरठ का ये 80 किमी से ज्यादा का ट्रैक तो बस एक शुरुआत है। पहले फेज में दिल्ली, यूपी, हरियाणा और राजस्थान के अनेक क्षेत्र नमो भारत ट्रेन से कनेक्ट होने वाले हैं। बदलते हुए भारत में ये बहुत जरूरी है कि सभी देशवासियों का जीवन स्तर सुधरे, लोग अच्छी हवा में सांस लें, यातायात के अच्छे साधन हों, अच्छे शिक्षण संस्थान हों और इलाज की बेहतर व्यवस्था हो। इन सब पर आज भारत सरकार विशेष जोर दे रही है। पब्लिक ट्रांसपोर्ट पर आज भारत सरकार जितना खर्च कर रही है, उतना हमारे देश में पहले कभी नहीं हुआ।उन्होंने कहा कि नमो भारत ट्रेन में आधुनिकता भी है, गति भी है। ये नमो भारत ट्रेन, नए भारत के नए सफर और नए संकल्पों को परिभाषित कर रही है।

स्टैंडर्ड कोच में कुल 72 सीटें हैं

पहला चरण: साहिबाबाद से दुहाई तक जाएगी ट्रेन

20 से अधिकतम 100 रुपये होगा किराया

कैसा है रैपिड रेल का ढांचा

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम (एनआरसीटीसी) के अधिकारियों ने बताया कि नमो भारत रेल के स्टैंडर्ड कोच में कुल 72 सीटें हैं। हर कोच में महिलाओं के लिए सीट रिजर्व रखी गई है। दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ आरआरटीसी कॉरिडोर के प्राथमिकता वाले खंड के स्टेशनों पर सामान स्कैनिंग प्रणाली एआई से संचालित तकनीक से लैस है, जो सुरक्षा कर्मचारियों को प्रतिबंधित वस्तुओं की पहचान करने में सतर्क और मदद करेगी। रैपिड रेल के दरवाजे को पीएसडी के साथ जोड़ा जाएगा जो यात्रियों की सुरक्षित यात्रा के लिए ट्रेन अटेंडेंट की नियुक्ति की जाएगी। इसके अलावा अंतिम कोच में व्हीलचेयर और स्ट्रेचर के लिए जगह मुहैया कराई जाएगी। प्रत्येक स्टेशन पर बनाए महिला शौचालयो में बच्चों के लिए डायपर बदलने की भी जगह बनाई गई है। किराया 20 रुपये से शुरू हो कर अधिकतम 100 रुपये है । यह 5 मिनट की फ्रीक्वेंसी पर दौड़ेगी । पहले चरण में यह गाड़ी साहिबाबाद से दुहाई तक के लिए चलाई गई है।

न्यूज डायरी

भारत में भी रहेगा चंद्र ग्रहण का असर

नई दिल्ली। आगामी 28-29 अक्टूबर को आंशिक चंद्र ग्रहण घटित होगा। हालांकि चंद्रमा 28 अक्टूबर की आधी रात को उपछाया में प्रवेश करेगा, ग्रहण की प्रच्छाया प्रावस्था 29 अक्टूबर के शुरुआती घंटे में शुरू होगी। ग्रहण मध्यरात्रि के आसपास भारत के सभी स्थानों से दिखाई देगा।इसकी असर यहां एक घंटा 19 मिनट तक रहेगा। केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय के अनुसार साल के आखिरी चंद्र ग्रहण को भारत के अलावा पश्चिमी प्रशांत महासागर, ऑस्ट्रेलिया, एशिया, यूरोप, अफ्रीका, पूर्वी दक्षिण अमरीका, उत्तर-पूर्वी उत्तरी अमरीका, अटलांटिक महासागर, हिंद महासागर तथा दक्षिण प्रशांत महासागर के क्षेत्रों से दिखाई देगा।

चुनाव परिणाम तय करेंगे गठबंधन का भविष्य : ओपी धनखड़

रोहतक। प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ ने कहा कि जेजेपी और भाजपा का गठबंधन का भविष्य आगामी विधानसभा चुनाव के परिणाम पर निर्भर करेगा। फिलहाल यह गठबंधन राज्य की सरकार को सफलतापूर्वक चला रहा है। उन्होंने कहा कि 2014 के चुनाव में भाजपा को पूर्ण बहुमत मिला इसलिए पार्टी ने कसी से गठबंधन नहीं किया, लेकिन 2019 के चुनाव में किसी पार्टी को बहुमत नहीं मिला था इसलिए सरकार चलाने के लिए जेजेपी से भाजपा ने गठबंधन किया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री बीरेंद्र सिंह की सीट उचाना है। वे वहां से चुनाव लड़ना चाहते हैं इसलिए गठबंधन पर जो वह कह रहे हैं, उनक अपना विचार है। पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा पर तंज कसते हुए कहा कि कांग्रेस के अध्यक्ष ने ही चार डिप्टी सीएम पर उनकी स्थिति स्पष्ट कर दी है। कांग्रेस अध्यक्ष ने बता दिया है कि डिप्टी सीएम बनाने का निर्णय सीडब्ल्यूसी करेगी और हुड्डा सीडब्ल्यूसी के सदस्य नहीं हैं।

मुख्यमंत्री ने खिलाड़ियों के लिए की महत्वपूर्ण घोषणाएं, मनोहर लाल बोले

पदक लाओ, करोड़ों पाओ

- झज्जर और पंचकूला में बनेंगी दो शूटिंग रेंज मनोहर लाल
- सीएम ने 19वें एशियाई खेलों के पदक विजेता व प्रतिभागी खिलाड़ियों को किया सम्मानित
- यमुनानगर और फरीदाबाद में बनेंगे तीरंदाजी के दो प्रशिक्षण केंद्र

शशिभूषण सैनी, भरोसा मित्र

चंडीगढ़ । हाल ही में चीन में आयोजित 19वें एशियाई खेलों में पदक जीतकर प्रदेश व देश का मान बढ़ाने वाले हरियाणा के खिलाड़ियों को उनकी उपलब्धि के लिए आज मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने सभी विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया। करनाल में पदक विजेता खिलाड़ियों व प्रतिभागी खिलाड़ियों के लिए आयोजित राज्य स्तरीय सम्मान समारोह में मुख्यमंत्री ने स्वर्ण पदक विजेता खिलाड़ियों को 3 करोड़ रुपये, रजत पदक विजेता को 1.5 करोड़ रुपये और कांस्य पदक विजेता खिलाड़ियों को 75 लाख रुपये नगद पुरस्कार, प्रशंसा पत्र और नौकरी का ऑफर लेटर देकर सम्मानित किया।

इस मौके पर उन्होंने कहा कि हरियाणा की खान-पान संस्कृति के अनुरूप इन विजेता खिलाड़ियों को एक-एक देसी घी का टीन (पीपा) भी दिया जाएगा। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को उनकी उपलब्धि के लिए बधाई व शुभकामनाएं दी और भविष्य में खेल प्रतियोगिताओं में जीत की कामना की।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने खिलाड़ियों के लिए कई महत्वपूर्ण घोषणाएं भी की। उन्होंने घोषणा करते हुए कहा कि शूटिंग में खिलाड़ियों को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार द्वारा जिला झज्जर के गांव निमाना तथा पंचकूला के सेक्टर-32 में शूटिंग रेंज स्थापित की जाएगी। इसके अलावा, जिला यमुनानगर के तेजली स्टेडियम में और फरीदाबाद के डिस्ट्रिक्ट स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स में दो केंद्र भी स्थापित किए जाएंगे।

सभी खेलों के उपकरण सरकार देगी

मुख्यमंत्री ने घोषणा करते हुए कहा कि गांवों व शहरों में जो स्थानीय खेल आयोजित किए जाते हैं, उन खेलों के दौरान विभिन्न उपकरणों की मांग आती है, इसके लिए सरकार ने नीति बनाई है, जिसके तहत सभी खेलों के उपकरणों को सरकार मुहैया करवाएगी। उन्होंने यह भी घोषणा की कि जो खेल राष्ट्रीय खेलों की सूची में शामिल नहीं हैं, ऐसे छोटे व स्थानीय खेलों की अन्य एसोसिएशन को भी इनाम के दायरे में लाने का सरकार काम कर रही है। इन खेलों के विजेता खिलाड़ियों को भी सामान्य खेलों की तर्ज पर विभिन्न पुरस्कार राशि प्रदान करके उन्हें प्रोत्साहित किया जाएगा, ताकि ऐसे सामान्य खेलों को और बढ़ावा मिल सके।

जनता को समर्पित किए 10 खेलो इंडिया केंद्र

इस समारोह से पहले मुख्यमंत्री ने खेलो इंडिया योजना के तहत हरियाणा में 10 खेलो इंडिया केंद्रों का उद्घाटन किया और उन्हें प्रदेशवासियों को समर्पित किया। ये केंद्र जिला अंबाला, फरीदाबाद, पलवल, यमुनानगर, जींद, झज्जर, चरखी दादरी, कुरुक्षेत्र, कैथल और भिवानी में स्थापित किए गए हैं। इन केंद्रों की स्थापना से हरियाणा में खेल इंफ्रास्ट्रक्चर में नये आयाम जुड़ेंगे। मनोहर लाल ने कहा कि केंद्रीय खेल मंत्रालय की ओर से हरियाणा के लिए 15 खेलो इंडिया केंद्रों की मंजूरी मिली है, जिनमें से 10 केंद्रों का आज उद्घाटन किया गया है और 5 और केंद्र भी अगले वर्ष स्थापित किए जाएंगे। ये 5 केंद्र हिसार, सिरसा, नूंह, सोनीपत और करनाल में खोले जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर से आग्रह करेंगे कि शेष 17 जिलों में भी खेलो इंडिया केंद्र स्थापित करने की मंजूरी दी जाए, ताकि सभी 22 जिलों में केंद्र खुलने से हम बच्चों को खेलों इंडिया व अन्य बड़ी प्रतियोगिताओं के लिए तैयार कर सकें। उन्होंने कहा कि हरियाणा का किसान, जवान और पहलवान धाकड़ है, इसलिए म्हारा हरियाणा धाकड़ है। आज का यह कार्यक्रम केवल सम्मान तक सहमत नहीं है, बल्कि यह गर्व और आभार का भी कार्यक्रम है। हमें गर्व है कि खेलों की दुनिया में हरियाणा ने अपना एक स्थान बनाया है। देश व विदेश में खेले जाने वाले खेलों में हरियाणा की भागीदारी औसतन 30-40 प्रतिशत मेडल की रहती है। इसलिए हमें अपने खिलाड़ियों पर गर्व है।

मुख्यमंत्री मनोहर लाल सराहना के पात्र : अनुराग सिंह ठाकुर

सम्मान समारोह के दौरान केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर का शुभकामना संदेश भी चलाया गया। इसमें उन्होंने कहा कि हरियाणा खेल भूमि बनी है और यहां के खिलाड़ियों ने बार बार खेलों में देश का ऊंचा किया है। एशियन गेम्स में आज तक के इतिहास में सबसे ज्यादा मेडल भारत ने इस बार 107 मेडल जीते हैं और चौथे स्थान पर रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने खिलाड़ियों को सुविधाएं प्रदान करने में कोई कसर नहीं छोड़ी है, उसी प्रकार मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में राज्य सरकार ने भी खिलाड़ियों को अब तक 300 करोड़ रुपये से भी अधिक राशि पुरस्कार स्वरूप दी है और लगभग 225 खिलाड़ियों को नौकरियां भी प्रदान की हैं। इसके लिए मुख्यमंत्री व उनकी टीम को बधाई। ऊर्जा मंत्री चौधरी रणजीत सिंह ने भी खिलाड़ियों को बधाई व शुभकामनाएं दी और खिलाड़ियों को पुरस्कार देने के लिए मनोहर लाल का आभार व्यक्त किया।

राजस्थान की उन्नति एवं प्रगति जेजेपी की प्राथमिकता : दुष्यंत चौटाला

इस प्रदेश से हमारा पुराना नाता, इस रिश्ते को मजबूती से आगे बढ़ाएंगे

भरोसा मित्र ब्यूरो

चंडीगढ़। हरियाणा के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा है कि राजस्थान की सरकार में जेजेपी की हिस्सेदारी होने पर हरियाणा की तर्ज पर न केवल किसानों को फसलों के बेहतर दाम, समय पर भुगतान और फसल खराबे पर उचित मुआवजा दिया जाएगा बल्कि फसल खरीद के लिए बेहतर मंडी व्यवस्था भी स्थापित की जाएगी। वह वे शुक्रवार को भरतपुर विधानसभा में जेजेपी की जन संकल्प यात्रा के दौरान स्थानीय लोगों को संबोधित कर रहे थे। दुष्यंत चौटाला भरतपुर में मेगा रोड शो के जरिए करीब 30 स्थानों पर क्षेत्र के लोगों से रूबरू हुए। इस दौरान उनका जगह-जगह पर पुष्प वर्षा के साथ जोरदार स्वागत किया गया। उन्होंने कहा कि महिलाओं को सुरक्षा देना जेजेपी की प्राथमिकता रहेगी। दुष्यंत चौटाला ने कहा कि राजस्थान को गैंगवार, खनन माफियाओं से मुक्ति दिलाई जाएगी। उन्होंने कहा कि यहां की जनता से मिल रहा स्नेह बता रहा है कि राजस्थान की उन्नति और प्रगति के लिए जेजेपी की चाबी विधानसभा चुनाव में अहम भूमिका निभाएगी।

मजबूती से निभाएंगे पुराना नाता

दुष्यंत चौटाला ने कहा कि जेजेपी हरियाणा से सटे राजस्थान के जिलों में 25 से 30 सीटों पर जोर-शोर से चुनाव लड़ने की तैयारी जुटी हुई है। राजस्थान से उनका पुराना नाता और इस नाते को हम मजबूती के साथ निभाएंगे। दुष्यंत चौटाला ने कहा कि राजस्थान की जनता ने सदैव जननायक चौधरी देवीलाल और उनकी विचारधारा को स्नेह दिया है। उन्होंने कहा कि चौधरी देवीलाल सीकर से सांसद बनकर देश के उपप्रधानमंत्री बने थे और जेजेपी राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अजय सिंह चौटाला नोहर और दातारामगढ़ से विधायक रहे है। डिप्टी सीएम ने कहा कि वर्ष 2003 में हमारे छह विधायक राजस्थान से बने थे। उन्होंने कहा कि जेजेपी इस बार राजस्थान के विधानसभा चुनाव में शिक्षित, अनुभवी मजबूत उम्मीदवार मैदान में उतारेगी और चुनाव जीतने के बाद वे प्रदेश की प्रगति के लिए कार्य करेंगे।

राजस्थान बदलाव के लिए पूरी तरह तैयार दिग्विजय चौटाला

जेजेपी की जन संकल्प यात्रा की कमान संभाल रहे जेजेपी प्रधान महासचिव दिग्विजय सिंह चौटाला ने कहा कि राजस्थान बदलाव के लिए पूरी तरह तैयार है। यहां के युवा, किसान, महिला सहित तमाम वर्ग कंधे से कंधा मिलाकर जेजेपी के साथ खड़े हैं। हमारी जड़ें राजस्थान में रही हैं और राजस्थान वासियों द्वारा जेजेपी को मिल रहे प्यार व विश्वास को हम सवाया करके लौटाएंगे। जेजेपी की जन संकल्प यात्रा नोहर, सूरतगढ़, श्रीगंगानगर, सीकर, दातारामगढ़, कोटपुतली होते हुए शुक्रवार को भरतपुर क्षेत्र में हुई। डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने भरतपुर पहुंचकर सर्वप्रथम महाराजा सूरजमल और बाबा भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए और उन्हें नमन किया। गांव बछामदी में दुष्यंत चौटाला ट्रैक्टर चलाकर पहुंचे। इस दौरान जेजेपी के प्रदेश प्रचार सचिव डॉ. मोहन सिंह सहित अन्य स्थानीय वरिष्ठ नेताओं ने भी स्थानीय लोगों को संबोधित किया।

अमित शाह 2 नवंबर को हरियाणा आएंगे

चंडीगढ़। हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने बताया कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह 2 नवंबर को हरियाणा के करनाल जिले में पहुचेंगे। केंद्रीय गृह मंत्री करनाल में आयोजित होने वाले अंत्योदय सम्मेलन में शिरकत करेंगे। उन्होंने कहा कि एक बड़ा सम्मेलन आयोजित किया जाएगा इसमें आयुष्मान भारत, पेंशन स्कीम व अन्य सुविधाओं से जुड़े लाभार्थियों को बुलाया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री से हरियाणा दिवस यानि 1 नवंबर का समय मांगा गया था लेकिन उस दिन का समय नहीं मिल पाया है। मुख्यमंत्री शुक्रवार को एशियाई खेलों में पदक जीतने वाले खिलाड़ियों के सम्मान समारोह उपरांत मीडिया के सवालों का जवाब दे रहे थे। एक सवाल का जवाब में उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार को रोकने के लिए एंटी करप्शन ब्यूरो पूरी तत्परता से काम कर रहा है। इससे भ्रष्टाचार पर रोक लगी है। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार करना पाप है, ऐसा करके हम समाज के साथ भूमिका नहीं निभाते बल्कि अन्याय करते हैं। भ्रष्टाचार कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, एंटी करप्शन ब्यूरो इसी तरह अपना काम करता रहेगा। एसवाईएल के सवाल सीएम ने कहा कि एसवाईएल का मामला सुप्रीम कोर्ट में है। सुप्रीम कोर्ट सही दिशा में अपने फैसले दे रहा है।

कार्यकर्ताओं के पसीने की हर बूंद सूद समेत वापस करूंगा: पाठक

उमेश गुप्ता, भरोसा मित्र

सोहना । यहां पर आज शहर में पलवल रोड स्थित महाराजा अग्रसेन भवन में गुरुग्राम और फरीदाबाद लोकसभा कार्यकर्ता सम्मेलन आम आदमी पार्टी ने आयोजित किया। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री संदीप पाठक ने कार्यकर्ताओं को गुरु मंत्र दिया। जिससे वर्ष-2024 लोकसभा व विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी मजबूती से चुनाव लड़े। विधानसभा में अपनी सरकार हरियाणा के अंदर बनाएं। कार्यकर्ता सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में बतौर राष्ट्रीय संगठन महामंत्री संदीप पाठक, प्रदेश अध्यक्ष डाक्टर सुशील गुप्ता, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनुराग ढाडा, चुनाव प्रचार समिति के अध्यक्ष अशोक तंवर, प्रदेश सचिव गुरुग्राम विधायक रहे उमेश अग्रवाल व पंजाब से गुरुग्राम लोकसभा प्रभारी लालचंद कटारु चक्र और फरीदाबाद लोकसभा प्रभारी ब्रहम शंकर जिंपा सहित कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाया। संदीप पाठक ने कहा कि एक-एक कार्यकर्ता की मेहनत खराब नहीं जाएगी और साथ में मैं वादा करता हूं कार्यकर्ताओं से आपकी हर बूंद पसीने का मैं सूद समेत वापस करूंगा। आम आदमी पार्टी दिल्ली, पंजाब, गुजरात चुनाव के बाद देश की राष्ट्रीय पार्टी में शामिल हुई। अब इस बार आप लोगों की मेहनत से हरियाणा विधानसभा में आम आदमी पार्टी सरकार आपके नेतृत्व में बनाने जा रही है।इसके लिए अब हमें और कड़ी मेहनत करनी होगी, जो लोग मेहनत करेंगे, वह कुर्सी के हकदार होंगे। पाठक ने कहा कि आज पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में पार्टी जिस प्रकार से आगे बढ़ रही है, उस मॉडल को देखने के लिए विदेश से भी लोग आ रहे हैं। आम आदमी पार्टी गरीब और किसानों की हितैषी पार्टी है। हमें भाजपा व अन्य पार्टियों का तरह झूठे वादे करना जनता से नही आता। आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डाक्टर सुशील गुप्ता ने कहा कि आज हमारी पार्टी आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल व राष्ट्रीय संगठन महामंत्री संदीप पाठक के नेतृत्व में एक मजबूत संगठन हरियाणा में नहीं पूरे देश के अंदर खड़ा हो रहा है। जिससे हमें विश्वास है कि आने वाले

गुरुग्राम और फरीदाबाद लोकसभा कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया

फैसला बिजली निगम के सेवानिवृत्त एसडीओ रोशन लाल हत्याकांड में अदालत ने सुनाया फैसला

नौ दोषियों को उम्रकैद, दो महिलाओं को तीन-तीन साल कैद

भरोसा मित्र ब्यूरो

रेवाड़ी। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश डॉ. सुशील कुमार गर्ग की अदालत ने बिजली निगम के सेवानिवृत्त अधिकारी रोशन लाल हत्याकांड में कोर्ट ने दोषी ठहराए गए 11 लोगों को सजा सुनाई है। इनमें नौ दोषियों को आजीवन कारावास व दो महिलाओं को 3-3 साल कैद की सजा दी गई है। इसके अलावा दोषियों को एक लाख 26 हजार रुपए का जुर्माना देना होगा। गौरतलब है कि अदालत ने तीन दिन पहले ही उन्हें दोषी ठहराया गया था, जबकि एक को बरी भी कर दिया था। शुक्रवार को इन्हें सजा सनाई गई। यह वारदात करीब साढ़े तीन साल पहले की है। दोषियों ने डकैती के बाद रोशन लाल की हत्या कर दी थी। उनकी पत्नी पर भी जानलेवा हमला किया गया था। शहर के मोहल्ला हंस नगर में रहने वाले रिटायर्ड एसडीओ रोशन लाल के घर पर 31 दिसंबर 2019 की रात इन बदमाशों ने हमला किया था। पहले इन्होंने दंपत्ति को बंधक बना लिया था। हिम्मत का परिचय देते हुए रोशन लाल ने इनका मुकाबला किया तो उन पर और उनकी पत्नी गुलाब देवी पर जानलेवा हमला किया गया। बदमाशों ने रोशन लाल को मौत के घाट उतार दिया और 3 लाख रुपए की नगदी व जेवरात लूट लिए। रामपुरा थाने मे एक जनवरी 2020 को हत्या, हत्या का प्रयास व डकैती का मामला दर्ज किया गया था। जांच के दौरान पुलिस ने रेवाड़ी की खड्डा बस्ती निवासी रिंकू उर्फ कालिया, गांव रामपुरा निवासी रवि उर्फ मतलू व सचिन उर्फ कपिल, दिल्ली नरेला के बीकानेर निवासी हारून उर्फ समीर, सुलेमान नगर निवासी महेश उर्फ टोडा, सुलतानपुरी निवासी अर्जुन व सूरज उर्फ पाले और पानीपत के गांव सिवाह निवासी आरिफ, जुबेदा, सोनिया, अशलम व विक्की उर्फ सोनू उर्फ इरफान को गिरफ्तार किया था।

पुलिस ने इन आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दायर की थी। उसने अदालत में साक्ष्य प्रस्तुत किए और गवाहों के बयान भी दर्ज कराए। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अदालत ने रिंकू उर्फ कालिया, रवि उर्फ मतलू, सचिन उर्फ कपिल, हारून उर्फ समीर, महेश उर्फ टोडा, अर्जुन, सूरज उर्फ पाले, आरिफ, जुबेदा, सोनिया व विक्की उर्फ सोनू उर्फ इरफान को 3 दिन पहले दोषी करार दिया था

अदालत के आदेश, दोषियों को एक लाख 26 हजार रुपये का जुर्माना भी देना होगा

जान से मारने का प्रयास, दो आरोपियों को 5-5 साल की सजा

गुरुग्राम। महिला को जान से मारने के प्रयास के मामले की सुनवाई करते हुए अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुनील कुमार दीवान की अदालत ने पुख्ता सबूतों व गवाहों के आधार पर दोनों आरोपियों को दोषी करार देते हुए 5-5 साल की कैद व 60-60 हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई। जुर्माने का भुगतान न करने पर दोषियों को एक साल का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले के सोहना क्षेत्र के गांव हरचंदपुर में प्लॉट को लेकर 23 दिसम्बर 2017 को 2 पक्षों में विवाद हो गया था। जिसमें एक महिला को गंभीर चोटें भी आई थी। पीड़ित पक्ष ने सोहना पुलिस थाना में गांव के ही 2 आरोपियों ओमपाल व सोहनपाल के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी कि उन्होंने महिला को जान से मारने के प्रयास में काफी चोटें पहुंचाई हैं। जिस पर पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ 23 दिसम्बर 2017 को भादंस की धारा 307, 109 व 452 के तहत मामला दर्ज कर आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। बाद में दोनों आरोपियों की जमानत भी हो गई थी। मामला अदालत में चला। अभियोजन पक्ष ने अदालत में जो सबूत व गवाह पेश किए, उनसे आरोपियों पर लगे आरोप सिद्ध होना पाते हुए अदालत ने दोनों आरोपियों को उक्त धाराओं में 5-5 साल की कैद व 60-60 हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माने का भुगतान न करने पर दोषियों को एक साल का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

खबर फटाफट

दीपावली के अवसर पर मिलेगी भरपूर बिजली : नेहरा

सोहना : बिजली निगम में डिवीजन प्रभारी और कार्यकारी अभियंता मनोज नेहरा व डिवीजन प्रभारी व उपमंडल अधिकारी मुकेश गौड़ तथा अपर अभियंता सुमित गर्ग ने बताया कि दीपावली के अवसर पर बिजली व्यवस्था अच्छे से चाक-चौबंद बनाने के लिए निगम अभी से तैयारियों में जुट गया है। मौसम बदलने से भी बिजली खपत में कुछ कमी आई है। उन्होंने बताया कि गर्मियों में जहां प्रतिदिन 2 करोड़ यूनिट बिजली खपत हो रही थी, वह घटकर अब डेढ़ से पौने 2 करोड़ यूनिट रह गई है, लेकिन जैसे-जैसे सर्दियां ज्यादा बढ़ेगी, बिजली की खपत भी उसी अनुपात में बढ़ती जाएगी। इसलिए बिजलीनिगम ने अभी से पर्याप्त बिजली आपूर्ति के लिए अपनी तैयारियां शुरू कर दी हैं। बिजली लाइनों अथवा केबल के बीच में पेड़ों की जो टहनियां आ रही हैं, उन्हें हटाने के निर्देश दिए हैं। जंपरों व ट्रांसफार्मरों को चेक कर उनका सही से रख-रखाव किए जाने को कहा गया है। जो केबल अथवा ट्रांसफार्मर आदि खराब हैं, उन्हें बदले जाने की तैयारी हो रही है।

उपासकों ने मां कात्यायनी की उपासना की,मंदिरों में गूंजे जयकारे

सोहना : नवरात्रों के छठे दिन शुक्रवार को मंदिरों में मा कात्यायनी की पूजा की गई। इस मौके पर श्रद्धालु माता के जयकारे लगाते हुए झूमते नजर आए। देखने में आ रहा है कि मंदिरों में नंगे पैर आए श्रद्धालु पूरी श्रद्धापूर्वक लाइनों में लगकर माता के दर्शन कर रहे हैं। माता के जयकारे लगा रहे श्रद्धालुओं में व्रत रखे होने के बावजूद जोश व उत्साह देखने को मिल रहा है। पंडित चमनपुरी गौस्वामी, वेदप्रकाश शास्त्री, लोकेश भारद्वाज, रमेश शास्त्री, मास्टर अनिल वशिष्ठ, दिनेश शास्त्री, अनिल कोकी, पंडित छाजूराम भौंड़सिया की माने तो मां कात्यायनी की विधिवत रूप में पूजा अर्चना करनी चाहिए। उन्होंने बताया कि कात्यायन ऋषि की पुत्री के रूप में जन्म लेने के कारण उनके इस स्वरूप का नाम कात्यायनी पड़ा। कात्यायन ऋषि ने देवी को पुत्री रूप में पाने के लिए मां भगवती की कठोर तपस्या की थी और इसी स्वरूप में मां ने महिषासुर का वध किया था। देवी कात्यायनी फलदायिनी है और दानवों तथा पापियों का नाश करने वाली है।

होटल और ढाबों में तंदूर जलाने से बढ़ रहा प्रदूषण

सोहना : शहर में आज भी जगह-जगह होटल, ढाबों पर तंदूर में लकड़ी से तो कहीं कोयले से काम करने से प्रदूषण को बढ़ावा मिल रहा है। उनके मालिक प्रदूषण नियंत्रण के नियमों को पालन नहीं कर रहे हैं। लकड़ी और कोयले के जलाने से पैदा हो रहे प्रदूषण से आम लोगों को परेशानी हो रही है।

इस मौके पर पूर्व जिलापार्षद धर्मेन्द्र खटाना, पूर्व जिलापार्षद पूनम भामला, चौधरी निहाल सिंह धारीवाल एडवोकेट, बलराज भड़ाना, राकेश शर्मा सांचौलिया, युवा समाजसेवी विनायक गुप्ता एडवोकेट, कांग्रेस नेता चौधरी रोहताश बेदी आदि पर्यावरण प्रेमियों का कहना है कि जीवन के लिए स्वच्छ जल, स्वच्छ हवा व पौष्टिक भोजन जरूरी है।

स्वदेशी अपनाने पर दिया जोर

सोहना : श्री शांति सागर कन्या महाविद्यालय प्रबंधन समिति चेयरमैन और जैन समाज के प्रमुख समाजसेवी राकेश जैन ने क्षेत्रवासियों से आग्रह किया है कि वह चाइनीज सामान का बहिष्कार कर स्वदेशी को अपनाए। इससे लघु उद्योगों को बढ़ावा और बेरोजगारों को रोजगार मिलेगा। देश का पैसा चीन में जाने से रूकेगा। उन्होने कहा कि पाकिस्तान का साथ देने से चीन हमारे देश के लिए पाकिस्तान से ज्यादा बड़ा खतरा बन गया है। चीन को सबक सिखाने के लिए जरूरी है कि चाइनीज आइटमों का बहिष्कार कर स्वदेशी को बढ़ावा दे। यदि भारतीय चीन निर्मित वस्तुओं की खरीद-फरोख्त छोड़ दे तो चीन की अर्थव्यवस्था गड़बड़ा जाएगी। ऐसे में चीन की आर्थिक रूप से कमर टूट जाएगी। वक्त की जरूरत है कि चीन को उसकी औकात बताई जाए।

शुक्रवार को शहर में सामाजिक संस्था सोहना जागृति मंच द्वारा अपने सम्मान में आयोजित सभा में उपस्थितों के बीच राकेश जैन ने कहा कि आज समाज में जागरूकता लाने की जरूरत है और यह जागरूकता तभी आएगी, जब हम और आप मिलकर प्रयास करेंगे तथा चीन निर्मित वस्तुओं को ना तो खरीदे जाने और ना बेचे जाने का संकल्प राष्ट्र हित में सामूहिक रूप से लेंगे। उन्होंने कहा कि प्रत्येक भारतीय के लिए पहले राष्ट्र है।

आवारा पशुओं की रोकथाम की मांग

सोहना: शहर में बाजार के भीतर और दिल्ली-अलवर नेशनल हाईवे पर हो रहे हादसों का मुख्य कारण बेसहारा पशु है। देखने में आ रहा है कि दिल्ली-अलवर नेशनल हाईवे पर सोहना शहर में जगह-जगह बेसहारा पशु विशेषकर गाय, बिजार आदि घूमते और बैठे रहते है। तेज गति से आने वाली गाड़ियों के आगे अचानक पशु आने से वाहन चालक को ब्रेक लगाने पड़ते है। ऐसे में वाहन असंतुलित होने पर हादसा हो जाता है।

इसके अलावा बाजार में भी प्रमुख चौक-चौराहों और गली, मोहल्लों में भी बेसहारा गायों, बिजार, बंदरों, कुत्तों का बोलबाला है। लोगों ने कई बार शासन-प्रशासन से गुहार लगाई कि शहर में बेसहारा घूमने वाली गायों को पकड़ कर गौशालाओं में भिजवाया जाए। बंदरों को पकड़ कर राजस्थान के पांडुपोल भेजा जाए। गांव बिल्हाका के सरपंच रहे सतीश गुर्जर, गौभक्त राजीव शर्मा, विनायक गुप्ता एडवोकेट, मास्टर अमीचंद गर्ग, संजय गर्ग, प्रवेश गर्ग, पवन सिंगला, ठाकुरदास शर्मा, कर्मपाल बोकन, सतीश अघाना आदि प्रमुख लोगों का कहना है कि नगरपरिषद प्रशासन को जनहित में इस तरफ विशेष ध्यान देना चाहिए।

मोबाइल ट्रांसफार्मर से की जाएगी बिजली आपूर्ति

सोहना: बिजली निगम में डिवीजन प्रभारी और कार्यकारी अभियंता मनोज नेहरा की माने तो बिजलीनिगम ने शहरी क्षेत्र में ट्रांसफार्मर फूकने पर बिजली आपूर्ति बाधित होने की स्थिति में मोबाइल ट्रांसफार्मर से बिजली आपूर्ति उपलब्ध कराए जाने का निर्णय लिया है। उन्होंने बताया कि शहरी क्षेत्र में बिजली ट्रांसफार्मर जलने पर चौबीस घंटे के भीतर और ग्रामीण क्षेत्र में बिजली ट्रांसफार्मर जलने पर अड़तालीस घंटे के भीतर बदलने के निर्देश दिए गए है। किसी भी सेक्टर या सोसायटी में ट्रांसफार्मर फूकने पर शहर वाला नियम लागू होगा। उन्होंने बताया कि बिजलीनिगम ने उपभोक्ताओं को बिजली की अच्छी सप्लाई देने के लिए नए मोबाइल ट्रांसफार्मर मंगाए है। प्रत्येक डिवीजन कार्यालय स्थल पर चार-चार ट्रांसफार्मर उपलब्ध रहेंगे। जरूरत पडने पर किसी भी क्षेत्र में बिजली बाधित होते ही मोबाइल ट्रांसफार्मर के जरिए आधे घंटे में बिजली सप्लाई चालू कर दी जाएगी। बताया कि लोगों को असुविधा नहीं होने दी जाएगी।

शिवनगरी में तीनों स्थानों पर हो रहा है रामलीला का आयोजन

बढ़ती भीड़ के मद्देनजर पुलिस ने किए बेहतर प्रबंध

शहर में तीनों रामलीलाओं में दर्शकों की संख्या प्रतिदिन बढ़ती जा रही है, इसे देखते हुए पुलिस की ओर से बेहतर प्रबंध किए गए हैं

उमेश गुप्ता,भरोसा मित्र

सोहना। शहर में प्राचीन हनुमानबगीची, स्थानीय पंजाबी धर्मशाला और स्टेडियम में श्री शिव रामलीला कमेटी द्वारापिछले वर्षों की तरह रामलीला का आयोजन किया जा रहा है।बढ़ती भीड़ के लिए पुलिस प्रशासन का भी प्रबंध बेहतर नजर आ रहा है।रामलीला के कारण कहीं अव्यवस्था फैलने के समाचार नहीं हैं।

यहां पर श्री शानदार रामलीला क्लब द्वारा प्राचीन हनुमानबगीची में आयोजित श्रीराम की लीला में रामलीला मंचन के दौरान रावण ने अपनी मायावी रचना के तहत मारीच को स्वर्ण मृग बनाकर भेजा। जिसे देखते ही सीता मंत्र मुग्ध हो गई। श्रीराम जी जब सीता माता के कहने पर उस स्वर्ण मृग के पीछे दौडे तो मृग रूपी मारीच श्रीराम जी का बाण लगने पर मारीच ने श्रीराम की आवाज में जब लक्ष्मण को पुकारा तो सीता जी ने लक्ष्मण को श्रीराम जी की सहायता के लिए भेजा। लक्ष्मण के जाते ही पीछे से पंचवटी में रावण आया और छल से सीता जी को हर कर ले गया। रास्ते में जटायु-रावण के बीच युद्ध हुआ। प्रभु श्रीराम सीता जी को खोजते हुए शबरी के आश्रम में आते है और शबरी को 9 प्रकार की भक्ति का ज्ञान देते है। वहां से श्रीराम व लक्ष्मण पंपासर सरोवर पर जाते है, जहां उनकी भेंट हनुमान जी से होती है। हनुमान जी उन्हे अपने महाराज सुग्रीव के पास ऋष्युमुक पर्वत पर ले जाते है। वहां श्रीराम जी की तथा सुग्रीव की मित्रता हुई। सुग्रीव श्रीराम जी को बताते है कि किस तरह उनके भाई बालि ने उनकी पत्नी को उनसे छीन लिया। सुग्रीव के आग्रह पर श्रीराम जी बालि

पंजाबी धर्मशाला में हुआ भरत मिलाप का मंचन

स्थानीय पंजाबी धर्मशाला में श्री सनातन धर्म रामलीला कमेटी द्वारा आयोजित श्रीराम की लीला में भरत मिलाप का मंचन किया गया। श्रीराम को वनवास भेजने की बात पर भरत अपनी मां कैकेयी से वाद-विवाद के बाद श्रीराम को लेने के चल पड़ते है। जैसे ही भरत के श्रीराम से मिलने के लिए वन में आने वाली सूचना लक्ष्मण को मिलती है तो वह आग-बबूला हो जाते है। वे उसे मारने की घोषणा कर देते हैं। इस बीच राम उसे समझाते हैं कि ऐसा नही हो सकता कि भरत ने उन्हें वनवास दिलाकर राजगददी हथियाने का प्रयास किया हो। भरत ऐसा कभी नही कर सकता। यह विश्वास राम अपने छोटे भाई लक्ष्मण को दिलाते हैं। जैसे ही भरत वहां पहुंचा तो राम को देखकर वह उनके चरणों में गिर गया। भरत बड़े भाई राम को वापस अयोध्या ले जाने की जिद करते हैं, लेकिन राम वापस लौटने को तैयार नहीं होते। इस पर भरत श्रीराम से अनुरोध करते हैं कि वे अपनी चरण पादुका उन्हें दे दे ताकि वे राजगददी पर उन्हें ले जाकर रखकर उनकी पूजा करते रहे। राम अपनी चरण पादुकाएं भरत को देते हैं और गीत बजता है-राम भक्त ले चला रे राम की निशानी, शीश पर खड़ाऊं-अंखियों में पानी। शीश खड़ाऊं ले चला ऐसे, राम-सिया जी संग हो जैसे, अब इनकी छांव में रहेगी राजधानी।

आयोजकों ने बताया कि रामलीला में आ रहे श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं। उमड़ रहे जनसैलाब को देख रामलीला मंचन करने वाली कमेटी खासी उत्साहित हैं। बढ़ती भीड़ के लिए पुलिस प्रशासन का भी प्रबंध बेहतर नजर आ रहा है।

रावण ने किया सीता का हरण

शहर के स्टेडियम में श्री शिव रामलीला कमेटी द्वारा आयोजित श्रीराम की लीला में रामलीला मंचन के दौरान मर्यादा पुरुषोतम श्रीराम व लक्ष्मण सीता के संग पंचवटी कुटिया में बैठे होते हैं, तब एक सुंदर महिला वहां घूमती हुई आती है और श्रीराम व लक्ष्मण दोनों भाइयों के रूप यौवन को देखकर मोहित हो उठती है तथा प्यार में पागल हो दोनों भाइयों के सामने शादी का प्रस्ताव रखती है। श्रीराम द्वारा शादी से इंकार करने पर लक्ष्मण पर डोरे डालती है और लक्ष्मण से कहती है मैं सुंदर हूं और मेरा नाम शूपर्णखा है। शादी कर लो, लेकिन जब उसकी दाल नहीं गलती है तो सीता के लिए अपशब्द बोलने लगती है। ऐसे में क्रोधित होने पर लक्ष्मण सुंदरी शूपर्णखा की नाक काट देते हैं। जैसे ही शूपर्णखा की नाक लक्ष्मण काटते है । इसके बाद खर, दूषण व राम के बीच युद्ध होता है। रावण ने अपनी मायावी रचना के तहत मारीच को स्वर्ण मृग बनाकर भेजा। जिसको देखते ही मंत्र मुग्ध हो गई। श्रीराम जी जब सीता माता के कहने पर उस स्वर्ण मृग के पीछे दौडें तो मृग रूपी मारीच श्रीराम जी का बाण लगने पर मारीच ने श्रीराम की आवाज में जब लक्ष्मण को पुकारा तो सीता जी ने लक्ष्मण को श्रीराम जी की सहायता के लिए भेजा। लक्ष्मण के जाते ही पीछे से पंचवटी में रावण आया और छल से सीता जी को हर कर ले गया। प्रभु श्रीराम सीता जी को खोजते हुए शबरी के आश्रम में आते है और शबरी को 9 प्रकार की भक्ति का ज्ञान देते हैं।

का वध कर देते हैं।

तीनों स्थानों के आयोजकों ने बताया कि कलाकारों के अभिनय से दर्शक बंध जाते हैं। उनकी कमेटियों की ओर से पूरी व्यवस्था को बेहतर बनाया गया है। इनमेंसनातनधर्मसभा राममंदिर के प्रधान लवली जुनेजा, रामलीला कमेटी के प्रोजेक्ट चेयरमैन व युवा समाजसेवी विनीत रतड़ा, पंजाबी महासंघ के अध्यक्ष व नगरपार्षद हरीश नंदा राजू, चंद्रभान रतड़ा, उमेश जुनेजा कोकी, गुलशन आहूजा, पप्पू पठान, विपिन मल्होत्रा, श्री सनातन धर्मसभा राममंदिर के पूर्व प्रधान डाक्टर नरेश पाहुजा व विमलेश गोस्वामी, देविन्द्र आहूजा,श्री शिव रामलीला कमेटी के सरंक्षक जयप्रकाश सिंगला भट्ठे वाले, प्रधान चौधरी बहाल सिंह खटाना, देविन्द्र अग्रवाल, राजेन्द्र प्रसाद, अशोक कुमार जैन, श्यामलाल बघेल आदि शामिल हैं।

देश की सुरक्षा में महिलाओं का योगदान कम नहीं : संजय सिंह

महिला बाइकर्स का अभिनंदन किया और उन्हें आगे की यात्रा के लिए शुभकामनाएं दी

उमेश गुप्ता, भरोसा मित्र

सोहना। गांव कादरपुर स्थित केन्द्रीय रिजर्व पुलिसबल केन्द्र में शुक्रवार को शिलांग और जम्मू से बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ और राष्ट्रीय एकता का संदेश लेकर निकली 100 महिला बाइकर्स का यहां पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया।

केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की ये यशस्विनी बाइकर्स 31 अक्तूबर को सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर गुजरात के साबरमती किनारे एकतानगर पहुंचकर दिवगंत लौहपुरुष को नमन करेंगी। सीआरपीएफ ग्रुप सैंटर में मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित सोहना हलका से भाजपा विधायक संजय सिंह ने महिला बाइकर्स का अभिनंदन किया और उन्हें आगे की यात्रा के लिए शुभकामनाएं दीं।

संजय सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महिला सशक्तिकरण पर विशेष बल देते हुए बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान की शुरूआत की थी। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने राज्य में सदा महिलाओं के मान-सम्मान

को बढ़ावा दिया है। विधायक ने कहा कि एक लंबी यात्रा करते हुए ये महिला जवान बुलेट मोटरसाइकिल पर कादरपुर पहुंची हैं, जोकि हमारे लिए खुशी की बात है। देश की सुरक्षा में महिलाएं अब जवानों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चल रही हैं। आजादी के अमृत महोत्सव की इस बेला में ये महिलाएं हमारे देशवासियों को राष्ट्रीय एकता का संदेश देते हुए आज यहां आई हैं।

उन्होंने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल ने समस्त भारतवर्ष को एकता एवं अखंडता के सूत्र में पिरोने का काम किया था। उनकी जयंती पर इन महिला जवानों का जम्मू, शिलांग और कन्याकुमारी से तीन जत्थों के रूप में गुजरात के एकता नगर में जाना देशवासियों को बेटियों की रक्षा के लिए और प्रेरित करेगा।

सीआरपीएफ के डीआईजी दिलीप सिंह अंबेश ने दोनों यशस्विनी टीमों का स्वागत करते हुए कहा कि ये महिला बाइकर्स गुजरात पहुंचने तक करीब दस हजार किलोमीटर का सफर तय करेंगी। ये तीनों टीमें तीन अक्तूबर को देश के तीन भूभाग जम्मू, शिलांग और कन्याकुमारी से एकता नगर के लिए रवाना हुई हैं। कादरपुर से इंडिया गेट होते हुए ये अब गुजरात की ओर जाएंगी।

मुख्य अतिथि विधायक संजय सिंह के साथ उन्होंने यशस्विनी टीमों के लीडर उप कमांडेंट तारा देवी और अमित जोशी को सम्मानित किया।

कौन-कौन रहा शामिल

इसके अलावा महिला खिलाड़ी सृष्टि, अदिति कुमारी, दृष्टि, गीता यादव, प्रिया यादव, रितु यादव, लाइफ अदलखा व ध्रवी को सीआरपीएफ की ओर से सम्मानित किया गया। सभी सीआरपीएफ अधिकारियों ने महिला बाइकर्स के हौंसले की तारीफ की। अंत में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के कमांडेंट आशीष कुमार झा ने सभी अतिथिगण का आभार व्यक्त किया। समारोह में कलाग्राम की टीम ने मनभावन सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिनमें देशभक्ति और लाडली बिटिया के स्नेह की महक दिखाई दी। इस मौके पर सहायक कमांडेंट पंकज कुमार, उप कमांडेंट अमर कुमार, शिखा गुप्ता सहित अनेक अधिकारी मौजूद रहे।

परीक्षा के कारण 21 व 22 अक्टूबर को बंद रहेंगे कोचिंग सेंटर

डीसी आनंद शर्मा ने कोचिंग सेंटर संचालकों व अधिकारियों के साथ की बैठक, निर्देश दिए

भरोसा मित्र

फरीदाबाद। एडीसी आनंद शर्मा ने कहा कि फरीदाबाद में 21 व 22 अक्टूबर को ग्रुप डी के लिए आयोजित सीईटी 2023 की परीक्षा में नकल रहित, पारदर्शी एवं शांतिप्रिय तरीके से संपन्न कराने के लिए प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। एडीसी आनंद शर्मा ने शुक्रवार को लघु सचिवालय के बैठक कक्ष में कोचिंग सेंटर संचालक व अधिकारियों के साथ बैठक की। एडीसी आनंद शर्मा ने कहा कि जिला फरीदाबाद में 21 व 22 अक्टूबर को आयोजित सीईटी 2023 की ग्रुप डी परीक्षा के लिए को नकल रहित व पारदर्शी कराने के मद्देनजर जिले के सभी कोचिंग सेंटर बंद रखने का निर्णय लिया गया है।

बैठक मे उन्होंने कोचिंग सेंटर संचालकों से आह्वान किया कि वह नकल रहित, पारदर्शी एवं शांतिप्रिय तरीके से संपन्न कराने में सरकार व प्रशासन का सहयोग करें। उन्होंने कहा कि जिला के सभी कोचिंग सेंटर 21 व 22 अक्टूबर को पूरी तरह बंद रहेंगे ताकि जिला प्रशासन नकल रहित परीक्षा का संचालन कर सके। कोचिंग सेंटर संचालक पेपर लीकेज व नकल संबंधी किसी भी गतिविधि में संलिप्त न हों तथा इस बारे में विशेष रूप से सजग एवं सतर्क रहें।

संलिप्तता पाए जाने पर होगी कार्रवाई

एडीसी आनंद शर्मा ने कहा कि ने सभी कोचिंग सेंटर संचालकों को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कहा कि जो भी कोचिंग सेंटर निर्देशों की उल्लंघनता करता है और पेपर लीक मामले में कोचिंग सेंटर की संलिप्तता सामने आती है तो प्रशासन की ओर से कोचिंग सेंटर व संचालक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

आज बंद रहेंगे जिले के सभी सरकारी और निजी स्कूल

भरोसा मित्र

रेवाड़ी। हरियाणा सरकार ने ग्रुप डी की सीईटी परीक्षा के मद्देनजर शनिवार 21 अक्टूबर को प्रदेश के सभी सरकारी व निजी स्कूलों में अवकाश की घोषणा की है। सीईटी की ग्रुप डी की परीक्षा के चलते शनिवार 21 अक्टूबर को जिला रेवाड़ी के सभी सरकारी तथा निजी स्कूल बंद रहेंगे।

डीसी राहुल हुड्डा ने बताया कि स्कूल शिक्षा निदेशालय द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार सभी सरकारी और निजी स्कूल सीईटी ग्रुप डी के पदों की लिखित परीक्षा के मद्देनजर 21 अक्टूबर 2023 को स्कूलों में गैर-कार्य दिवस घोषित करेंगे। परीक्षा की संवेदनशीलता को ध्यान में रखते हुए परीक्षा ड्यूटी के लिए नियुक्त नहीं किए गए कर्मचारियों को परिसर में प्रवेश करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। सरकारी आदेशों के अनुसार जिन अध्यापकों की ग्रुप डी परीक्षा में ड्यूटी लगाई गई है उन्हें छोड़कर कोई भी अध्यापक शनिवार 21 अक्टूबर को स्कूल में नहीं आएगा।

श्रमिकों को कानूनी अधिकारों व सरकारी योजनाओं बारे किया जागरूक

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से श्रामिकों के लिए आयोजित किया गया जागरूकता शिविर

भरोसा मित्र

रेवाड़ी। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रेवाड़ी के चेयरमैन व जिला एवं सत्र न्यायाधीश विमल कुमार के निर्देशानुसार ढालियावास चौक पर मजदूर वर्ग को कानूनी जानकारी व सरकारी योजनाओं का लाभ देने के लिए जागरूकता शिविर लगाया गया।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पैनल एडवोकेट नितेश अग्रवाल ने श्रमिको को सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी। एडवोकेट नितेश अग्रवाल ने बताया कि जिला एवं सत्र न्यायधीश विमल कुमार व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव वर्षा के जैन के मार्गदर्शन में यह जागरूकता शिविर लगाया गया है। उन्होंने उपस्थिति श्रमिको को बताया कि लगभग जिले के हर गांव व मौहल्ले में श्रमिक वर्ग रहता है परन्तु जागरूकता के अभाव में वह सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं व अपने कानूनी अधिकारों का लाभ नहीं ले पाता है।

कल्याण एवं उत्थान के लिए चलाई जा रही हैं अनेक योजनाएं

एडवोकेट नितेश अग्रवाल ने कहा कि सरकार द्वारा श्रमिकों के कल्याण एवं उत्थान के लिए अनेक योजनाएं क्रियांवित की जा रही हैं। सरकार द्वारा मजदूरों को पंजीकृत निर्माण कर्मकार की पुत्री के लिए इलैक्ट्रिक स्कूटर की खरीद के लिए प्रोत्साहन, कोचिंग कक्षाओ के लिए वित्तीय सहायता, व्यवसायिक/तकनीकी संस्थानों में हॉस्टल सुविधा हेतु वित्तिय सहायता, विधवा पैंशन, कामगारों के मेधावी बच्चों (छात्रों) के लिए प्रोत्साहन राशी (10वी और 12वी), प्रोफेशनल/टेक्निकल कोर्सेज के लिए वित्तीय सहायता, शिक्षा के लिए वित्तिय सहायत, बच्चों की शादी पर वित्तीय सहायता (सुपुत्री), मातृत्व लाभ, पितृत्व लाभ, औजार (टूल किट) खरीदने हेतु उपदान, मुख्यमंत्री महिला श्रमिक सम्मान योजना, सिलाई मशीन योजना, साईकिल योजना, कन्यादान योजना, बच्चों की शादी पर वित्तीय सहायता (सुपुत्र व सुपुत्री), पैतृक घर जाने पर किराया, मुफ्त भ्रमण सुविधा, अक्षम बच्चों को वित्तीय सहायता, अंपगता सहायता, अंपगता पैंशन, चिकित्सा सहायता (मजदूरी क्षतिपूर्ति), घातक बीमारियों के ईलाज के लिए वित्तिय सहायता, मकान की खरीद निर्माण हेतु ऋण, पेंशन की योजना, परिवारिक पेंशन, मुख्यमंत्री सामजिक सुरक्षा योजना, मृत्यु सहायता, दाह संस्कार हेतु आर्थिक सहायता, अपंजीकृत श्रमिक की मृत्यु पर वित्तिय सहायता जैसी मुख्य योजनाएं है। बताया गया कि इन सभी योजनाओं का लाभ लेने के लिए श्रमिकों को विभाग में स्वयं को पंजीकृत करवाना होगा जिसके बाद ही इन सब योजनाओं का लाभ उठाया जा सकता है।

इस अवसर पर गांव ढालियावास के सरपंच पति बलराज यादव व समाजसेवी भगत सिंह सामरिया भी विशेष रूप से मौजूद रहे।

वरिष्ठ नागरिकों व दिव्यांगजनों के लिए 25 से 31 तक आयोजित होंगे पंजीकरण शिविर

रेवाड़ी : जिला रेडक्रास सोसायटी रेवाड़ी द्वारा भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम एलिम्का कानपुर के माध्यम से केंद्र सरकार की राष्ट्रीय व्योश्री योजना व अरावली पावर कंपनी लि. झाड़ली झज्जर की सीएसआर योजना के तहत वरिष्ठ नागरिकों को वॉकर, व्हील चेयर, कान की मशीन, छड़ी, व्हील कमोड सहित सिलिकॉन फोन तकिया, नी ब्रेस, सामइनल स्पोर्ट, रवाइकल कॉलर, फुट वियर किट आदि सहायक यंत्र व उपकरण तथा सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय की एडीआईपी योजना के तहत दिव्यांगजनों को बैटरी चालित तिपहिया साईकिल, पहिया कुर्सी, बैशाखी, कृत्रिम अंग आदि सहायक उपकरण प्रदान करने के लिए जिला के विभिन्न खंडों में 25 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक पंजीकरण शिविर आयोजित किए जाएंगे।डीसी एवं अध्यक्ष जिला रेडक्रॉस सोसायटी रेवाड़ी राहुल हुड्डा ने जानकारी देते हुए बताया कि बुधवार 25 अक्टूबर को रावमावि कोसली, गुरूवार 26 अक्टूबर को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बावल, शुक्रवार 27 अक्टूबर को बीडीपीओ डहीना, शनिवार 28 अक्टूबर को बीडीपीओ जाटूसाना, रविवार 30 अक्टूबर को आईटीआई कुंड तथा सोमवार 31 अक्टूबर को हेमचंद्र विक्रमादित्य सामुदायिक भवन मॉडल टाउन रेवाड़ी में बजे तक निशुल्क पंजीकरण शिविर आयोजित कर पंजीकरण किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि वरिष्ठ नागरिकों को अपने साथ आधार कार्ड व आय प्रमाण पत्र की फोटो प्रति के साथ दो पासपोर्ट साइज फोटो लानी होगी जबकि दिव्यांगजनों को दिव्यांगता प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, आय प्रमाण पत्र व दो पासपोर्ट साइज फोटो साथ लेकर आनी है। उन्होंने वरिष्ठ नागरिकों व दिव्यांगजनों से आह्वान किया कि वे पंजीकरण शिविरों का ज्यादा से ज्यादा लाभ उठाएं।

अभ्यर्थियों को मुफ्त लेकर जाएंगी व लाएंगी हरियाणा राज्य परिवहन की बसें

रेवाड़ी : हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग द्वारा नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) के सहयोग से 21 व 22 अक्टूबर को ग्रुप डी के पदों के लिए आयोजित की जाने वाली सामान्य पात्रता परीक्षा (सीईटी) के लिए अभ्यर्थियों को हरियाणा राज्य परिवहन की बसों में निशुल्क यात्रा की सुविधा प्रदान की जाएगी। रोडवेज की बसों में अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्र तक ले जाने व वापस लाने के लिए एडमिट कार्ड के माध्यम से ही फ्री यात्रा की सुविधा प्रदान की जाएगी।महाप्रबंधक रोडवेज रवीश हुड्डा ने बताया कि जिला से हजारों की संख्या में युवा अन्य जिलों में परीक्षा देने के लिए जाएंगे।

गलत प्रवृत्ति कक्षाओं में बैठकर चला रहे यू-ट्यूब

छात्र कर रहे टेबलेट का कर रहे दुरुपयोग

इस बारे में शिक्षा विभाग के स्थानीय अधिकारी अनभिज्ञता जताते हुए कुछ भी कहने से बच रहे हैं

उमेश गुप्ता, भरोसा मित्र

सोहना । शासन की तरफ से विद्यार्थियों को दिए गए टैबलेट का गलत इस्तेमाल ना हो, इसके लिए सरकार व शिक्षा निदेशालय ने भले ही टेबलेट में डिवाइस मैनेजमेंट साफ्टवेयर यानि एसडीएम को अपडेट कर दिया है। इसके बावजूद भी कई विद्यार्थी अपने टेबलेट में यू-टयूब, फेसबुक, वाटसअप समेत अन्य साइट्स चोरी-छिपे चलाने से बाज नही आ रहे हैं।

ऐसे में कई दुकानदारों की चांदी बन आई है और चालाक प्रवृत्ति वाले दुकानदार मात्र 250 रुपए में इन टेबलेटों के लॉक तोड़ने का काम कर रहे है। जिससे अभिभावकों में चिंता व्याप्त हो रही है।

अपुष्ट सूत्रों की माने तो टैब अनलॉक होने से कई बार छात्र अश्लील वीडियो भी इन टैबलेटों पर देखने से नहीं चूक रहे। जिससे ना केवल छात्रों का भविष्य धूमिल हो रहा है बल्कि अभिभावकों की चिंता ज्यादा बढ़ गई है क्योकि विद्यालय की कक्षा में अध्यापक की गैर हाजिरी होने पर कक्षाओं में विद्यार्थी यू-ट्यूब पर रील्स देखकर अपना समय बिता रहे हैं तो कुछ विद्यार्थी कक्षाओं में ही अश्लील वीडियो देखने से बाज नही आ रहे। ध्यान रहे कि ई-अधिगम योजना के तहत सरकार ने कक्षा 10वीं व 12वीं के छात्रों को टैब दिए जाने का फैसला लिया। इसके बाद सभी छात्रों को टैब वितरित किए गए। शुरू में ही टैबलेट को लेकर छात्रों व अभिभावकों में भ्रांतियां फैली थी कि टैब का बच्चे गलत इस्तेमाल कर रहे हैं। अभिभावकों की इस समस्या को देखते हुए सरकार व शिक्षा निदेशालय ने टैब में एसडीएम यानि डिवाइस मैनेजमेंट सॉफ्टवेयर अपडेट किया गया ताकि कोई छात्र अन्य साइट्स ना चला पाए। इसके बावजूद छात्र टैबलेट सॉफ्टवेयर के साथ छेड़छाड़ कर टैब को अनलौक कराकर स्कूल के अंदर रील्स बनाकर अपना टाइम पास करने नहीं चूक रहे।

इस बारे में शिक्षा विभाग के स्थानीय अधिकारी अनभिज्ञता जताते हुए कुछ भी कहने से बच रहे हैं।

कुछ दुकानदारों की संलिप्तता

नाम व पहचान का खुलासा ना किए जाने की शर्त पर कई जागरूक लोगों ने बताया कि मोबाइल साफ्टवेयर दुकानदारों ने एक सॉफ्टवेयर ढूंढ निकाला है, जो सरकार द्वारा विद्यार्थियों को दिए गए टैबलेट में लगे साफ्टवेयर को तोड़कर उसे अनलॉक कर देते हैं। ऐसे दुकानदार विद्यार्थियों से 250 से 300 रुपए इस काम के बदले वसूल कर जहां शिक्षा विभाग और अभिभावकों की आंखों में धूल झोंकने का काम कर रहे हैं। अपनी जेब भरने के लिए देश का भविष्य कहलाने वाले नौनिहालों के जीवन से खिलवाड़ करने से बाज नहीं आ रहे हैं। टैबलेट में सॉफ्टवेयर अनलॉक होने के बाद छात्र आसानी से टैब में यू-टयूब, फेसबुक, वाटसअप समेत अन्य साइट्स को चला रहे हैं।

21 page 3_02.qxd 10/20/2023 9:15 PM Page 1

दैनिक भरोसा मित्र

गुरुग्राम, शनिवार
21 अक्टूबर 2023

www.dainikbharoosa.com

अंदर देखे
मेवात के दो दिवसीय दौरे पर पहुंचे मुख्यमंत्री ...



गुरुग्राम

अंदर देखे
गीता पढ़ने वालों के जीवन में आता है...

dainikbharoosa

हॉट बनती जा रही है गुरुग्राम विधानसभा सीट

चुनावी पिच पर बैटिंग को युवा हैं तैयार

राजेश कुमार नुगरिया, भरोसा मित्र

गुरुग्राम/ चंडीगढ़। हरियाणा की राजनीति में गुरुग्राम विधानसभा सीट बहुत महत्वपूर्ण मानी जाती रही है। इस सीट पर जब भी किसी उम्मीदवार ने जीत दर्ज की है तो वो सरकार में हिस्सेदार रहा है। इस सीट पर चुनाव में मुकाबला हमेशा रोमाचंक रहता है। चुनावी पंडित भी मतदान से लेकर मतगणना तक उम्मीदवार की हार जीत का आकलन नहीं कर पाते। उम्मीदवारों के बीच जीत हार की लड़ाई बेहद रोमाचिंत होने के चलते लोगों की नजर चुनाव परिणाम पर टिकी रहती है। अभी हरियाणा विधानसभा चुनाव में शेष एक वर्ष ही बाकी है ,लेकिन जैसे ही देश में लोकसभा चुनाव का बिगुल बजने की संभावनाओं के मद्देनजर हरियाणा में भी चुनावी सरगर्मियां तेज हो गई हैं। राजनैतिक पार्टियां अपनी-अपनी तैयारियों में जुट गई हैं। गुरुग्राम विधासभा सीट से इस बार प्रमुख दलों की टिकट की चाहत रखने वाले युवा नेता राजनीतिक पिच पर बैटिंग करने को तैयार हैं, जो पिछले कई महीनों से राजनैतिक मैदान में वार्मअप हो रहे हैं। भाजपा-कांग्रेस से टिकट की चाहत रखने वाले युवा मैदान से लेकर अपने-अपने आकाओं के दरबार में भागदौड़ कर रहे हैं। देखने में आया है कि इस बार कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी से सबसे ज्यादा युवा टिकट की मांग कर रहे हैं।

आगे निकलने की लगी होड़, हर कोई लगा अपने-अपने आकाओं के यहां दौड़

भाजपा में है दावेदारों की है लंबी लाइन

स्वामी धर्मदेव

गार्गी कक्कड़

जीएल शर्मा

नवीन गोयल

गुरुग्राम विधासभा सीट पर भाजपा में तो एक अनार सौ बीमार वाली बात सिद्ध साबित हो रही है। सत्तारूढ़ पार्टी भाजपा से टिकट की चाहत रखने वालों कतार लंबी है। इन्में सबसे ऊपर महामण्डलेश्वर स्वामी धर्मदेव महाराज का नाम है। राजनीतिक गलियारों में स्वामी धर्मदेव के नाम की चर्चा गर्म है। उनके अलावा वर्तमान में भाजपा जिलाध्यक्ष गार्गी कक्कड़, नवीन गोयल, मधु आजाद,हरियाणा प्रदेश उपाध्यक्ष जीएल शर्मा आदि बहुत से नेता पार्टी से टिकट की चाह रखते हैं। अब ये तो पार्टी को ही देखना है कि किसी नये चेहरे पर दांव खेलना है या फिर वर्तमान विधायक सुधीर सिंगला को ही दोबारा मैदान में उतारना है।

कांग्रेस में युवाओं की मजबूत दावेदारी

कांग्रेस पार्टी से भी इस बार कई युवा नेता टिकट की मांग कर रहे हैं। बता दें कि पार्टी पिछले दो चुनावों से पूर्व मंत्री रहे सुखबीर कटारिया पर दांव खेल रही है और असफल भी रही है। लेकिन 2024 के चुनाव के लिए कई युवा नेता अपनी किस्मत आजमाना चाहते हैं। इनमें सबसे पहला नाम पूर्व चैयरमेन कुलदीप कटारिया का नाम शामिल है। साथ ही,पूर्व मंत्री कप्तान अजय सिंह के चहेते और युवाओं में अच्छी पकड़ रखने वाले पंकज डावर का नाम भी सबसे उपर ही माना जा रहा है। डावर नाम जिलाध्यक्ष की लिस्ट में भी पहले ही स्थान पर चल रहे हैं। कुलदीप ,पंकज के अलावा कपिल दुआ, प्रदीप जेलदार, मनीष खटाना और वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं पूर्व मंत्री सुखबीर कटारिया भी टिकट के लिए भागमभाग कर रहे हैं। पंकज डावर के लिए चुनवी मैदान बिल्कुल फ्री हिट माना जा रह है। देखना है कि वह जिलाध्यक्ष बनने का चौका लगाएंगे या फिर कांग्रेस उम्मीदवार की टिकट पाकर इस दौड़ में अव्वल आते हैं।

सुखबीर कटारिया

कुलदीप कटारिया

पंकज डावर

प्रदीप जेलदार

असमंजस में ग्रोवर इधर जाऊं या उधर

मोहित ग्रोवर

वर्ष 2019 के विधानसभा चुनाव में पहली बार निर्दलीय के तौर पर राजनीतिक मैदान पर उतरे पंजाबी समाज के मोहित मदन लाल ग्रोवर चुनावी पिच पर अच्छी फॉम में दिखे थे,मगर विधायक की पारी खेलने से रह गए थे। करीब 50 हजार मत हासिल करने वाले ग्रोवर ने 2019 के चुनाव को रोमांचक बना दिया था। इस बार मोहित राजनीतिक पिच पर उतरना तो चाहते हैं लेकिन असमंजस में है कि कौन सी टीम से खेलें भाजपा या कांग्रेस से? अंतिम विकल्प वष्र 2019 की तरह निर्दलीय ही मैदान में आएंगे।

आम आदमी पार्टी ने भी दी दस्तक

उमेश अग्रवाल

मुकेश डागर

सारिका वर्मा

दिल्ली-पंजाब के बाद आम आदमी पार्टी हरियाणा में धीरे-धीरे अपने पैर पसार रही है। पार्टी के नेता पूरी जी जान से हरियाणा के चुनावी मैदान में उतर चुके हैं। वे ज्यादा से ज्यादा सीटे निकालने की रणनीति पर जोर शोर से काम में लगे हुए हैं। गुरुग्राम विधानसभा सीट से आम आदमी पार्टी से चुनाव लड़ने वाले नेताओं की भी तादाद कम नहीं है। पार्टी के कई नेता टिकट की दावेदारी ठोक रहे हैं। आप के गुरुग्राम लोकसभा अध्यक्ष मुकेश डागर कोच का नाम सबसे ऊपर चल रहा है। पूर्व विधायक उमेश अग्रवाल सहित हरियाणा डाक्टर विंग की अध्यक्ष सारिका वर्मा भी टिकट की दौड़ में हैं।

गुरुग्राम सीट का लेखा-जोखा, प्रताप सिंह ठाकरान बने थे पहले विधायक

बता दें कि गुरुग्राम विधानसभा सीट पर 12 बार चुनाव हुए हैं। इनमें सबसे अधिक 6 बार 1968,1972, 1982, 1991, 1996, 2005 में कांग्रेस ने जीत हासिल की है। चार बार धर्मवीर गाबा, दो बार राव महाबीर सिंह विधायक बने। बीजेपी ने यह सीट सिर्फ तीन बार1987 व 2014 और 2019 में जीती। बीजेपी के पहले विधायक सीताराम सिंगला जबकि दूसरे विधायक उमेश अग्रवाल रहे। प्रताप सिंह ठाकरान गुड़गांव के पहले विधायक बने थ। इसके बाद वे दो बार इस सीट से 1967 व 1977 में विधायक बने। एक बार जनसंघ के चुनाव चिन्ह पर जबकि दूसरी बार जनता पार्टी के चुनाव चिन्ह पर विधायक बने। इसके अलावा गोपीचंद गहलोत 2000 में और सुखबीर कटारिया 2009 में निर्दलीय के तौर पर विधायक रह चुके हैं।

खबर फटाफट

शहर की सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए नगर निगम अधिकारियों ने कसी कमर

गुरुग्राम। सफाई कर्मचारियों की हड़ताल के मद्देनजर शहर की सफाई व्यवस्था को दुरूस्त करने के लिए नगर निगम अधिकारियों ने कमर कस ली है। इसके तहत कई आरडब्ल्यूए, जागरूक नागरिकों व वरिष्ठ नागरिकों के सहयोग से सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने में नगर निगम जुट गया है। नगर निगम का प्रयास है कि हड़ताल का असर शहर में आगे ना पड़े। इसके तहत कई आरडब्ल्यूए व नागरिकों ने नगर निगम से सफाई व्यवस्था को दुरूस्त करने में भागीदारी करने की इच्छा जताई है। इसके तहत नगर निगम गुरूग्राम द्वारा उन्हें ट्रैक्टर-ट्रॉली व मैनपावर उपलब्ध करवा दी गई है और अन्य इच्छुक आरडब्ल्यूए व नागरिक भी नगर निगम गुरूग्राम से संसाधन मुहैया करवाने के लिए संपर्क कर रहे हैं। नगर निगम का प्रयास है कि अब आगे हड़ताल का असर शहर में नहीं होने दिया जाएगा तथा आरडब्ल्यूए व नागरिकों के सहयोग से सफाई व्यवस्था को दुरूस्त किया जाएगा। इस प्रयास से शहर में सकरात्मक परिणाम भी आने शुरू हो गए हैं तथा आरडब्ल्यूए व नागरिक आगे बढकर शहर की सफाई व्यवस्था को दुरूस्त करने में जुट गए हैं। नगर निगम गुरूग्राम द्वारा ऐसे सफाई कर्मचारियों से भी आह्वान किया गया है, जो काम करना चाहते हैं तथा शहर की सफाई व्यवस्था को दुरूस्त करने में अपनी भागीदारी करना चाहते हैं। उन कर्मचारियों को नियुक्त करने के लिए 7 एजेंसियों को स्पष्ट निर्देश पहले से ही दिए हुए हैं।

डीएलएफ और सुशांत लोक सब डिवीजन का कार्यालय सेक्टर 57 में स्थानांतरित

गुरुग्राम। एसडीओ डीएलएफ सिटी सब डिवीजन और एसडीओ सुशांत लोक सब डिवीजन डीएचबीवीएन गुरुग्राम का कार्यालय सेक्टर 31 हुडा मार्केट से सेक्टर 57 सुशांत लोक फेज 3, हार्मनी होम्स सोसायटी के पास स्थानांतरित हो गया है। भविष्य में डीएलएफ और सुशांत लोक सब डिवीजन के बिजली उपभोक्ता इस नए स्थान पर बने कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं।

चोरी की घटनाओं में शामिल 4 आरोपियों को किया काबू

गुरुग्राम। पुलिस ने चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वाले 4 आरोपियों को काबू किया है, जिनके कब्जे से एक बाइक, फोन, एक लाख 10 हजार रुपए की नगदी, गैस सिलेंडर व 1 वाटर पम्प बरामद किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गुरुग्राम पुलिस द्वारा चोरी व वाहन चोरी की वारदातों को अंजाम देने वाले आरोपियों पर नकेल कसते हुए 4 आरोपियों मनीष, मोहम्मद आरिफ, अमरजीत व प्रसनजीत को गिरफ्तार किया है। अपराध शाखा मानेसर ने आरोपी मनीष को थाना सैक्टर 7 आईएमटी मानेसर के क्षेत्र से घर के अंदर से बाईक, मोबाइल व नगदी चोरी करने के मामले में केएमपी अंडरपास नजदीक गांव खरकड़ी से व आरोपी निलेश को थाना बिलासपुर क्षेत्र से एक कंपनी में हुई चोरी के सामान को रखने व बेचने के मामले में गिरफ्तारियां कीं।

मंथरा ने भरे कैकई के कान, कैकई ने मांगे राजा से वरदान

श्रीराम-केवट संवाद देख भावुक हुए दर्शक

एमके अरोड़ा, भरोसा मित्र

गुरुग्राम। शहर में विभिन्न स्थानों पर धार्मिक संगठनों द्वारा रामलीलाओं का मंचन किया जा रहा है। न्यू कालोनी स्थित गीता भवन की श्रीसनातन धर्मसभा द्वारा 76वीं श्री रामलीला मंचन का आयोजन न्यू कालोनी दशहरा ग्राउण्ड में किया जा रहा है। गीता भवन व केंद्रीय श्रीसनातन धर्मसभा के प्रधान तथा रामलीला के चीफ डायरेक्टर सुरेंद्र खुल्लर एवं गीता भवन के उप प्रधान व संयोजक मुनीष खुल्लर ने संयुक्त रुप से जानकारी देते हुए बताया कि दशरथ दरबार के दौरान राजा दशरथ अपने कुल गुरु ऋषि वशिष्ठ से कहते हैं कि मैं वृद्ध हो गया हूं, मैं चाहता हूं कि अपने पुत्र को राजपाठ दे दें। इस पर वशिष्ठ गुरु कहते हैं कि आप अपने बड़े पुत्र श्रीराम को यह जिम्मेदारी दें। उनके द्वारा की जा रही बातचीत को मंथरा ने सुन लिया। इसके बाद मंथरा ने कैकई के कान भरने शुरु कर दिए। दूसरे दृश्य में कैकई कोपभवन में चली जाती है। जब राजा दशरथ वहां पर जाते हैं तो सबकुछ अस्त-व्यस्त देखकर उन्होंने इसका कारण जानना चाहिए। जिस पर कैकई ने वर्षों पूर्व राजा दशरथ द्वारा दिए गए 2 वरदान को याद दिलाते हुए कहा कि पहले में श्रीराम को 14 वर्ष का वनवास, दूसरे में भरत को राजपाठ देने का वर मांगा। वनवास जाने से पूर्व राम, लक्ष्मण व सीता अपनी तीनों माताओं से मिलकर उनसे आज्ञा लेने जाते हैं। सारी प्रजा व सुमित जी राम, लक्ष्मण व सीता को छोडने के लिए जाते हैं। तीसरे दृश्य में केवट व श्रीराम संवाद दिखाया गया। इस दौरान जब भगवान श्रीराम केवट से कहते हैं कि मुझे गंगा पार करा दो, गंगा पार कराने के बाद उतराई में श्रीराम अपनी अंगूठी केवट को देते हैं, लेकिन उसने इंकार करते हुए कहा कि भगवान, मेरा और आपका एक ही कार्य है तो मैं आपसे मजदूरी कैसे ले सकता हूं। आपका कार्य मनुष्य को भव सागर से पार कराना और मेरा काम है लोगों को गंगा नदी के एक पार से दूसरे पार ले जाना। केवट से आगे कहा कि भगवान जब मैं आपके पास आऊं तो आप मुझे भव सागर से पार करा दें। संयोजक मुनीष खुल्लर ने बताया कि रामलीला के दौरान दशरथ का किरदार लक्ष्मण राघव, श्रीराम के किरदार में मयंक चावला, सीता के किरदार में सानिया सैय्यद, लक्ष्मण के किरदार में राजेश खरबंदा, मंथरा का किरदार मानसी शर्मा, कैकई का किरदार अंजू शर्मा, सुमित्रा का स्नेहा द्वारा, कौशल्या द्वारा सुहानी द्वारा तथा केवट के किरदार में मुनीष खुल्लर द्वारा निभाया गया, जबकि उनके परिवार के रुप में अरविंद गुप्ता, राकेश शर्मा, तरुण चावला, हैप्पी मनचंदा, कृष्ण शर्मा सहयोग दिया। आयोजन सफल बनाने में रविंद्र खुल्लर, सूरज महेंद्रू, मुकेश शर्मा, जितेश मोदी, मनोज शर्मा, राधेश्याम किराड़, नीतू कुमार, गौरव आदि का विशेष योगदान रहा।

भरत-मिलाप, कैकई-भरत संवाद के दृश्यों का किया मंचन

गुरुग्राम। शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में रामलीलाओं का मंचन किया जा रहा है। इस दौरान भीम नगर स्थित श्रीकृष्ण मंदिर की श्री सनातन धर्मसभा द्वारा आयोजित 70वें श्रीरामलीला मंचन में श्रीराम, लक्ष्मण व सीता के वनवास जाने के बाद भरत मिलाप दिखाया गया। संस्था के प्रधान पवन पाहूजा, महासचिव किशोरीलाल डूडेजा, डायरेक्टर एसके मल्होत्रा ने बताया कि इस दृश्य के दौरान भाई का प्रेम काफी अच्छे तरीके से दर्शाया गया। श्रीराम से भरत ने अयोध्या वापिस ले जाने का आग्रह किया तथा अपनी माता कैकई द्वारा मांगे गए वर की निंदा करते हुए कहा कि भाई आप वापिस मेरे साथ अयोध्या चलें। आपके गम में पिता जी ने प्राण त्याग दिए हैं। आपके बिना परिवार व प्रजा काफी दुखी है। उनके द्वारा काफी आग्रह करने के बाद श्रीराम ने अपनी खड़ाऊ देकर भरत को अयोध्या वापिस भेज दिया। रामलीला कमेटी द्वारा दिखाए गए भावुक दृश्य को देखकर दर्शक अपने आंसू नहीं रोक पाए। राम के

वापिस न चलने पर भरत श्रीराम के चरण पादूका लेकर वापिस अयोध्या चले गए। दूसरे दृश्य के दौरान भरत-कैकई संवाद दर्शाया गया। इसके अतिरिक्त अन्य दृश्य में लक्ष्मण द्वारा सुर्पनखा की नाक काटने का दृश्य दर्शाया गया। इसको देखने के लिए काफी दूर दूर से लोग आए थे।

भगवान श्री राम ने विश्व को एकता व समरसता का दिया संदेश

एमके अरोड़ा,भरोसा मित्र

गुरुग्राम। गढ़ी हरसरू स्थित माँ वैष्णो दरबार जिसकी संचालिका पूनम माता जी हैं और उनका सहयोग डॉ. अलका शर्मा उनकी पुत्री करती हैं। उस दरबार में जाकर बोधराज सीकरी ने अपने बारह साथियों के साथ नतमस्तक हो नवरात्रों का आशीर्वाद लिया। शाम को पांच रामलीला में निरन्तर जाकर अलग-अलग विषय पर वक्तव्य दिया। सर्वप्रथम बोधराज सीकरी ने अपनी जन्मभूमि और अपनी कर्मभूमि जैकमपुरा गुरुग्राम से कल का शुभारंभ किया। वहां पर आयोजकों में जिसमें रमेश कालरा, कमल सलूजा, कपिल सलूजा और उनके अन्य साथियों ने न केवल भव्यता से बोधराज सीकरी, उनकी टीम ओमप्रकाश कथूरिया चेयरमैन ओम स्वीट्स, धर्मेंद्र बजाज, गजेंद्र गोसाई, रमेश कामरा, सतपाल नासा, युधिष्ठिर अलमादी, सतपाल नासा, रचना बजाज, पुष्पा नासा ने उनके साथ हर कार्यक्रम में उनका साथ दिया। जैकमपुरा की रामलीला में बोधराज सीकरी ने अपनी हनुमान चालीसा पाठ की जो मुहिम चल रही है, उसके बारे में संक्षेप में वर्णन किया। तदोपरांत अपने पुराने अंदाज में जब वो 15 साल के थे और जब रामलीला में राम का पात्र करते थे। उस समय के हनुमान जी से संबंधित लक्ष्मण मूर्छा के दृश्य को अपनी गायकी के अंदाज से प्रस्तुत किया। उसके उपरांत अर्जुन नगर आदर्श रामलीला में सम्मिलित होकर वहां जिस भव्यता और दिव्यता से गंगाधर खत्री, यशपाल ग्रोवर और उनके साथियों ने बोधराज सीकरी और उनके सभी साथियों का जिसमें ओमप्रकाश कथूरिया, धर्मेन्द्र बजाज और गजेंद्र गोसाई विशेष थे, उसके साथ डॉ परमेश्वर अरोडा जाने माने योगाचार्य और आयुर्वेदाचार्य भी वहां पर उपस्थित हुए और आयोजकों ने बडे प्रेम से उनका मान और सत्कार किया। वहां पर बोधराज सीकरी ने अपने वक्तव्य में सिद्ध किया कि विश्व के सबसे बडे पर्यावरणविद मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम जी थे। जिन्होंने अपनी युवा अवस्था के 14 वर्ष वनों को दिये ताकि वहां का पर्यावरण का संतुलन बना रहे। उन्होंने अपने जितने भी युद्ध हुए चाहे हो खर दूषण का युद्ध हो, चाहे रावण का युद्ध हो, चक्रवर्ती सम्राट होने के बावजूद किसी राजा को नहीं बुलाया बल्कि वानरों को और रीछ जाति को इस प्रकार के लोगों को एकत्र कर एक सद्भावना का माहौल पैदा किया था और वहां पर बोधराज सीकरी ने युवा को विशेषकर पर्यावरण के प्रति जागरूक रहने के लिए और प्रकृति मां के प्रति सोचने के लिए काफी बल दिया। तदोपरांत अर्जुन नगर की दूसरी रामलीला में सम्मिलित हो, उन्होंने इसी विषय को पुनः लिया और बच्चों को बताया कि हमारे जीवन का आधार है प्राण ऊर्जा।

अदालत ने बिजली चोरी के मामले को पाया गलत

एमके अरोड़ा, भरोसा मित्र

गुरुग्राम। बिजली चोरी के मामले की सुनवाई करते हुए सिविल जज प्रगति राणा की अदालत ने बिजली निगम द्वारा उपभोक्ता पर लगाए गए आरोपों को गलत करार देते हुए बिजली निगम को आदेश दिए हैं कि उपभोक्ता द्वारा जमा कराई गई जुर्माना राशि का भुगतान 24 प्रतिशत ब्याज दर से उपभोक्ता को दिया जाए। सुशांत लोक क्षेत्र के उपभोक्ता राजेंद्र कुमार के अधिवक्ता क्षितिज मेहता से प्राप्त जानकारी के अनुसार 12 जनवरी 2015 को उपभोक्ता के आवास पर लगा बिजली का मीटर बिजली निगम ने उतारकर निगम की लेबोरेट्री में चैक कराया था और उपभोक्ता पर मीटर से छेड़छाड़ कर बिजली चोरी के आरोप लगाए थे। जबकि उपभोक्ता का कहना है कि उसके सामने बिजली का मीटर बिजली निगम ने नहीं उतारा था। बिजली निगम ने उपभोक्ता पर 95 हजार 958 रुपए का जुर्माना लगा दिया था और उपभोक्ता को बिजली निगम ने धमकाया कि जुर्माना राशि नहीं भरी तो उसका बिजली का कनेक्शन काट दिया जाएगा। जिस पर उपभोक्ता ने जुर्माना राशि का भुगतान बिजली निगम को कर दिया था। और बिजली निगम के खिलाफ जिला अदालत में मामला दायर कर दिया था। जिला अदालत ने इस मामले को सुनवाई के लिए निचली अदालत में 25 अक्तूबर 2016 को भेजने का आदेश दिया था। अधिवक्ता का कहना है कि उपभोक्ता ने निचली अदालत में 6 जनवरी 2017 को बिजली निगम के खिलाफ केस दायर कर दिया था। इस मामले की सुनवाई करते हुए सिविल जज की अदालत ने बिजली चोरी के मामले को गलत करार देते हुए आदेश दिए कि उपभोक्ता द्वारा जमा कराई गई धनराशि का भुगतान उपभोक्ता को 24 प्रतिशत ब्याज दर से वापिस किया जाए। अधिवक्ता का कहना है कि बिजली निगम के अधिकारियों व कर्मचारियों के कारण उपभोक्ता को बड़ी दिमागी परेशानी हुई है।

कार्यक्रम विधायक ने 10 केवीए की क्षमता वाले ऑफ ग्रिड सोलर सिस्टम का किया शुभारंभ

प्राकृतिक ऊर्जा स्रोत अपनाएं, देश हित में बने भागेदारी: सिंगला

कहा, समय और बढ़ती आबादी के साथ हमारे देश में बिजली की मांग भी बढ़ती ही जा रही है

एमके अरोड़ा, भरोसा मित्र

गुरुग्राम। विधायक सुधीर सिंगला ने शुक्रवार को जीएमडीए, वॉल्वो ऑटोमोबाइल और एसोचैम फाउंडेशन के तत्वावधान में ग्रीन हेल्थकेयर इनिशिएटिव के तहत सेक्टर-52 स्थित ताऊ देवीलाल बोटेनिकल गार्डन में 10 केवीए की क्षमता वाले ऑफ ग्रिड सोलर सिस्टम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में जीएमडीए से सुभाष यादव, वॉल्वो से कल्पित सिसोदिया, एसोचैम से संदीप जैन, रणजीत कुमार ने शिरकत की। इस अवसर पर अपने संबोधन में विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि समय और बढ़ती आबादी के साथ हमारे देश में बिजली की मांग बढ़ती ही जा रही है। बिजली पैदा करने के विभिन्न स्रोत हमारे यहां मौजूद है। केंद्र और राज्य सरकार बिजली को भरपूर मात्रा में उपलब्ध कराने के लिए कटिबद्ध है। उन्होंने कहा कि बिजली के प्राकृतिक स्रोतों को भी हमें

सोलर सिस्टम का शुभारंभ करते विधायक सुधीर सिंगला।

अपनाना होगा, ताकि भविष्य में बिजली संकट जैसी कोई स्थिति पैदा ना हो। उन्होंने कहा कि बिजली समस्या का एक मात्र समाधान केवल सौर ऊर्जा है। वर्तमान समय में सोलर सिस्टम एक लोकप्रिय नवीकरणीय ऊर्जा स्रोत बन गई है। उन्हें खुशी है कि सरकारी और निजी क्षेत्र में सौर ऊर्जा को अपनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सोलर सिस्टम ऑफ ग्रिड यानी बिना सरकारी बिजली के प्रयोग के काम करता है। आम तौर पर यह सिस्टम ऐसे स्थानों पर लगाया जाता रहा है, जहां बिजली उपलब्ध नहीं होती थी या फिर बहुत ही कम समय के लिए बिजली आती थी। हालांकि अब इसे शहरों में बड़े पैमाने पर अपनाया जा रहा है। यह सूरज से आने वाली रोशनी को इस्तेमाल करके घर का सारा लोड चलाता है।

साथ ही साथ बैटरी को भी चार्ज करने की क्षमता रखता है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 से 2021 के बीच भारत की सौर ऊर्जा क्षमता 15 गुना बढ़ गई। अब वाणिज्यिक और औद्योगिक इमारतों में सौर ऊर्जा को बढ़ावा दिया जा रहा है। कार्यक्रम में विधायक के साथ मण्डल अध्यक्ष अभिषेक गुलाटी, पार्षद मनीष यादव, अशोक डबास, करमवीर यादव, मनोज बोहरा, सुनील नंबरदार, नवीन यादव, पीतांबर, मोनू वजीराबाद, अजय दुआ, प्रवीण यादव व अन्य गणमान्य मौजूद रहे।

खबर फटाफट

65 वर्षीय दुष्कर्म के आरोपी को 20 साल की सजा

नूंह। नूंह की अदालत ने शुक्रवार को एक 6 साल की मासूम बच्ची के साथ दुष्कर्म करने के मामलें में आरोपी निहाल सिंह उम्र 65 साल को 20 साल की सजा व 20 हजार जुर्माना की सजा सुनाई है। आपको बता दें कि मासूम बच्ची के परिजन व बच्ची 28 जून 2020 को एक शादी समारोह में गये थे ,वहां पर आरोपी नाई के तौर पर आया हुआ था और मौका पाकर मासूम बच्ची को बहला फुसलाकर ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। पुलिस ने आरोपी को अगले दिन दबौच लिया व बच्ची के नाना की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया था। न्यायालय ने भी आरोपी की 65 साल की उम्र व मासूम बच्ची की उम्र देखकर ऐसे व्यक्ति को कड़ी सजा देते हुए फैसला सुनाया। इसके अलावा न्यायालय ने पीड़ित बच्ची को बतौर आर्थिक मदद के लिए डालसा को 7 लाख रूपये देने की सिफारिश की है।

गाड़ी चालक से लूट, अज्ञात पर मामला दर्ज

तावडू । उपमंडल के गांव धुलावट केएमपी टोल टैक्स के समीप से बाइक सवार 3 व्यक्तियों ने एक गाडी चालक से मोबाईल, 6 हजार रूपए नकद छीन लिए व 1 लाख 80 हजार रूपए अन्य माध्यम से निकाल लिए। पुलिस ने पीडित व्यक्ति की शिकायत पर अज्ञात लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। उत्तर प्रदेश नोयडा के गांव सुरजपुर निवासी अनुप कुमार सैनी ने पुलिस को दी गई शिकायत में बताया कि वह ड्राईवर का कार्य करता है। गत 17 अक्टूबर को दोपहर के लगभग 3 बजे केएमपी पर वह अपने वाहन से ब्रेड सप्लाई कर नोयडा की तरफ जा रहा था। वह धुलावट टूल टैक्स के समीप गाड़ी को साईड में खड़ी कर पैशाब करने के लिये रूक गया। उसी समय एक बाइक पर 3 व्यक्ति आये, जिन्होने अपने मुंह पर कपड़ा बांधा हुआ था। उक्त ने उसके में चाकू लगा कर धमकी दी कि शोर मचाया तो जान से मार देंगे। उक्त ने उसका माबाईल फोन व 6 हजार रूपए तथा लाईसेन्स, एटीएम कार्ड, आधार कार्ड, पैन कार्ड, वोटर आईडी जो पर्स में थे, छीन कर ले गए। उक्त ने उसके खाते से फोन पे व एटीएम तथा अन्य माध्यम से 1 लाख 80 हजार रूपए निकाल लिए। जिनकी स्टेटमेन्ट शिकायत के साथ लगाई है। पुलिस ने अनुप कुमार सैनी की शिकायत पर अज्ञात लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

माता कात्यानी की श्रद्धा पूर्वक की गई पूजा अर्चना

तावडू। नवरात्रों के पावन अवसर पर मंदिरों में दुर्गा मां के छटे स्वरूप कात्यायनी माता की पूजा शुक्रवार को श्राद्धालुओं द्वारा श्रद्धा पूर्वक की गई। माता कात्यायनी की भक्ति और उपासना द्वारा मनुष्य को बडी सरलता से अर्थ, धर्म, काम, मोक्ष चारों फ लों की प्राप्ति हो जाती है। वह इस लोक में स्थित रहकर भी आलौकिक तेज और प्रभाव से मुक्त हो जाता है।

देवी कात्यायनी दानवों तथा पापियों का नाश करने वाली देवी है। वैदिक युग में ये ऋषि-मुनियों को कष्ट देने वाले दानवों को अपने तेज से ही नष्ट कर देती थी। सांसारिक स्वरूप में यह सिंह सवार चार भुजाओं वाली सुसज्जित आभा मंडल युक्त देवी है। मन से की गई भक्ति और आराधना इन्हें भक्तों के पास खींच लाती है। नवरात्रों का शुभारंभ गत रविवार को हुआ और शारदीय नवरात्रों का विशेष महत्व है। शारदीय नवरात्रों में मां दुर्गा की उपासना करने से स्वर्ग जैसे योग और मोक्ष जैसी शांति मिलती है।

श्रीमद्भागवत कथा में श्रद्धालुओं को भक्त प्रह्लाद का प्रसंग सुनाया

नारनौल। उपमंडल के गांव बाघोत स्थित बाघेश्वर धाम में श्रीमद्भागवत सप्ताह ज्ञान महोत्सव के तीसरे दिन भक्त प्रह्लाद का प्रसंग सुनाया गया। कथा व्यास पंडित श्याम सुंदर वाजपेयी हरदोई वाले ने महाराज ने कहा कि भगत प्रह्लाद ने माता कयाधु के गर्भ में ही नारायण नाम का मंत्र सुना था। जिसके सुनने मात्र से भक्त प्रहलाद के कई कष्ट दूर हो गए थे।

कथा की शुरुआत गुरु वंदना के साथ की गई। उसके उपरांत भगवान श्री कृष्ण की पावन लीलाओं का वर्णन किया गया। उन्होंने कहा कि बच्चों को धर्म का ज्ञान बचपन में ही दिया जाता है वह जीवन भर उसका ही समान करता है ऐसे में बच्चों को धर्म व अध्यात्म का ज्ञान दिया जाना चाहिए माता-पिता की सेवा में प्रेम के साथ समाज में रहने की प्रेरणा ही धर्म का मूल है अच्छे संस्कारों के कारण ही ध्रुव को 5 वर्ष की आयु में भगवान का दर्शन प्राप्त हुआ था। इसके साथ ही उन्हें 36 हजार वर्ष तक राज्य भोगने का वरदान भी प्राप्त हुआ था। ऐसी कई मिसाले हैं। जिससे सीख लेने की जरूरत है इस दौरान सत्संग मंडली के सदस्यों ने भगवान की महिमा का गुणवान किया। इस दौरान कई मनमोहक भजन भी प्रस्तुत किए गए।

बाघेश्वर धाम प्राचीन शिव मंदिर प्रमुख सदस्य पंचायत समिति सदस्य महीपाल नम्बरदार बाघोत ने बताया बागेश्वर धाम प्राचीन शिव मंदिर मे बागेश्वर धाम के मठाधीश महंत रोशन पुरी महाराज के पावन आशीर्वाद एव सानिध्य मे चल रही है। कथा का आयोजन प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से 5 बजे तक रहेगा। इस दौरान मुख्य यजमान कृष्ण जांगड़ा, जिला पार्षद अजीत तंवर, सरपंच राजेंद्र बागोत, मुकेश शास्त्री गंगानगर, सुबेदार मागेराम पालड़ी, प्रधान बिक्रम गुर्जर, शुशील, सतते, नरेंद्र, आशिष सेठ, बमलहरी सहित अनेकों श्रद्धालु मौजूद रहे।

भागवत कथा के सातवें दिन भगवान गणेश की झांकी निकली

नारनौल। कनीना के पुराने बाजार के मां दुर्गा मन्दिर के सामने धर्मशाला में श्रीमद् देवी भागवत कथा के सातवें दिन आचार्य ने गणेश भगवान का प्रसंग का वर्णन किया।

कथा वाचक पंडित हेमराज भारद्वाज ने भगवान गणेश राहु मंगल, सरस्वती पूजन विधि वर्णन का प्रसंग सुनाया। जगत जननी माता सभी जीव-जंतुओं व मनुष्यों के दुख हरने वाली है। इसलिए जगत जननी पराम्बा की संतान बनकर उनकी शरण में रहना और उन्हें अपना मानकर उनके बनकर प्रार्थना करना है कि मां हम तेरी संतान हैं। संत जन कहते हैं यदि बच्चा नाली में गिर जाय, मां बहुत अच्छा वस्त्र पहन कर कहीं जा रही हो, तब भी मां अपने वस्त्र की ओर नहीं देखेगी, अपने बच्चे की ओर देखेगी, वह उसी समय नाली में से एकदम बच्चे को उठाएगी।

इसलिए जगत जननी माता भी संसार के कीचड़ में गिर रहे मनुष्य व संसार की नदी में डूब रहे अपने भक्तों के दुख दूर करती है। श्रीमद् देवी भागवत कथा में भगवान गणेश की झांकी निकाली गई। इस दौरान नीरज, योगेश गुप्ता अधिवक्ता, योगेंद्र नीलू, संदीप माहेश्वरी, पूनम गुप्ता, नवीन गुप्ता, हुकुम गुप्ता, संदीप चौधरी, महेश अग्रवाल, गोविंद गुप्ता, राहुल यादव, सुभाष कौशिक, जितेंद्र शास्त्री, पंडित नीरज शर्मा शास्त्री, राजदुलारी, कामिनी, संतोष, बिमला, संतोष, हेमलता, सुमन, सहीत अन्य श्रद्धालु मौजूद रहे।

मेवात के दो दिवसीय दौरे पर पहुंचे प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल

कार्यकर्ताओं ने किया जोरदार स्वागत, सीएम ने पूछा उनका हालचाल

आज नूंह हिंसा के पीड़ितों से उनके घर पहुंच कर मुलाकात करेंगे मुख्यमंत्री मनोहर लाल

आस मोहम्मद, भरोसा मित्र

नूंह। प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल शुक्रवार को अपने दो दिवसीय दौरे पर मेवात पहुंचे जहां पर जिला प्रमुख जान मोहम्मद, पूर्व विधायक जाकिर हुसैन, भाजपा के जिला अध्यक्ष नरेन्द्र पटेल, हज कमेटी के पूर्व चेयरमैन चौधरी औरंगजेब और फिरोजपुर झिरका नगर पालिका के चेयरमैन मनीष जैन ने मुख्यमंत्री को गुलदस्ता भेंट कर उनका स्वागत किया। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने सर्किट हाउस पहुंचकर सबसे पहले 31 जुलाई को नूंह हिंसा के बाद बनी एक कमेटी की बैठक ली, जिसमें उन्होंने नूंह हिंसा के पीड़ितों के बारे में कमेटी के सदस्यों से विस्तार पूर्वक एक घंटे बातचीत की। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने बैठक में उपस्थित जिला उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा से नूंह हिंसा के पीड़ितों को सरकार द्वारा दी जा रही उनके नुकसान की भरपाई के लिए राशि के बारे में भी बातचीत की। आपको बता दें कि नूंह हिंसा के ज्यादातर पीड़ितों को सरकार द्वारा दी गई राशि वितरित कर दी गई है। इस दौरान नूंह के सर्किट हाउस में बैठक के बाद प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने भाजपा कार्यकर्ताओ से हाल चाल जाना। मेवात के जिला प्रमुख जान मोहम्मद और हज कमेटी के पूर्व चेयरमैन औरंगजेब से बातचीत करते हुए मेवात के लोगों का हालचाल जानते हुए उनका कुशलछेम जाना। इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री को बताया कि मेवात की जनता आपके द्वारा जिले में चलाए जा रहे जन संवाद कार्यक्रमों से मेवात की जनता खुश है। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में सभी 36 बिरादरी का भाईचारा बना रहे इसके लिए प्रदेश सरकार लगातार काम कर रही है। इतना ही नहीं प्रदेश के अन्य जिलों के साथ साथ मेवात जिले में भी समान विकास कार्य किए जा रहे हैं। जिससे मेवात भी प्रदेश के अन्य विकसित जिलों में शामिल हो सके। इस मौके पर जिला प्रमुख जान मोहम्मद ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल देश के ऐसे पहले मुख्यमंत्री हैं जिन्होंने हिंसा के पीड़ितों को उनका मुआवजा समय से दे दिया है और मुआवजा देने के बाद अब आज उनका हाल चाल जानने उनके घरों तक जा रहे हैं। आपको बता दें कि प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल शनिवार को नूंह में जहां जहां भी हिंसा हुई थी वहां पहुंचकर हिंसा के पीड़ितों से मुलाकात करेंगे। इस मौके पर पुलिस कप्तान नरेंद्र बिजारणिया, ताहिर हुसैन एडवोकेट, मनीष सिंघल, धर्मेंद्र सोनी सहित भाजपा के कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

पुलिस व खाद्य आपूर्ति विभाग की संयुक्त कार्रवाई

नकली पनीर बनाने वाली डेयरियों पर मारा छापा

शमशाबाद अटेरना की डेयरी से भारी मात्रा में नकली पनीर बरामद

खाद्य आपूर्ति विभाग की टीम और पुलिस ने भारी मात्रा में घी व अन्य सामान भी किया बरामद

आस मोहम्मद, भरोसा मित्र

नूंह। गुरुवार की देर सांय खाद्य आपूर्ति विभाग की टीम और नूंह पुलिस की टीम ने मिलकर जिले में नकली पनीर बनाने वाली डेयरियों पर संयुक्त रूप से छापेमारी कर भारी मात्रा में नकली पनीर व अन्य सामग्री बरामद की है। इतना ही नहीं पुलिस ने डेयरी संचालकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार उप-निरीक्षक राजबीर थाना नगीना गश्त में बड़कली चौक नगीना पर मौजूद था, उसी समय दीपक कुमार ने अटेरना शमशाबाद, जमालगढ़ रोड़, बिसरू रोड़ सहित एक अन्य डेरी में नकली पनीर व घी बनाने बारे एक दरखास्त उप-निरीक्षक को दी । जिस पर नियमानुसार कार्यवाही करते हुए उप-निरीक्षक राजबीर ने डॉ रमेश चौहान जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी नूंह को साथ लेकर हालातो से अवगत कराकर डेयरियों पर दबिश दी। स्वास्थ्य विभाग और पुलिस की टीम ने फयान डेयरी अटेरना शमशाबाद, वारिश पुत्र आस मोहम्मद निवासी खाईका जिला पलवल की बिसरू रोड़ पुन्हाना डेयरी और सुरेन्द्र पुत्र राजेंद्र निवासी होडल व उसके साथी अमन पुत्र संतलाल निवासी प्रीतमपुर जिला अंबेडकर नगर उत्तर प्रदेश की जमालगढ़ रोड़ पुन्हाना डेयरी पर दबिश दी। जहां भारी मात्रा में नकली पनीर ,घी व अन्य सामान बरामद हुआ । जिसके बारे में डेयरी संचालकों से पुछा गया तो वह कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे सके। सभी जगह से डॉ रमेश चौहान द्वारा पनीर व घी के अलग-2 सैम्पल लिए गए । जिस संबंध में संबंधित थाना क्षेत्रों में संबंधित धाराओं के तहत मुकदमें दर्ज किए गए। पुलिस का कहना है कि दर्ज किए गए मुकदमों में जांच जारी हैं।

नेशनल हाईवे में बने गड्ढे

विभाग हादसे के इंतजार में, लोग परेशान

नरेश मैहंदीरत्ता, भरोसा मित्र

तावडू। उपमंडल के गांव निजामपुर में नेशनल हाईवे पर बने बडे-बडे गड्ढों से वाहन चालकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड रहा है। यहां दिन में कई बार जाम की स्थिति बन जाती है। सडक किनारे बने घरों में रहने वाले लोगों को भी भारी असुविधा का सामना करना पड रहा है। गांव निजामपुर निवासी अरसद, मुबारिक, असलम, राशिद, अशोक कुमार, विजय, सुनील, कमरूदीन, फकरू, मुबीन आदि ने बताया कि नेशनल हाईवे पर बने बडे-बडे गड्ढे बन गए हैं। जो इन गड्ढों में कोई न कोई दुर्घटना होती रहती है। संबंधित विभाग को इस बारे में कई बार अवगत कराया गया। लेकिन संबंधित विभाग इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा। जिससे ग्रामीणों सहित वाहन चालकों में विभाग के प्रति रोष पनप रहा है। ग्रामीणों ने प्रशासन से इस समस्या के समाधान की मांग की है।

हमारी एकता व अखंडता को बढ़ाते हैं हमारे त्योहार: सुंदर लाल

सेक्टर-83 में श्री दुर्गा पूजा महोत्सव का किया शुभारंभ

भरोसा मित्र / एमके अरोड़ा

गुरुग्राम। आकर्षण फाउंडेशन द्वारा शुक्रवार से छह दिवसीय (19 से 24 अक्टूबर) मां दुर्गा पूजा महोत्सव की शुरुआत की गई। सेक्टर-83 में आयोजित इस कार्यक्रम में सरपंच सुंदर लाल यादव मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे। फाउंडेशन के संस्थापक विश्वजीत रॉय व बहन गीतिका दास और उनकी पूरी टीम के साथ कर्मबीर यादव ने अतिथियों का स्वागत किया। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम की थीम ग्रामीण भारत पर आधारित है, जिससे लोगों में सामाजिक मेल-मिलाप, सौहार्द व आपसी प्रेम को भी बढ़ावा मिलेगा। हम सभी को भी ऐसे कार्यक्रमों में बढ़-चढकर हिस्सा लेना चाहिए। इस अवसर पर अपने संबोधन में सरपंच सुंदर लाल यादव ने कहा कि हमारे त्योहार हमारी एकत व अखंडता को बढ़ाते हैं। हम सामान्य जीवन में जैसे भी रहें, लेकिन अपने तीज-त्योहारों पर हमारी एकता मजबूत नजर आती है। उन्होंने कहा कि हर राज्य अपनी संस्कृति अलग हो सकती है, लेकिन अपने त्योहारों पर हमारी श्रद्धा और भक्ति सांझी होती है। सुंदर लाल यादव ने कहा कि हम कहीं भी रहें, अपनी संस्कृति को ना भूलें। उन्होंने युवा पीढ़ी से आह्वान किया कि वे अपनी कला और संस्कृति को हमेशा जिंदा रखें। अपने पर्व हर जगह पर मनाएं। उन्होंने सभी को दुर्गा महोत्सव की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हमारी एकता ही हमारी शक्ति होती है। एकता को कभी टूटने ना दें। हम सब अपने देश का सम्मान बढ़ाएं यह भी जरूरी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक भारत श्रेष्ठ भारत अभियान चलाकर अलग-अलग राज्यों की संस्कृतियों को परस्पर सांझा करने का हमें मौका दिया है।

मांगों को लेकर ग्राम पंचायत ट्यूबवेल आपरेटरों के प्रतिनिधियों ने सौंपा ज्ञापन

इंद्रजीत सिंह, भरोसा मित्र

नारनौल। हरियाणा संयुक्त कर्मचारी मंच के राज्य महासचिव मास्टर सुबे सिंह व ग्राम पंचायत ट्यूबवेल आपरेटर यूनियन हरियाणा संबंधित एआईयूटीयूसी के राज्य संयोजक महेन्द्र सिंह चौहान के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्य अभियंता जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग पंचकूला कार्यालय में ग्राम पंचायत ट्यूबवेल आपरेटरों की मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में मांग की गई है कि ड्यूटी के दौरान मृत्यु होने पर तथा कोरोना काल में जिन जल कर्मियों की जान चली गई, उनके परिवार के आश्रितों को परिवार के एक सदस्य को नौकरी दी जाए, जल कर्मियों का पोर्टल चालू किया जाए, पोर्टल चालू नहीं होने से जल कर्मियों के वेतन में विलम्ब हो रहा है, 65 वर्ष से अधिक काम कर रहे ग्राम पंचायत ट्यूबवेल आपरेटरों को वेतन दिलवाया जाए, वेतन में सरपंचों की तस्दीक की अव्यवहारिक शर्त हटाई जाए, वर्दी भत्ता दिया जाए, सुरक्षा किट लागू किया जाए, बढ़े हुए वेतन एरियर का भुगतान किया जाए जैसी मांगों को लेकर ज्ञापन दिया गया। ग्राम पंचायत ट्यूबवेल आपरेटर संगठन के जिला प्रधान महेन्द्र सिंह चौहान ने कहा कि ग्राम पंचायत ट्यूबवेल आपरेटर बेहद मुश्किल हालात में काम कर रहे हैं। ट्यूबवेल आपरेटरों के लिए ना कोई सर्दी गर्मी व बारिश से बचाव के लिए कोई कोटरी नहीं है और ना ही कोई सेफ्टी किट है ऐसे में ग्राम पंचायत ट्यूबवेल आपरेटर अपनी जान जोखिम में डालकर गांवों में घर घर पानी पहुंचाने व टंकियों में समुचित पेयजल आपूर्ति का काम कर रहे हैं। ग्राम पंचायत ट्यूबवेल आपरेटरों को सरकारी कर्मचारी का दर्जा भी नहीं दिया गया और ना ही न्यूनतम वेतन रूपए 28000 लागू किया जा रहा है। ड्यूटी पर व कोरोना काल में अपना अनमोल जीवन गवाने वाले ट्यूबवेल आपरेटरों के आश्रितों परिवार के एक सदस्य को नौकरी नहीं दी गई। ऐसे में ग्राम पंचायत ट्यूबवेल आपरेटरों की मांगों को अविलंब स्वीकार किया जाए।

कांग्रेसी नेता प्रदीप खटाना ने रामलीला का रिब्बन काट कर किया शुभारंभ

नरेश मैहंदीरत्ता, भरोसा मित्र

तावडू । धार्मिक रामलीला क्लब के मंच पर सोहना-तावडू के वरिष्ठ कांग्रेसी नेता एवं समाजसेवी प्रदीप खटाना ने रिबन काटकर शुभारंभ किया। उन्होंने सभी कलाकाओं, कमेटी सदस्यों और विशेषकर सभी दर्शकों का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि समय समय पर धार्मिक कार्यों का आयोजन होता रहना चाहिए ताकि हमारे बच्चों में धर्म के प्रति विश्वास और रुचि बनी रहे। उन्होंने धार्मिक रामलीला क्लब के साथ साथ जय भारत रामलीला क्लब और बाल रामलीला क्लब के मंच पर शिरकत की और सभी तीनों जगह अलग अलग 21 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि रामलीला क्लब को प्रदान की। धार्मिक रामलीला क्लब में श्रवण कुमार का बहुत ही सुंदर पात्र नाटक के माध्यम से दिखाया गया। धर्मेन्द्र भारद्वाज ने श्रवण कुमार के पात्र को इतने सुंदर एवं भव्य तरीके से चरितार्थ किया कि वहां उपस्थित दर्शकों की विशेषकर माताओं, बहनों की आंखें भर आई, सब सुबक सुबक कर रोने लगी। नाटक में सभी के आकर्षण का केंद्र श्रवण कुमार का पात्र निभा रहे धर्मेन्द्र भारद्वाज का 6 साल का बेटा रिधेश भारद्वाज रहा। जिसने मुझे इस दुनिया में लाया मुझे बोलना चलना सिखाया, मात पिता तुम्हें वंदन मैने किस्मत से तुम्हें पाया भजन पर मोनो एक्टिंग द्वारा अपनी अदाकारी के माध्यम से सबका मन मोह लिया। रामलीला में उपस्थित सभी दर्शकों ने भजन के पूरे समय गरम जोशी के साथ तालियों की भरपूर गड़ गड़ाहट से छोटे बच्चे रिशेश भारद्वाज का खूब उत्साहवर्धन किया। नाटक में फूलों की मशीन द्वारा स्टेज एवं उपस्थित दर्शकों पुष्प वर्षा की गई। श्रवण कुमार के पिता का पात्र सुभाष एवं माता जी का पात्र सुमित माथुर द्वारा बेहतर अदाकारी से निभाया गया। श्रवण कुमार का पात्र निभाने वाले धर्मेन्द्र भारद्वाज पिछले कई सालों से लगातार लक्ष्मण और श्रवण कुमार का पात्र निभा रहे हैं।

नूंह शहर के लोग नए वोट बनवाने के लिए परेशान

आस मोहम्मद, भरोसा मित्र

नूंह। एक तरफ तो जिला निर्वाचन अधिकारी कम उपायुक्त धीरेन्द्र खड़गटा एक मिशन के तौर पर जिला में कटे वोट जुड़वाने, निर्वाचन आयोग द्वारा युवाओं एवं महिलाओं को नए वोट बनवाने पर आकर्षक उपहार ड्र में लैपटॉप, स्मार्ट फोन और पेन ड्राइव, टी-शर्ट प्रदान करने की पहल को आगे बढाने में लगे हैं लेकिन जिला मुख्यालय नूंह के वार्ड नं-13 और 9 को देखने वाले बीएलओ द्वारा आज तक भी इस ओर ध्यान नहीं देने से वार्डवासी खफा है। उनकी माने तो आज तक भी किसी भी बीएलओ ने वार्ड में आकर नए वोट बनवाने, कटी वोट जुड़वाने आदि का काम नहीं किया हैं जबकि बूथों या उनके बैठने की जगहों पर जाने पर किसी के भी नहीं मिलने पर वह बैरंग लौट आते हैं। जिससे उनकी वोट बनवाने में दिक्तों का सामना करना पड़ता हैं। उन्होंने बताया कि अपने काम के प्रति लापरवाह बीएलओ की ड्यूटी लगाने से ही लोग परेशान है। शहर के लोगों ने बताया कि उनके यहां लगा बीएलओ ने कभी भी वार्ड में आकर नई वोट बनवाने या कटी वोट जोड़ने का काम नहीं किया है जबकि अपनी वोट बनवाने जाते हैं तो वहां बीएलओ ढूंढे नहीं मिलता और ना ही मोबाईल से सम्पर्क हो पाता। उन्होंने बताया कि 18 वर्ष से ऊपर के कई युवा हो गये हैं लेकिन वोट बनवाने के लिए धक्के खाने को मजबूर हैं। इस बारे में नूंह नगर परिषद के अध्यक्ष संजय मनोचा ने भी माना कि वार्डों के बीएलओ की लापरवाही की शिकायत उन तक पहुंची है, उन्होंने कहा कि शहर के लोगों की शिकायत को जिला उपायुक्त से मिलकर बीएलओ की शिकायत कर शहर के लोगों की समस्या का समाधान करने की मांग करेंगे।

भारत को जानो प्रतियोगिता में आरपीएस कोसली प्रथम, महेंद्रगढ़ द्वितीय तथा रेवाड़ी रहा तृतीय

प्रदेशभर के 17 विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने बढ़चढ़ कर लिया भाग

इंद्रजीत सिंह, भरोसा मित्र

नारनौल। देश प्रेम को जानने, आत्मसात करने तथा देश और संस्कृति की विशिष्ट विशेषताओं के बारे में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से आरपीएस सीनियर सेकेंडरी स्कूल खातोद में इंट्रा आरपीएस भारत को जानो क्विज-2023 का आयोजन किया गया। ग्रुप की चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव और ग्रुप के सीईओ मनीष राव मार्गदर्शन में प्राचार्य डॉ. किशोर तिवारी की उपस्थिति में प्रतियोगिता का सफल संचालन हुआ। सभी विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कार व ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर ग्रुप की चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव ने कहा कि भारत को जानों प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य बच्चों को हमारे देश की विरासत और संस्कृति से रूबरू कराना है। छात्र छात्राओं में अपने देश के प्रति प्रेम, गर्व एवं समर्पण के भाव को जागृत करना है। आने वाली पीढ़ी को भारत की प्राचीन संस्कृति, धर्म, इतिहास, भूगोल, प्राकृतिक संपदा, आर्थिक तकनीकी, उद्योग आदि समस्त प्रकार की जानकारी से परिचित करवाने के उद्देश्य से ही यह प्रतियोगिता आयोजित करवाई गई है। प्राचार्य डॉ. किशोर तिवारी ने बताया कि भारत को जानो क्विज में प्रदेशभर से 17 आरपीएस शाखाओं के 52 छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा पूछे गए प्रश्नों के बड़े ही सटीक उत्तर दिए। काफी कड़े मुकाबले में आरपीएस कोसली की टीम प्रथम स्थान पर रही, आरपीएस महेंद्रगढ़ दूसरे स्थान पर तथा आरपीएस रेवाडी तीसरे स्थान पर रही। आरपीएस बीएमजी रेवाडी को सांत्वना पुरस्कार के लिए चुना गया। अंत में प्राचार्य डॉ. किशोर तिवारी ने सभी प्रतिभागियों को उनके बेहतर प्रयासों के लिए बधाई दी तथा सभी स्कूलों के प्राचार्यों और मुखियाओं को उनके सक्रिय समर्थन और सहयोग के लिए धन्यवाद दिया। इस मौके पर विद्यालय के स्टाफ सदस्य व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

जागरूक किया साइबर अपराधों व अन्य आवश्यक जानकारियां पुलिस ने आमजन को दी

महिलाओं व बच्चों के विरुद्ध होने वाले अपराधों तथा साइबर अपराधों के बचाव में दी जानकारी

भरोसा मित्र / एमके अरोड़ा

गुरुग्राम। महिलाओं व बच्चों के विरुद्ध अपराधों व साईबर अपराधों के बारे में डायल 112 ऐप, दुर्गा शक्ति ऐप के माध्यम से आमजन को जागरुक करने के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बतासया कि पुलिस आयुक्त विकास अरोड़ा के निर्देशानुसार तथा पुलिस उपायुक्त यातयात विरेन्द्र विज की देखरेख में महिलाओं व बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने व उन्हें जागरूक करने के उद्देश्य से महिला निरीक्षक आरती, प्रबन्धक महिला थाना मानेसर, गुरुग्राम की पुलिस टीम ने व दुर्गा शक्ति की टीमों द्वारा मानेसर क्षेत्र की विभिन्न कंपनियों में कार्यक्रम आयोजित कर महिलाओं, स्टॉफ/कर्मचारियों को महिलाओं/बच्चों के विरुद्ध होने वाले अपराधों, साईबर अपराधों, सेल्फ डिफेंस व डॉयल 112 व दुर्गा शक्ति ऐप के बारे में विस्तृत जानकारी देकर जागरूक किया गया। पुलिस टीम द्वारा महिलाओं व बच्चों के विरुद्ध होने वाले अपराधों तथा साईबर अपराधों के प्रकार, इनसे बचाव व ये अपराध होने उपरान्त उनके बचाव ले बारे में विस्तृत जानकारी दी गई तथा इन अपराधों के लिए कानून के दिए गए प्रावधानों व सजा इत्यादि के बारे में भी जानकारी देते हुए जागरूक किया गया। उन्होंने बताया कि डायल-112 ऐप को इंस्टॉल करके ऐप में अपनी डिटेल्स जैसे नाम, मोबाईल नंबर, पता इत्यादि एक बार अपडेट करना है, उसके बाद जब भी किसी असुरक्षित परिस्थिति में पुलिस सहायता की जरूरत हो तो डायल-112 ऐप से माध्यम से पुलिस सहायता प्राप्त कर सकती है और उस समय पीडिता को अपना नाम मोबाईल नंबर व पता/लोकेशन बताने की जरूरत नहीं पड़ेगी। पुलिस को पीडित का पता/लोकेशन मोबाईल नंबर इत्यादि डायल-112 ऐप के माध्यम से प्राप्त होंगे और पीडिता को तत्परता से पुलिस सहायता मिल सकेगी। यह ऐप पीडिता और पुलिस दोनों के लिए सहयोगी के रूप में कार्य करती है और यह अपराधों को रोकने में प्रभावी रूप से कार्य करती है। इस आयोजन के दौरान पुलिस टीम द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं के मोबाईल फोन्स में डायल-112, दुर्गा शक्ति ऐप्स इंस्टाल कराकर इन ऐप्स के प्रयोग के बारे में भी बताया गया। पुलिस टीमों द्वारा इन कार्यक्रमों में उपस्थित महिलाओं को जानकारी देते हुए कहा कि किसी भी प्रकार के अपराध की सूचना या अंदेशा होने पर उसकी सूचना किसी भी माध्यम से पुलिस को अवश्य दें, पुलिस आपकी सेवा में सदैव तत्पर है।

खबर फटाफट

सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में टीम रामानुजन बना विजेता

रेवाड़ी। दिल्ली रोड स्थित आरपीएस स्कूल में बच्चों के बौद्धिक विकास हेतु सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता से पूर्व 13 अक्टूबरए 23 को स्क्रीनिंग परीक्षा रखी गई। इस परीक्षा में कक्षा तीसरी से पाँचवी तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। परीक्षा में चयनित विद्यार्थियों को हाऊसानुसार चार टीमों में विभाजित किया गया । सभी टीमों में मुकाबला देखने लायक था। बच्चों ने सभी प्रश्नों का सहीं जवाब दिया। टीम रामानुजन और टीम एपीजे अब्दुल कलाम के बीच मुकाबला सराहनीय रहा। प्रतियोगिता में टीम रामानुजन ने प्रथम, टीम एपीजे अब्दुल कलाम द्वितीय और टीम मदर टरेसा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्राइमरी अध्यक्ष सुनीता यादव ने सभी टीमों के बीच रोचक मुकाबले को देखते हुए उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की और साथ ही बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए प्रति स्पर्धाओं में भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

17.43 ग्राम गांजा सहित एक दबोचा

रेवाड़ी। पुलिस कुंड चौकी पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ बेचने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान गांव खोल निवासी संतपाल पुत्र लक्ष्मण सिंह के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 17 ग्राम 74 मिली ग्राम अवैध नशीला पदार्थ गांजा बरामद किया है। जांचकर्ता ने बताया की पुलिस को सूचना मिली संतपाल पुत्र लक्ष्मण सिंह निवासी खोल मांढन राजस्थान की तरफ से अवैध गांजा लेकर अपनी मोटर साईकिल पर सवार होकर आयेगा। जिसके उपचरांत तुरन्त रेडिग पार्टी तैयार कर बताए हुए स्थान पर नाकाबंदी करके आरोपी को काबू कर लिया गया। जिसकी पहचान संतपाल पुत्र लक्ष्मण सिंह के रूप में हुई। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 17 ग्राम 74 मिली ग्राम अवैध नशीला पदार्थ गांजा बरामद किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ थाना खोल में नशीला पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज करके आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

उद्घोषित महिला आरोपी काबू

रेवाड़ी। थाना बावल पुलिस ने अदालत से उद्घोषित की गई एक महिला आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार की गई आरोपी की पहचान गांव टांकडी निवासी पिंकी पत्नी रविन्द्र के रूप में हुई है। आरोपी काफी दिनों से चेक बाउंस के मामले में अदालत में पेश नहीं हो रही थी। इसके पश्चात अदालत ने उसे पीओ घोषित कर दिया था। जिस पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ थाना बावल में अलग से अभियोग धारा 174 ए आईपीसी के तहत भी अंकित कर वीरवार को आरोपी पिंकी को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने आरोपी को पेश अदालत कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

अवैध मादक पदार्थ उपलब्ध कराने के मामले में एक गिरफ्तार

रेवाड़ी। एंटी नारकोटिक्स सेल रेवाड़ी इंचार्ज उप निरीक्षक विनोद कुमार की टीम ने अवैध मादक पदार्थ उपलब्ध कराने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान बावल के मोहल्ला जटवाडा निवासी देवेन्द्र उर्फ विक्की उर्फ चणीया पुत्र रामनिवास के रूप में हुई है। जांचकर्ता ने बताया कि 18 जून 23 को एंटी नारकोटिक्स सेल को सूचना मिली थी कि राहुल उर्फ काले पुत्र बाबुलाल गांव मांढैया कला नशीला पदार्थ समैक बेचने का काम करता है, जो इस समय उत्तम नगर रेवाड़ी में मंदिर के पास स्मैक के पाउच बेच रहा है। सूचना के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आरोपी को काबू कर लिया। जिसकी पहचान राहुल उर्फ काले के रूप में हुई। ड्यूटी मजिस्ट्रेट को साथ लेकर आरोपी की तलाशी ली गई तो उससे 2 ग्राम 14 मिलीग्राम स्मैक बरामद हुई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ थाना माडल टाऊन में नशीला पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया था। पुलिस द्वारा पूछताछ में आरोपी राहुल उर्फ काले ने बताया की उसे यह अवैध मादक पदार्थ बावल के मोहल्ला जटवाडा निवासी देवेन्द्र उर्फ विक्की उर्फ चणीया पुत्र रामनिवास उपलब्ध करता था। इस मामले में पुलिस ने आरोपी देवेन्द्र उर्फ विक्की उर्फ चणीया को भी गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

कबाड़ बेचने के नाम पर कबाड़ी से 24 हजार की नकदी लेकर शातिर युवक हुआ फरार

रेवाड़ी। एक कबाड़ी को कबाड़ बेचने के बहाने एक शातिर युवक 24 हजार रुपये की नकदी लेकर चंपत हो गया। मॉडल टाउन थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाही शुरु कर दी है। जानकारी के अनुसार उत्तरप्रदेश के बदायु निवासी मोहित ने शहर के बावल रोड़ पर स्थित खाली प्लाट में कबाड़ी का कार्य किया हुआ है। उसके पास बाइक पर सवार होकर एक युवक पहुंचा और बताया कि उसके घर पर काफी कबाड़ का सामान है, जिसे वह बेचना चाहता है। सामान ज्यादा होने की बात कहते हुए युवक ने कबाड़ी को अपने घर पर चलने को कहा। जिसके उपरांत कबाड़ी मोहित ने ठेकेदार से 24 हजार रुपये कबाड़ खरीदने के लिए ले लिए तथा रिक्शा लेकर युवक के साथ चल दिया। मोहित के अनुसार जब वे रणवीर सिंह हुड्डा चौक पर पहुंचा तो आरोपी युवक ने बाइक रोकी तथा बोला कि जो पैसे है, वो दे दे और मेरे पीछे-पीछे आ जाओ। जिस पर मोहित ने उसे 24 हजार रुपये दे दिए और अपना रिक्शा लेकर युवक के पीछे-पीछे चल दिया। कुछ दूरी पर चलने के बाद आरोपी युवक ने अपनी बाइक को तेजी से भगाई और थोड़ी ही देर में वह आंखों से ओझल हो गया। काफी प्रयास के बावजूद मोहित उसे नहीं खोज पाया। मोहित ने इसकी सूचना मॉडल टाउन थाना पुलिस को दी। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने आसपास की दुकानों में लगे सीसीटीवी कैमरों को चेक किया तो एक जगह बाइक सवार युवक सहित दोनों नजर आ गए।

श्री कृष्ण कृपा व जिओ गीता परिवार की ओर से बाल भवन में हुआ दिव्य गीता सत्संग

गीता पढ़ने वालों के जीवन में आता है सकारात्मक परिवर्तन : स्वामी ज्ञानानंद

गीता मनीषी महामंडलेश्वर स्वामी ज्ञानानंद महाराज ने प्रवाहित की गीता की ज्ञान गंगा

भरोसा मित्र ब्यूरो

रेवाड़ी। श्री कृष्ण कृपा एवं जिओ गीता परिवार के तत्वावधान में शहर के मॉडल टाउन स्थित बाल भवन में दिव्य गीता सत्संग का अयोजन किया गया। जिसमें गीता मनीषी महामंडलेश्वर स्वामी ज्ञानानंद महाराज ने श्री मद्भागवत गीता के ज्ञान की गंगा प्रवाहित की। जिसमें खचाखच भरे सभागार में ज्ञान प्रेमियों ने श्रद्धा की खूब डुबकियां लगाई। गीता प्रेमी सेवकों ने उनका पुष्पों से स्वागत किया।

गीता मनीषी महामंडलेश्वर ज्ञानानंद महाराज ने कहा कि गीता का ज्ञान किसी भी धर्म, जाति व संप्रदाय से ऊपर उठकर इंसानियत का पाठ पढ़ाता है। गीता हर इंसान को जीवन जीने का ढंग सिखाती है। जिससे पूरी मानव जाति और विश्व का कल्याण निश्चित है।

उन्होंने बताया कि हर इंसान की इच्छा, आस्था व कामना अलग-अलग हो सकती है, मगर जीवन में मानसिक शांति सभी लोग चाहते हैं और वो हमें गीता ही दे सकती हैं। जीवन में होने वाली सभी परेशानियों का हल हमे गीता से मिल जाता है।

जो लोग जीवन में कुछ खास व बेहतर करना चाहते हैं, उन्हें गीता अवश्य पढऩी चाहिए। गीता पढऩे वालों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आता है। उन्होंने कहा कि भगवान कृष्ण ने स्पष्ट कहा है कि गीता का ज्ञान जो घर घर पहुंचाएगा वह मुझे (परमात्मा) को प्राप्त होगा। कार्यक्रम का विशेष आकर्षण वो कुछ पल थे, जब उपस्थित श्रद्धालु श्रोता व गीता मनीषी ज्ञानानंद महाराज एक साथ उच्च स्वर में गीता जीवन गीत अष्टादश श्लोकी गीता का पाठ करने लगे।

संस्था प्रमुख नवीन अरोड़ा ने जताया सभी का आभार

संस्था के प्रमुख सेवक नवीन अरोड़ा ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया। मंच का संचालन ज्योत्सना यादव ने किया। कार्यक्रम के अंत में श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम के आयोजन में यादके सुगन्ध, देशराज चौहान, मनोज यादव, संजय डाटा, संजीव दुआ, महेंद्र रूपेला, महेश खुराना, उमेश कटारिया, चिंटू कटारिया, अंकित गुप्ता, मोहित गोयल, किशन आहुजा, देशराज भाटिया, नरेश गुलियानी, पवन भाटिया, प्रदीप भूटानी, राजेश जैन, मयूर सुगन्ध, कुशाग्र, मीनाक्षी अरोड़ा, पायल यादव, शुचि मुदगल, मंजू अरोड़ा, मधु भूटानी आदि का विशेष सहयोग रहा। इस मौके पर एमपी गोयल, पूर्व विधायक रणधीर सिंह कापड़ीवास, अंजू रूपेला, कृष्ण कुमार चेयरमैन सफाई आयोग, मनीष चराया, राजेंद्र सिंघल, विजय भटोटिया, वंदना पोपली, नवीन पोपली, अजय सिक्का, देवानंद शास्त्री, मुकेश, मनीष अरोड़ा, एडवोकेट अशोक मुदगल सहित काफी संख्या में श्रद्धालू उपस्थित थे।

कोसली में बनने वाली सड़कों को मुख्यमंत्री ने दी अनुमति

भरोसा मित्र ब्यूरो

रेवाड़ी।कोसली विधानसभा क्षेत्र के विकास की गति को निरंतर रफ्तार प्रदान करने में जुटे कोसली विधायक लक्ष्मण सिंह यादव के प्रयासों से क्षेत्र में करोड़ों की लागत से बनने वाले अनेकों मार्गों के निर्माण की जहां मुख्यमंत्री ने अनुमति प्रदान कर दी है, वहीं अनेकों रोड़ों के टेंडर भी किए जा चुके हैं तथा शेष रोड़ों के टेंडर भी जल्द ही किए जाएंगे। क्षेत्र के सडे तंत्र को मजबूती प्रदान करने के लिए कोसली विधायक लक्ष्मण सिंह यादव ने जहां मुख्यमंत्री का आभार जताया है, वहीं कोसली क्षेत्र की जनता ने भी सीएम का धन्यवाद किया है। कोसली विधायक लक्ष्मण सिंह यादव ने बताया कि 67.31 लाख की लागत से बनने वाले रोझूवास से सुमा खेड़ा, 205.10 लाख से बनने वाले रोहड़ाई से पहराजवास, 75.97 लाख की लागत से बनने वाले सुर्खपुर से मुंदडा तथा 64.78 लाख की लागत से बनने वाले ठाणा से शादीपुर तक बनने वाले रोड़ के टेंडर जारी कर दिए गए हैं। वहीं 117.95 लाख की लागत से बनने वाले बालधान कलां से मोतला कला तथा 104.52 लाख की लागत से बनने वाले जाटूसाना-गुडि ानी-नांगल पठानी रोड़ के टेंडर 26 अक्तूबर को जारी कर दिए जाएंगे। इसके अलावा 115.38 लाख की लागत से बनने वाले रतनथल से शादीपुर, 286.91 लाख की लागत से बनने वाले गुडि ानी से बालधन, 97.58 लाख की लागत से बनने वाले गुलाबपुरा से जाडरा तथा 99.92 लाख की लागत से बनने वाले फतेहपुरी से दखोरा मार्ग के टेंडर की प्रक्रिया चल रही है। जिन्हें भी जल्द ही जारी कर दिया जाएगा। कोसली विधायक लक्ष्मण सिंह यादव ने बताया कि इसके अलावा मुख्यमंत्री मनोहरलाल ने कोसली विधानसभा क्षेत्र में करीब 26 करोड़ की लागत से बनने वाले छह मार्गों को भी अनुमति प्रदान कर दी है। उन्होंने बताया कि मोतला खुर्द से नांगल, बुडैली से जाहिदपुर, नांगलिया रणमोख से करावरा माकपुर, नांगलिया रणमोख से आशियाकी, कतोपुरी से पहराजवास तथा नाहड़-कोसली से रेलवे फाटक डहीना तक के निर्माण को मुख्यमंत्री ने हरी झंडी दे दी है। इन मार्गों के निर्माण प्रक्रिया भी जल्द ही शुरु कर दी जाएगी। उन्होंने कहा कि मजबूत सडे तंत्र विकास का मुख्य आधार है। इसी के मद्देनजर प्रदेश सरकार सडे ों के निर्माण पर विशेष जोर दे रही है। उन्होंने इन सडकों के निर्माण के लिए मुख्यमंत्री मनोहरलाल का आभार जताया है।

पीएनबी रिटायरीस एसोसिएशन ने

स्वास्थ्य बीमा प्रीमियम बढ़ोतरी पर जताया रोष

भरोसा मित्र ब्यूरो

रेवाड़ी। आल इण्डिया पंजाब नैशनल बैंक पेंशनर्स एण्ड रिटायरीस एसोसिएशन मण्डल कार्यकारिणी की विस्तारित समिति की बैठक एसपी यादव की अध्यक्षता में सेक्टर एक स्थित महावर भवन आयोजित की गई। बैठक में रिटायरीस की लम्बे समय से चली आ रही स्वास्थ्य बीमा प्रीमियम में बैंक द्वारा वर्ष दर वर्ष अत्यधिक बढ़ोतरी को लेकर रोष व्यक्त किया गया व मांग की गई कि इसे बैंक कर्मचारियों के साथ ही किया जाए। जिसमें कर्मचारियों के प्रीमियम का भुगतान बैंक करता है व जबकि रिटायरीस का उनको अपनी पेंशन से करना पड़ता है। जब तक यह नहीं होता है तब तक बैंक को सब्सिडी के रूप में रिटायरीस को राहत प्रदान करनी चाहिए। अन्य मांगों में 1 नवम्बर 2012 के बाद जो रिटायर हुए हैं उनको विशेष भत्ते के रूप में कुछ राशि दी जाती थी, जो पहले वेतन का ही हिस्सा होता था को लेकर पर विस्तृत चर्चा की गई। जिसके लिए बहुत से केस मान्य न्यायालयों में लंबित हैं किंतु इस बारे में न्यायालय से तारीख ही मिलती आ रही है। मण्डल सचिव अरुण गुप्ता ने बताया कि बैठक में पेंशन अपडेशन, स्वास्थ्य बीमा के प्रीमियम पर चर्चा हुई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि एसोसिएशन की केंद्रीय कार्यकारिणी से इसे बैंक प्रबन्धन से उठने का अनुरोध किया जाए।

बैठक में चेयरमैन आरसी यादव, प्रेम सिंह, चंदन सिंह जलवान, अर्जुन देव भटेजा, किरोड़ीमल, जीत सिंह टाइगर, आजाद सिंह, एमएस यादव, नरेश बूरा, बनी सिंह यादव, हेमराज शर्मा ने भाग लिया।

रामलीला से सरोबर हो रही पीतल नगरी

भरत-मिलाप का मंचन देख दर्शक हुए भावुक

रामलीला में भरत मिलाप, खर-दूषण वध तथा शुर्पनखा की नाक काटने तक की लीला का किया मंचन

भरोसा मित्र ब्यूरो

रेवाड़ी। रेलवे कालोनी में श्री राम मंदिर रेलवे ड्रामेटिक क्लब की ओर से चल रहे रामलीला उत्सव में बीती रात्रि समाजसेवी तारा चन्द्र उद्घाटन किया। लीला में भरत मिलाप, खर-दूषण वध तथा शुर्पनखा की नाक काटने तक की लीला का मंचन किया गया।

मंचन के दौरान भरत अयोध्या लौटकर पाते है कि उनके पिता राजा दशरथ का निधन हो चुका है तथा राम-लक्ष्मण व सीता वन जा चुके हैं तो राज्य को स्वीकार नहीं करते हुए बड़े भाई राम को वापस लाने वन चल पड़ते हैं। राम-भरत का मिलाप होता है और राम वापस जाने से मना कर देते हैं तथा भरत 14 वर्ष तक राजगद्दी पर भाई राम की चरणपादुका रखकर देखरेख करने की बात कहते है। राम, लक्ष्मण व सीता चित्रकूट चले जाते हैं। जहां शुर्पनखा पहुंचती है तथा दोनों पर मोहित होकर विवाह का प्रस्ताव रखती है। जिस पर लक्ष्मण उसकी नाक काट देते हैं। जिसके बाद खर-दूषण वहां आकर युद्ध करते हैं और मारे जाते हैं। लीला में दिवेश शर्मा, प्रिंस, डा. अंकूर, मोहित यादव, सागर, मेहर चन्द्र, ब्रिजेश शर्मा, जितेश, नरेन्द्र गोयल, रोहित, रोशन लाल, संजय सोनी, मुकेश भारद्वाज, निरिवल रोहिल्ला, रोहित, उमेश शर्मा, रोशन लाल, लक्ष्य, महेश कुमार आदि ने अभिनय किया।

उधर, श्री घंटेश्वर महादेव मंदिर मोती चौक में चल रही श्री घंटेश्वर महादेव मंदिर आदर्श रामलीला के मंच पर राम वनवास और केवट संवाद के साथ साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमो का भी मंचन किया गया। रामलीला के सचिव याद केण् सुगन्ध ने बताया कि राम, लक्ष्मण व सीता सहित वनवास की ओर गमन करते हैं। वनवास गमन के दौरान गंगा पार कराने की एवज में मल्लाह केवट को सीता अपनी अंगूठी देना चाहती हैं तो केवट इंकार कर देता है और राम जी से गंगा पार कराने के किराए के रूप में स्वयं को भवसागर पार कराने का वायदा मांगता है। जिसे प्रभू राम स्वीकार कर लेते हैं। केवट राम के पैर पखारता है और उनको अपनी जर्जर नाव से गंगा पार कराता है। उधर अयोध्या में दशरथ, राम के वियोग में प्राण त्याग देते हैं। ननिहाल गए हुए भरत और शत्रुघ्न को बुलवाया जाता है। अयोध्या पहुंचने पर उन्हें राम के वनवास का पता चलता है और वे राम से मिलने वनों की ओर चल देते हैं। आज की रामलीला का प्रारंभ समाजसेवी अजय कुमार ने किया। अशोक कुमार शर्मा, बजरंग गर्ग, श्याम सुंदर गुप्ता, महेश पटवारी आदि ने उनका स्वागत व आभार व्यक्त किया।

दूसरी ओर नई अनाजमंडी में श्री शिव रामलीला समिति द्वारा आयोजित रामलीला में पांचवे दिन की प्रभु श्रीराम का सीता सहित वन गमन से लेकर ननिहाल से अयोध्या में भरत की वापसी तक की लीला दिखाई गई। समिति के महासचिव दीपक मंगला ने बताया कि लीला का शुभारंभ वैश्य समाज के जिला प्रधान बृजलाल गोयल ने किया।

मुख्य अतिथि ने उपस्थित दर्शकों को कन्या भ्रूण हत्या न करने की शपथ दिलवाई। मंच का संचालन भूपेंद्र कुमार गुप्ता नगर पार्षद ने किया। मुख्य अतिथि व प्रवीण गोयल का स्वागत लीला के प्रधान नवल किशोर गुप्ता, उप प्रधान राजेश अग्रवाल, हरकेश यादव, डा. संजय अग्रवाल, महेन्द्र गोयल व बबलू जिंदल ने किया। लीला में आशीष शर्मा, निशांत सोनी, नवीन लखेरा, गिरीश सिंगला, विपिन अग्रवाल, श्याम बिहारी, अशोक मुदगिल, कपिल चंद शर्मा, राजेश एडवोकेट, गिरीश गुप्ता, अशोक शर्मा, मुकेश चावरिया, रक्षित शर्मा व पवन डाबला ने अभिनय किए।

रेलवे कालोनी, घंटेश्वर महादेव मंदिर तथा नई अनाज मंडी में चल रही लीलाओं का मंचन करते कलाकार।

देशी कट्टा व जिंदा रोंद सहित युवक गिरफ्तार

भरोसा मित्र ब्यूरो

रेवाड़ी। अपराध शाखा-2 धारुहेड़ा इंचार्ज निरीक्षक सतेन्द्र कुमार की टीम ने अवैध हथियार रखने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान गांव ढोकिया निवासी रिंकू उर्फ रघु पुत्र राजपाल के रूप में हुई है। जांचकर्ता ने बताया कि गश्त के दौरान सूचना मिली कि रिंकू उर्फ रघु पुत्र राजपाल निवासी ढोकिया अपाराधिक किस्म का व्यक्ति है। जो इस समय रेवाडी बाई पास गांव गोकलगढ के पास किसी के इंतजार में खडा हुआ है। जिसके पास नाजायज हथियार है। सूचना पर तुरन्त रेडिंग पार्टी तैयार करके बताए हुए स्थान पर पहुंचकर पुलिस ने आरोपी को काबू कर लिया। जिसकी पहचान रिंकू उर्फ रघु के रूप में हुई। जिसकी तलाशी ली गई तो एक अवैध देशी कट्टा व एक जिन्दा रोंद बरामद किया गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ थाना सदर में शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज करके आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

स्कूटी की टक्कर से सीमा सुरक्षा बल के सेवानिवृत्त जवान की मौत

रेवाड़ी। जिले के कस्बा कुंड के निकट तेज रफ्तार स्कूटी की टक्कर से सीमा सुरक्षा बल के सेवानिवृत्त जवान की मौत हो गई। सूचना के बाद पहुंची कुंड चौकी पुलिस ने पोस्टमार्टम कराने के उपरांत शव परिजनों को सौंप दिया तथा स्कूटी चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाही शुरु कर दी है।जानकारी के अनुसार राजस्थान के कोटपुतली जिला के गांव महतावास निवासी कुलदीप व उनके ही गांव का 67 वर्षीय दयाराम बाइक सवार होकर घर से मांढण के लिए निकले थे। रास्ते में कुंड के निकट शौच के लिए वे रुक गए।

जिले में सर्वश्रेष्ठ रही सीहा स्कूल की युवा संसद

जिला स्तर पर विजेता रही सीहा की युवा संसद टीम के साथ प्राचार्य एवं प्रभारी।

मंडल स्तर पर करेगी जिले का प्रतिनिधित्व

प्रतियोगिता में भाकली ने द्वितीय तथा करावरा मानकपुर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया

भरोसा मित्र ब्यूरो

रेवाड़ी। जिले के गांव सीहा स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की युवा संसद जिलेभर में सर्वश्रेष्ठ रही है। अब युवा संसद की यह विजेता टीम मंडल स्तर पर जिले का प्रतिनिधित्व करेगी।

संसद के प्रभारी प्राध्यापक नरेश कुमार ने बताया कि इस युवा संसद में प्राचार्य सत्यवीर नाहडिया की पटकथा व निर्देशन में एक आदर्श संसद के सभी प्रकल्पों को बेहद जीवंतता से दर्शाया गया था। उल्लेखनीय है कि एससीईआरटीए गुरुग्राम की तत्वावधान तथा डाइट हुसैनपुर के संयोजन में आयोजित इस जिला स्तरीय युवा संसद प्रतियोगिता में सीहा ने प्रथम, भाकली ने द्वितीय तथा करावरा मानकपुर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया है। बणीपुर तथा भाड़ावास की युवा सांसद सांत्वना पुरस्कार हेतु चुनी गई हैं।

प्राचार्य धर्मबीर, प्राध्यापक अजीत सिंह तथा डा. सरिता देवी ने निर्णायक मंडल की भूमिका निभाई।

छात्रा अंशु, कोमल यादव, अक्षरा तथा तन्नू सर्वश्रेष्ठ वक्ता रहीं। इससे पहले भी श्री नाहडि ा के निर्देशन में बोडिया कमालपुर, खोरी तथा बावल की युवा संसद मंडल तथा राज्य स्तर पर विजेता रह चुकी हैं।

सीहा स्कूल की इस उपलब्धि के लिए जिला शिक्षा अधिकारी नसीब सिंह, डाइट प्राचार्य सुभाष चंद्र, खंड शिक्षा अधिकारी संतोष तंवर, खंड संसाधन समन्वयक राकेश वत्स, युवा चेतना संगठन के प्रधान नरेश भारद्वाज, सरपंच सरिता यादव, समाजसेवी सतपाल चौहान, प्रदीप यादव, दीपक यादव ने युवा संसद के सभी प्रतिभागियों तथा प्रभारियों को बधाई दी है।

तैयारियां पूरी

जिले में आज और कल होगा ग्रुप डी की सीईटी परीक्षा का संचालन

प्रशासन का नकल रोकने पर पूरा फोकस : राहुल हुड्डा

सीईटी परीक्षा के दौरान पूरी तरह अलर्ट रहें अधिकारी, केंद्र अधीक्षक और सुपरवाईजर

भरोसा मित्र ब्यूरो

रेवाड़ी। डीसी राहुल हुड्डा ने कहा कि हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग व राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी द्वारा जिला में शनिवार 21 अक्टूबर व रविवार 22 अक्टूबर को संचालित की जाने वाली ग्रुप-डी की कॉमन एलिजिबिलिटी टेस्ट-सीईटी परीक्षाओं को नकल रहित, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन की ओर से सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं।

डीसी राहुल हुड्डा व एसपी दीपक सहारन ने शुक्रवार को डीपीएस स्कूल में केंद्र अधीक्षक व सेंटर सुपरवाईजर सहित संबंधित अधिकारियों की बैठक ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि संबंधित अधिकारी, केंद्र अधीक्षक और सेंटर सुपरवाइजर अपनी ड्यूटी पूरी ईमानदारी व जिम्मेदारी से निभाएं और पूरी तरह अलर्ट रहकर सीईटी परीक्षाओं को नकल रहित व पारदर्शी तरीके से पूर्ण करवाएं।

परीक्षा केन्द्रों के 500 मीटर में लगाई धारा-144

एंट्री बंद होने उपरांत परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र में नहीं मिलेगा प्रवेश

डीसी ने कहा कि सीईटी की ग्रुप-डी की परीक्षा के लिए रेवाड़ी जिला में 60 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं जिन पर कुल 1,19200 परीक्षार्थी शनिवार, 21 अक्टूबर व रविवार 22 अक्टूबर को प्रात- कालीन सत्र सुबह 10 बजे से 11-45 बजे तक तथा सायं कालीन सत्र में दोपहर बाद 3 बजे से लेकर सांय 4-45 बजे तक ग्रुप डी की सीईटी परीक्षा देंगे। प्रातकालीन शिफ्ट में प्रात- 7-30 से परीक्षार्थियों की एंट्री शुरू हो जाएगी तथा ठीक 9-30 बजे एंट्री बंद हो जाएगी तथा सायं कालीन सत्र में दोपहर 12-30 से परीक्षार्थियों की एंट्री शुरू हो जाएगी तथा ठीक दोपहर 2-30 बजे एंट्री बंद हो जाएगी। एंट्री समय बंद होने उपरांत किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा केंद्र में प्रवेश नहीं करने दिया जाएगा। परीक्षाओं के लिए सभी केंद्रों पर लगे सीसीटीवी कैमरे, जैमर तथा बायोमेट्रिक आदि उपकरणों की जिला प्रशासन की ओर से कड़ी निगरानी की जाएगी। इसके लिए प्रत्येक केंद्र पर एक मॉनिटरिंग ऑफिसर नियुक्त किया गया है। जिला प्रशासन की ओर से फ्लाइंग टीम की ड्यूटी भी लगाई गई है। कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए परीक्षा केंद्रों के 500 मीटर के दायरे में धारा 144 लागू की गई है।

संयुक्त पात्रता परीक्षा के मद्देनजर कंट्रोल रूम स्थापित

जिला शिक्षा अधिकारी नसीब सिंह ने बताया कि डीसी राहुल हुड्डा के निर्देशानुसार जिला में आयोजित होने वाली संयुक्त पात्रता परीक्षा के निर्बाध, पारदर्शी व सफल संचालन के लिए बड़ा तालाब स्थित श्री हनुमान मंदिर के नजदीक जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है, जिसका नंबर 01274- 224159 है। कंट्रोल रूप में बीईओ राजकुमार 9416248532, एसए ब्रह्मप्रकाश 9466276354, लिपिक कर्ण 8059459533, लिपिक मलकीत 9467642798 तथा सेवादार सतीश कुमार 9466433641 की ड्यूटी भी लगाई गई है जो 21 व 22 अक्टूबर को प्रात- 9 बजे से लेकर सायं 7 बजे तक कंट्रोल रूम में कॉल्स अटेंड करने के लिए मौजूद रहेंगे।

परीक्षा केंद्रों पर फ्लाइंग टीम करेगी छापामार कार्यवाही

डीसी राहुल हुड्डा ने कहा कि संयुक्त पात्रता परीक्षा के पारदर्शी, नकल रहित, शांतिपूर्ण एवं सफल संचालन के लिए प्रशासन पूरी तरह अलर्ट है। सीईटी परीक्षाओं के सफल संचालन के लिए प्रशासन की ओर से फ्लाइंग टीम का गठन किया गया है जो परीक्षा केंद्रों पर छापामार कार्यवाही करेंगी। परीक्षा केंद्र में अनाधिकृत व्यक्ति को प्रवेश नहीं करने दिया जाएगा।

21 page 6_02.qxd 10/20/2023 10:06 PM Page 1

खबर फटाफट

हरियाणा रोडवेज की बस में लगी आग, बच गईं सवारियां

चरखी दादरी : यहां एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। खेड़ी बत्तर के पास सवारियों से भरी हरियाणा रोडवेज की बस अचानक धू-धू कर जलने लगी। आग लगते ही उसमें सवार लोग चिल्लाने लगे,f जसे सुनकर आसपास के लोग वहां एकत्र हो गए। इस दौरान कुछ लोगों ने डायल 112 और फायर ब्रिग्रेड को सूचना दी। डायल 112 टीम के सदस्यों ने बस में सवार महिला और बच्चों को बाहर निकाला। कुछ ही देर में बस पूरी खाली हो गई। इस दौरान आग तेजी से पूरी बस में फैल गई। बस में करीब 50 लोग सवार थे। इस प्रकार बड़ा हादसा होते-होते टल गया।

बिजली निगम के कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन

रोहतक : हरियाणा स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड वर्कर यूनियन के आह्वान पर यहां बिजली निगम के कर्मचारियों ने शुक्रवार को प्रदर्शन किया। उन्होंने सुबह 9 बजे से 11 बजे तक घंटे प्रदर्शन किया साथ ही गेट मीटिंग भी की । इस दौरान उत्तर हरियाणा बिजली निगम के प्रबंधक निदेशक के खिलाफ नाराजगी जताई और रोष प्रकट किया। उन्होंने कहा कि प्रबंधक निदेशक द्वारा कर्मचारियों को प्रताड़ित किया जा रहा है। इससे कर्मचारी ठीक से काम नहीं कर पा रहे। उनकी हठधर्मिता के खिलाफ प्रदर्शन किया गया था। जसिया सब डिवीजन में हुए विरोध प्रदर्शन की अध्यक्षता सब यूनिट प्रधान नरेंद्र बल्हारा ने किया। कर्मचारी अपनी जायज मांगों को अधिकारियों के समक्ष रखते आ रहे हैं, लेकिन वे कार्रवाई नहीं कर रहे हैं।

पराली जलाने वाले किसानों पर लगाया ढाई लाख जुर्माना

कैथल: जिले में जहां से पराली जलने की लोकेशन मिलती है तुरंत कृषि विभाग की टीम वहां पहुंच जाती है। यदि किसान उनकी अपील पर गौर न करें तो उस पर निर्धारित जुर्माना 2500 रुपए प्रति एकड़ तक वसूला जाता है।बताया गया कि कैथल में अब तक ऐसे 51 मामले सामने आ चुके हैं और किसानों से ढाई लाख से अधिक जुर्माना किसानों से वसूला गया है।बता दें कि डीसी प्रशांत पंवार ने कैथल व गुहला क्षेत्र के किसानों को जागरूक किया था। वे स्वयं भी खेतों में पहुंचे थे। अब डीसी के आदेशानुसार कृषि विभाग के अधिकारियों के साथ अन्य प्रशासनिक अधिकारी भी खेतों में पहुंचकर खेतों में लगाई गई आग को बुझा रहे हैं।

दूसरी छात्रा का नहीं मिला सुराग, सात पर मामला दर्ज

फतेहाबाद: गांव ढांड में कार्रवाई के भय से नहर में छलांग लगाने वाली दूसरी छात्रा का अभी कोई सुराग नहीं लगा है। इन सगी बहनों के पिता की शिकायत पर पुलिस ने सरकारी स्कूल के मुख्याध्यापक, चार शिक्षकों सहित सात के खिलाफ आत्महत्या के लिए मजबूर करने के आरोप में मामला दर्ज किया है। दोनों गांव के ही सरकारी स्कूल में पढ़ती थी। बुधवार को एक अध्यापिका ने दोनों बहनों से एक टैबलेट पकड़ा था। जांच के बाद टैबलेट मुख्याध्यापक को दे दिया गया। फिर उन्हें अभिभावकों को बुलाने के लिए कहा गया था। डर कर दोनों नहर में कूद गईं। एक का शव कल सिरसा के पास से मिला। उनका सुसाइड नोट भी मिला है।

क्रिकेट मैच पर सट्टा लगाते तीन युवक पकड़े

जींद : भारत-बांग्लादेश मैच पर सट्टा लगाते तीन युवकों को गिरफ्तार किया गया है। उनसे नकदी,फोन और लैपटॉप बरामद किया गया है। जानकारी के अनुसारी एडीजीपी स्टाफ की स्पेशल टीम को सूचना मिली थी कि रोहतक रोड पर स्थित लक्ष्मी नगर में कश्मीर नामक व्यक्ति के मकान में कुछ युवक क्रिकेट पर सट्टा खिलाने का काम कर रहे हैं। इस पर देर रात को मकान में दबिश दी गई।तलाशी लिए जाने पर वहां से एक लाख 17 हजार रुपए की नकदी, 13 मोबाइल फोन, लैपटॉप, छह चार्जर, एक्सटेंशन, वाईफाई और बैलेंस शीट बरामद की है। शहर थाना पुलिस ने तीनों के खिलाफ जुआ अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच कर रही है।

चोरों ने किया अजब कारनामा

बहादुरगढ़ : बीती रात शहर में लाखों की गाड़ी में सवार होकर आए चोरों ने अजब कारनामा कर दिया। बालोर रोड पर चोरों ने एक घर के बाहर रखी 60-65 ईंटों को चोरी करते हुए गाड़ी की डिक्की में डाल लिया। पूरी घटना घर के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है। चोरों की इस घटना से आसपास के लोग भी हैरान हैं। हालांकि घटना में मकान मालिक ने किसी तरह की कोई शिकायत पुलिस को नहीं दी है। बताया गया कि कुछ ईंट मंगवाकर घर के बाहर रखी गई थीं। सुबह के समय जब वह सोकर उठे तो उन्होंने देखा तो ईंटें गायब मिलीं। यह देखकर वह भी हैरान रह गई। उन्होंने अपने घर के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे को चेक किया तो पता चला घर के बाहर रात 12 बजकर 58 मिनट पर एक कार आई और उसने से युवक उतरा और ईंटों को गाड़ी की डिक्की रखकर चलता बना। इतनी महंगी कार में आया चोर यह भी कर सकता है, जो सुनता है हैरानी जताता है।

दूसरे की जगह दसवीं की परीक्षा देने वाला युवक काबू

चरखी दादरी : एक परीक्षा केंद्र में दसवीं बोर्ड परीक्षा में एक युवक के दूसरे की जगह पर परीक्षा देने वाले युवक को पकड़ लिया गया है। यह फर्जीवाड़ा बोर्ड सचिव के विशेष उड़नदस्ते ने पकड़ा और केंद्र अधीक्षक की शिकायत पर दादरी सिटी थाना पुलिस ने दोनों के खिलाफ धारा 419 व 420 के तहत केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।19 अक्तूबर को दसवीं बोर्ड की परीक्षा थी। काठमंडी राजकीय कन्या स्कूल में भी परीक्षा के मद्देनजर दो केंद्र बनाए गए हैं। केंद्र बी-1 के कमरा नंबर 9 में मालपोस निवासी एक छात्र की जगह रानीला निवासी एक युवक परीक्षा देने बैठ गया। जांच के दौरान उसे दबोच लिया गया।फिर इसकी शिकायत सिटी थाने में दी गई। मामले की जांच की जा रही है।

हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एचएसजीपीसी) के चुनाव

डेरा प्रेमियों और निरंकारियों के नहीं बनाए जाएंगे वोट

भरोसा मित्र

चंडीगढ़। हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एचएसजीपीसी) के चुनाव के लिए बनाई जा रही वोटों को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधन कमेटी के पदाधिकारियों का आरोप है कि एचएसजीपीसी के चुनाव में मतदान के लिए डेरा सच्चा सौदा सिरसा और निरंकारी मिशन दिल्ली से जुड़े लोगों के भी वोट बनाए जा रहे हैं। यदि ऐसा होता रहा तो एचएसजीपीसी के चुनाव के लिए लाखों वोट बन जाएंगे और वास्तविक सिख मतदाता मतदान से वंचित रह सकते हैं।

दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधन कमेटी की इस आपत्ति के बाद प्रदेश सरकार ने राज्य गुरुद्वारा चुनाव आयुक्त जस्टिस एचएस भल्ला को पूरे मामले का समाधान करने के लिए कहा है। प्रदेश सरकार का इशारा मिलने के बाद गुरुद्वारा चुनाव आयुक्त जस्टिस एचएस भल्ला ने एचएसजीपीसी के चुनाव में मतदान के लिए वोट बनाने के लिए नए दिशा निर्देश जारी कर दिए हैं। जस्टिस भल्ला के अनुसार जिस व्यक्ति ने हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधन समिति के चुनाव के लिए मतदाता के रूप में अपने नाम के पंजीकरण के लिए पहले से आवेदन कर रखा है अथवा नया आवेदन करना है, उसे पंजाबी या हिंदी में एक घोषणा (संकल्प पत्र) प्रस्तुत करनी होगी।

इस स्व घोषणा को ग्रामीण क्षेत्र में संबंधित पटवारी, शहरी क्षेत्र में नगर पालिका के सचिव या मतदाता के रूप में नाम के पंजीकरण के लिए आवेदन पत्र प्राप्त करने के लिए नियुक्त किसी अन्य अधिकृत अधिकारी को प्रस्तुत किया जा सकता है। जस्टिस भल्ला के अनुसार यदि कोई व्यक्ति यह स्व-घोषणा पत्र प्रस्तुत नहीं करता है, तो उसका नाम मतदाता के रूप में पंजीकरण के लिए नहीं माना जाएगा। स्व-घोषणा पत्र की प्रति इस प्रयोजन के लिए तैनात अधिकारियों/कर्मचारियों के पास उपलब्ध होगी। स्व घोषणा की प्रति वेबसाइट पर भी उपलब्ध है।

जगदीप सिंह ने कहा कि हरियाणा सरकार का यह एक बड़ा फैसला है, जिसके लिए दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी मुख्यमंत्री मनोहर लाल की आभारी है। विशुद्ध रूप से सिख वोट बनाने के लिहाज से इस फैसले की जितनी सराहना की जाए कम है। उन्होंने कहा कि दरअसल यह मुद्दा श्रीअकाल तख्त साहिब के पूर्व जत्थेदार और तख्त श्रीदमदमा साहिब के मौजूदा जत्थेदार सिंह साहिब ज्ञानी हरप्रीत सिंह द्वारा सामने लाया गया था, जिन्होंने बताया था कि किस प्रकार निरंकारियों और डेरा सिरसा प्रेमियों की वोट बन रही है। अब दिल्ली गुरुद्वारा प्रबंधन कमेटी की आपत्ति के बाद यह मुद्दा स्थाई तौर पर हल हो गया है।

क्या लिख कर देना होगा

पात्र मतदाता को राज्य गुरुद्वारा चुनाव आयोग के समक्ष यह लिखकर देना होगा कि मैंने हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधन समिति की मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज करवाने के लिए आवेदन पत्र दिया है/दे रहा हूं/दे रही हूं और मैं सत्यनिष्ठा, ईमानदारी और धर्म से यह घोषणा करता हूं/करती हूं कि मैं सिख हूं और केवल श्रीगुरुग्रंथ साहिब जी और दस गुरु साहिबान को मानता हूं/मानती हूं तथा मेरा अन्य कोई धर्म नहीं है।

सरकार ने रद्द किए थे सभी विवादित वोट

इससे पहले भाजपा के राष्ट्रीय सचिव मनजिंदर सिंह सिरसा के साथ दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के महासचिव जगदीप सिंह काहलों के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल से मुलाकात कर हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधन कमेटी के चुनाव में निरंकारियों और डेरा प्रेमियों के वोट बनने पर अपनी आपत्ति जताई। जगदीप सिंह काहलों ने मुख्यमंत्री से मिलने के बाद बताया कि सरकार ने तुरंत कार्रवाई करते हुए पहले बने ऐसे सभी विवादित वोट रद्द करने के आदेश जारी कर दिए तथा फार्म में भी संशोधन कर यह धारा जोड़ दी गई है कि जो व्यक्ति वोट डालने के लिए आवेदन करेगा, उसे लिखित में देना होगा कि वह श्रीगुरुग्रंथ साहिब में विश्वास करने वाला सिख है तथा श्रीगुरु ग्रंथ साहिब को अपना गुरु मानता है।

मांगे राम मेरे बड़े भाई के समान थे : राजनाथ सिंह

केंद्रीय रक्षा मंत्री ने ब्राह्मण शिरोमणि के निधन पर शोक जताया

एमके अरोड़ा, भरोसा मित्र

गुरुग्राम। केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने ब्राह्मण शिरोमणि स्व. माँगे राम शर्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर उन्होंने बताया कि मांगे शर्मा उनके बड़े भाई के समान थे और वो पारिवारिक सदस्य की तरह थे। राजनाथ सिंह ने कहा कि पंडित मांगे राम मेरे अच्छे मार्गदर्शक भी थे और दुनिया के ब्राह्मणों के नेता थे।उनका भारत ही नहीं विश्व में नाम था। वह पूरी दुनिया के ब्राह्मणों के अच्छे मार्गदर्शक थे।

इस मौके पर सुधांशु त्रिवेदी ने कहा पंडित जी ने उनका बहुत सहयोग किया। उनके जाने का उन्हें बहुत दुख है।और उनके जाने की पूर्ति होना संभव नहीं है। वे हमारे ब्राह्मण समाज के कोहिनूर थे।रोहतक के सांसद अरविंद शर्मा ने पंडित मांगे राम पुष्प श्रद्धांजलि देते हुए कि वे मेरे नाना जी लगते थे और मेरे परिवार के सदस्य थे। मुझे अक्सर फोन करके मुझे ऊर्जान्वित किया करते थे।

गुड़गाँव की पूर्व सांसद सुधा यादव ने भी पंडित जी को पुष्प श्रद्धांजलि दी। उन्होंने बताया की वे हमारे शुभचिंतकों मैं एक थे।आज यहां भारतीय जनता पार्टी के नेता व कार्यकर्ता भी बड़ी संख्या में पहुंचे और स्व. माँगे राम शर्मा को पुष्प श्रद्धांजलि दी। सभी लोगों ने अपनी-अपनी मदद की बातें की और बताया मांगे राम शर्मा ने हम लोगों को आगे बढ़ाने हमारी मदद की वह हमेशा सहयोग करते थे।

सोहना के संजय सिंह ने भी माँगे राम शर्मा जी को पुष्प श्रद्धांजलि दी और उन्होंने बताया की वे मेरे स्व. पिता सुरजपाल सिंह अच्छे मित्र थे और बहुत अच्छे वक्ता भी थे। गुड़गाँव के पूर्व विधायक उमेश अग्रवाल ने कहा की पंडित जी सामाजिक कार्यों मैं सभी का बड़ा सहयोग व अपनी राय देते थे और हमेशा लोगों के विकास कार्य और उनकी सेवा में लगे रहते थे।

इनके अलावा मुकेश शर्मा सिलोखरा व वरिष्ठ कांग्रेस नेता, मुकेश शर्मा वरिष्ठ बीजेपी नेता, संदीप जोशी वरिष्ठ बीजेपी नेता, जगदीश यादव पूर्व मंत्री हरियाणा सरकार, नवीन गोयल वरिष्ठ बीजेपी नेता, वर्ल्ड ब्राह्मण फेडरेशन वाइस चेयरमैन आर. एस. गोस्वामी, राष्ट्रीय अध्यक्ष के. सी. पांडे वरिष्ठ उपाध्यक्ष के. सी. कौशिक उपाध्यक्ष कैलाशपति शर्मा, परमिंदर कटारिया पूर्व डिप्टी मेयर, योगेश शर्मा, हरिप्रकाश कौशिक आदि ने भी ने पुष्प श्रद्धांजलि दी।

भारत के सैनिक दुनिया में सबसे अनुशासित और बहादुर : मनोहर लाल

आस मोहम्मद, भरोसा मित्र

नूंह। हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने आज गांव संगेल पहुंचकर शहीद तेजपाल सिंह के परिजनों से मुलाकात कर संवेदना व्यक्त की।

उन्होंने कहा कि हिंदुस्तान के सैनिक दुनिया में सबसे अनुशासित और बहादुर हैं। हमारे सैनिकों की बदौलत ही हम अपने आप को सुरक्षित महसूस करते हैं। देश की खातिर हमारे जवान अपना सर्वस्व बलिदान देने को हमेशा तत्पर रहते हैं।

उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार शहीदों के परिजनों के साथ खड़ी है। शहीदों के लिए हरसंभव मदद करने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। उन्होंने शहीद के बच्चों व परिवार जनों के बारे में बात की। गौरतलब है कि 19 अगस्त को लेह से 6 किलोमीटर दूर नौमा तहसील की क्यारी नामक जगह पर सेना का एक ट्रक अचानक खाई में जा गिरा था। इसमें सेना के 10 जवान सवार थे। इस सड़क हादसे में हरियाणा के नूंह जिले के संगेल गांव का रहने वाला तेजपाल सिंह भी शहीद हो गया था। मुख्यमंत्री ने लोगों से गांव के विकास कार्यों के बारे में भी बातचीत की। ग्रामीणों द्वारा उठाई गई विभिन्न मांगों के संबंध में सीएम ने कहा कि इस बारे में लिखित में दे ताकि उन पर विचार करके आगे की कार्रवाई की जा सके।

सीएम ने शहीद के पिता जयवीर से काफी देर तक बातचीत की। शहीद के बच्चों की पढ़ाई के बारे में भी पूछताछ की और बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की। सीएम ने उन्हें हरसंभव मदद का आश्वासन दिया।विधायक सोहना कंवर संजय सिंह ने सीएम को गांव के विकास के संबंध में भी जानकारी दी। गौ सेवा आयोग के पूर्व अध्यक्ष भानीरम मंगला ने गांव की गौशाला से संबंधित मांग रखी, इस पर मुख्यमंत्री ने जल्द पूरा करवाने का आश्वासन दिया।

इस दौरे के दौरान उपयुक्त धीरेंद्र खड़गटा, पुलिस अधीक्षक नरेंद्र बिजरानियां, वक्फ बोर्ड के एडमिनिस्ट्रेटर जाकिर हुसैन, जिला परिषद के अध्यक्ष जान मोहम्मद, फिरोजपुर झिरका से पूर्व विधायक नसीम अहमद, बीजेपी के जिला अध्यक्ष नरेंद्र पटेल, हरियाणा गौ सेवा आयोग के पूर्व अध्यक्ष भानीराम मंगला के अलावा अन्य गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

दीपेंद्र हुड्डा ने नाथूराम मिर्धा श्रद्धांजलि अर्पित की

अजमेर: शुक्रवार को यहां आयोजित कार्यक्रम में कांग्रेस के सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने महान स्वतंत्रता सेनानी, किसान रत्न, पूर्व केंद्रीय मंत्रीस्व. चौ. नाथूराम मिर्धा की जयंती के अवसर पर जाट धर्मशाला, पुष्कर (अजमेर) पहुँचकर उनकी प्रतिमा पर सपरिवार माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर उन्होंने मिर्धा के योगदान पर भी चर्चा की। दीपेंद्र हुड्डा ने कहा कि नाथूराम मिर्धा नागौर विधानसभा से विधायक बने थे और वे नागौर से लोकसभा के सांसद के रूप में अपना समाज और राष्ट्र हित में अपना योगदान दिया।

वे 36 कौमों के प्रेरणास्रोत के रूप में जाने जाते हैं। उनके कार्य हमारे लिए पूंजी के समान हैं।

प्रदेश का मतदाता समझदार, तीसरी बार भाजपा को देगा मौका : दलाल

हुड्डा के चार-चार डिप्टी सीएम के बयान को बेबुनियाद बताया, कहा: जनता समझदार है, झांसे में नहीं आने वाली

भरोसा मित्र

पानीपत। राज्य के कृषि मंत्री जेपी दलाल ने कहा कि कांग्रेस एक परिवार का संगठन है। पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा सीट हड़पने के लिए चार-चार डिप्टी सीएम का बेबुनियाद बयान जनता के सामने रख रहे हैं, वास्तव प्रदेश का मतदाता बहुत समझदार है, वह उनके झांसे में नहीं आने वाली। हुड्डा को चिंता पार्टी को एकजुट रखने की करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि बैठकों में देखा गया है कि उनके नेताओं के खिलाफ नारेबाजी शुरू हो जाती है।

उन्होंने कहा कि मतदाता तीसरी बार फिर भारतीय जनता पार्टी को वोट देकर सेवा का मौका देंगे। मंत्री ने कहा कि विपक्ष को चुनाव के समय जनसेवक बनने का ढोंग करना अच्छे तरीके से आता है, लेकिन हरियाणा की जनता समझ चुकी है।

वे शुक्रवार को यहां वे शहरी विधायक प्रमोद विज के कार्यालय पर पहुंचे। यहां पहुंचने पर कार्यकर्ताओं द्वारा उनका स्वागत किया गया। दलाल पानीपत में किसी राजनीतिक कार्यक्रम के सिलसिले में नहीं, बल्कि खरीददारी करने आए थे। उन्होंने विधायक विज ने मंत्री जेपी दलाल को पानीपत में बने कंबलों की भी खरीदारी करवाई। उन्होंने बताया कि इस बार दीवाली पर वे अपने स्टाफ और कार्यकताओं को पानीपत के कंबल और चद्दर देंगे। उन्होंने पानीपत के कंबल-चद्दर की

सीएम ने सौ फीसदी सही कहा

मुख्यमंत्री मनोहर लाल के बयान की पैरवी,करते हुए कृषि मंत्री जयप्रकाश दलाल ने कहा कि प्रदेश में पहले भ्रष्टाचार बहुत था। पहले भाजपा फिर गठबंधन की सरकार बनने के बाद इसपर काफी हद तक लगाम लगी है। बता दें कि मनोहर लाल ने करनाल में बयान दिया था कि अभी भ्रष्टाचार पूरी तरह खत्म नहीं हुआ है। इसे खत्म करने के बहुत प्रयास किए जा रहे हैं।

कृषि मंत्री जयप्रकाश दलाल ने कहा कि वे पहले अकसर करनाल में हो रहे भ्रष्टाचार के बारे में सुनते थे। अब पूरे हरियाणा में लगातार कार्रवाई करते हुए भ्रष्टाचारियों को पकड़ा जा रहा है। इस बयान की मंत्री जेपी दलाल ने भी पैरवी की। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार को खत्म करने के लिए सरकार लगातार सख्ती कर रही है।

राव दान सिंह की भाभी की श्रद्धांजलि सभा में वरिष्ठ नेता हुए शामिल

भरोसा मित्र ब्यूरो

महेंद्रगढ़। महेंद्रगढ़ , कांग्रेस विधायक राव दानसिंह की भाभी शरबती देवी की शोकसभा का आज सिगड़ी फार्म हाउस पर आयोजित की गई।अनेकों राजनीतिक ,सामाजिक व धार्मिक संगठनों से जुड़े हुए लोगों ने शिरकत की। शोकसभा में भजन और मंत्र उच्चारण के साथ दिवंगत आत्मा को श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। शोक सभा में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष चौधरी उदयभान, पूर्व मंत्री कैप्टन अजय यादव ,पूर्व मंत्री राव नरेंद्र सिंह, पूर्व मंत्री जगदीश यादव, पूर्व मंत्री शकुंतला भगवाडिया, पूर्व सांसद डॉक्टर करण सिंह यादव, विधायक आफताब अहमद, संसदीय सचिव अनीता यादव, पूर्व मंत्री सुखवीर कटारिया, पूर्व विधायक राव बहादुर सिंह, समाजसेवी बलवान फौजी, राजबीर फरटिया, सुरेंद्र नंबरदार संजय पटीकरा, यादव सभा के पूर्व प्रधान राव राम कुमार सहित अनेकों सामाजिक ,राजनीतिक संगठनों से जुड़े लोगों ने पहुंचकर अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। विधायक राव दानसिंह ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस दुख की घड़ी में सब लोगों ने पहुंचकर उनके परिवार को हौसला दिया है । वे और उनका परिवार सदैव ऋणी रहेगा ।

सीईटी का आयोजन

पूर्व संध्या पर ही परीक्षार्थियों ने परीक्षा केंद्रों के नजदीक डाला डेरा

डोंट वरी : परीक्षा में शामिल हो सकेंगे सभी उम्मीदवार

चतुर्थ श्रेणी के 13 हजार 536 पदों के लिए सामान्य पात्रता परीक्षा आज से

भरोसा मित्र

चंडीगढ़। चतुर्थ श्रेणी के 13 हजार 536 पदों के लिए शनिवार और रविवार को सामान्य पात्रता परीक्षा (सीईटी) होगी। परीक्षा में वह उम्मीदवार भी शामिल हो सकेंगे। बता दें कि जिनके एडमिट कार्ड में नाम, जन्मतिथि, फोटोग्राफ, हस्ताक्षर या श्रेणी उल्लेखित विवरण में मेल नहीं खाते हैं। ऐसे अभ्यर्थियों को अपनी पंजीकृत ई-मेल से प्रवेश पत्र के साथ दस्तावेजों की स्वप्रमाणित प्रतिलिपि भेजते हुए शपथपत्र के साथ विवरण में सुधार के लिए प्रवेश पत्र में की गई गलत प्रविष्टियों की जानकारी देनी होगी। फिर उम्मीदवार उक्त ई-मेल और अंडरटेकिंग केंद्र अधीक्षक को जमा करेंगे जिसके बाद उन्हें परीक्षा में बैठने की अनुमति मिल जाएगी।

परीक्षा के लिए जारी एडमिट कार्ड में त्रुटियों को लेकर हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग (एचएसएससी) के पास बड़ी संख्या में शिकायतें पहुंची हैं। ऐसे अभ्यर्थियों को राहत देते हुए एचएसएससी ने कहा है कि वे आयोग को दस्तावेजों के साथ त्रुटियों की मेल करें। हालांकि अगर मेल में कोई गलत दावा किया जाता है तो संबंधित अभ्यर्थी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। परीक्षा केंद्र पर अपने साथ वेलिड फोटो आइडी-प्रूफ ले जाना न भूलें।

परीक्षा को लेकर अभ्यर्थियों में उत्सव का माहौल है। जिन परीक्षार्थियों की शनिवार सुबह पहली पाली में परीक्षा है, उनमें से बड़ी संख्या में परीक्षार्थी शुक्रवार शाम को ही संबंधित शहर में पहुंच गए ताकि परीक्षा केंद्र पर समय से पहुंच सकें। परीक्षा के लिए चंडीगढ़ सहित 17 जिलों में 798 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं जहां दोनों दिन सुबह 10 से 11.45 बजे तक और दोपहर तीन से 4.45 तक दो सत्रों में परीक्षा होगी। प्रत्येक शिफ्ट में साढ़े तीन लाख अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। परीक्षा केंद्रों पर बायोमेट्रिक और फेस आथेंटिकेशन मशीन से उपस्थिति दर्ज होगी ताकि नकली परीक्षार्थियों को पकड़ा जा सके। सभी जिलों में सिटी कोआर्डिनेटर और आब्जर्वर नियुक्त किए गए हैं। अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्रों तक पहुंचाने के लिए हरियाणा रोडवेज की 3000 बसों के साथ ही शिक्षण संस्थानों की बसें भी लगाई गई हैं। परीक्षार्थियों को एडमिट कार्ड दिखाने पर मुफ्त यात्रा की सुविधा मिलेगी।

परीक्षा केंद्रों के 500 मीटर के दायरे में धारा-144 लागू की जाएगी। परीक्षा के दिन कोचिंग सेंटर और प्रिंटिंग स्टेशनरी की दुकानें बंद रहेंगी। परीक्षा केंद्र में किसी उम्मीदवार को मोबाइल फोन नहीं ले जाने दिया जाएगा। परीक्षा केंद्रों के 200 मीटर के दायरे में वाहनों की पार्किंग नहीं की जा सकेगी। हालांकि विकलांग अभ्यर्थियों को ट्राइसाइकिल और परिवहन के अन्य साधनों को परीक्षा केंद्र के कमरों तक ले जाने की छूट रहेगी।

इन जिलों में होगी परीक्षा

पंचकूला, अंबाला, यमुनानगर, कुरुक्षेत्र, करनाल, पानीपत, सोनीपत, गुरुग्राम, फरीदाबाद, कैथल, हिसार, भिवानी, फतेहाबाद, सिरसा, पलवल, नारनौल, रेवाड़ी और चंडीगढ़।

पांचों गोले खाली छोड़े तो काटे जाएंगे अंक

परीक्षा में आब्जेक्टिव टाइप सवाल पूछे जाएंगे और उम्मीदवारों को ओएमआर शीट पर उत्तर मार्क करने होंगे। परीक्षा का माध्यम अंग्रेजी व हिंदी होगा। किसी सवाल का जवाब नहीं आता है तो पांचवां गोला जरूर भरें अन्यथा प्रत्येक खाली गोले के लिए अंक काट लिए जाएंगे।

मिसकंडक्ट किया तो आगामी भर्ती परीक्षाओं में नहीं हो सकेंगे शामिल

नियम के अनुसार यदि कोई उम्मीदवार परीक्षा सामग्री (पेपर, ओएमआर शीट, रफ शीट) बाहर ले जाता है या किसी अन्य को देता है तो उस पर दो वर्ष का प्रतिबंध लग जाएगा। अगर कोई उम्मीदवार बिना बताए परीक्षा केंद्र छोड़ता है तो उस पर भी अगली परीक्षा देने की दो वर्ष की पाबंदी लग जाएगी।इसी के साथ परीक्षकों या कर्मचारियों से दुर्व्यवहार करने पर तीन वर्ष और परीक्षा या अन्य उम्मीदवारों के लिए रुकावट पैदा करने पर तीन वर्ष की रोक लग जाएगी। यदि कोई उम्मीदवार भ्रांतियां फैलाने या गलत दस्तावेज दिखाने का दोषी पाया जाता है तो वह तीन वर्ष तक परीक्षा देने में अयोग्य माना जाएगा। परीक्षा के दौरान अनुचित साधनों का प्रयोग करने वाले पर तीन वर्ष की पाबंदी रहेगी। इसी तरहफर्जी एडमिट कार्ड या पहचान पत्र से परीक्षा देने का प्रयास करने पर पांच वर्ष तक रोक लग जाएगी। यदि कोई उम्मीदवार परीक्षा के दौरान नकल करता हुआ पकड़ा जाता है वह पांच वर्ष तक अगली परीक्षा देने के लिए अयोग्य माना जाएगा। यदि कोई हथियार से किसी कर्मचारी को धमकाने की कोशिश करता है तो उस पर पांच वर्ष की पाबंदी लग जाएगी। परीक्षा के दौरान प्रतिबंधित वस्तुओं (हथियार, मोबाइल, इलेक्ट्रानिक गैजेट, कैमरा) मिलने पर पांच वर्ष की पाबंदी लगेगी। पेपर का फोटो लेने या वीडियो बनाने पर उम्मीदवार को पांच वर्ष के लिए अयोग्य माना जाएगा।

प्रकाशक एवं मुद्रक सुमित सैनी द्वारा भरोसा फाउंडेशन के लिए 401, नारकंडा अपार्टमेंट, सेक्टर 31 गुरुग्राम (हरियाणा) से प्रकाशित एवं दैनिक भास्कर प्रैस खिजूरी 82.5 किलोमीटर माइलस्टोन, दिल्ली-जयपुर नेशनल हाईवे नंबर 48, नियर श्री तिरूपति जी फिलिंग स्टेशन रेवाड़ी हरियाणा से मुद्रित। फोन नंबर- 0124 4257131, ई-मेल dainikbharosa@gmail.com अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी एक्ट केअंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद गुरुग्राम न्यायालय के अधीन ही होंगे।

खबर फटाफट

माता वैष्णोदेवी मंदिर में हुई मां कात्यानी की भव्य पूजा

फरीदाबाद। नवरात्रे के 6 वें दिन महारानी वैष्णोदेवी मंदिर में मां कात्यानी की भव्य पूजा अर्चना की गई। श्रद्धालुओं ने मां के हवन यज्ञ में आहुति डाली और मां के सामने जयकारे लगाते हुए अपनी अरदास की। महारानी वैष्णोदेवी मंदिर में सुबह से ही भक्तों का तांता लगना शुरू हो गया। मंदिर में पहुंचकर भक्तों ने मां कात्यानी की पूजा की तथा अपनी मनोकामना रखी। इस अवसर पर मंदिर संस्थान के प्रधान जगदीश भाटिया ने आए हुए सभी श्रद्धालुओं का स्वागत किया तथा उन्हें नवरात्रों की शुभकामनाएं दीं। इस शुभ अवसर पर उद्योगपति आर के बत्तरा, मंदिर संस्थान के चेयरमैन प्रताप भाटिया, व्यापारी नेता नीरज मिगलानी, नीरज भाटिया,राममेहर, विनोद पांडे, फकीरचंद कथूरिया, प्रीतम धमीजा, राहुल, अमिताभ एवं अमित ने मां के समक्ष अपनी हाजिरी लगाई तथा पूजा अर्चना में हिस्सा लिया। संस्थान के प्रधान जगदीश भाटिया ने इन सभी को माता की चुनरी भेंट की तथा प्रसाद वितरित किया। इस अवसर पर मंदिर संस्थान के प्रधान जगदीश भाटिया ने बताया कि मां दुर्गा के 6 वें स्वरूप को मां कात्यानी कहा जाता है। श्री भाटिया ने कहा कि माता कात्यानी को शहद और केसर का भोग अति प्रिय है। जो भी भक्त सच्चे मन से मां कात्यानी की पूजा करके अपनी अरदास लगता है वह जरूर पूरी होती है।

परिवार पहचान पत्र में सुधार के लिए कैंप आज

नारनौल। परिवार पहचान पत्र में सुधार के लिए आगामी 21 अक्टूबर को सुबह 9 बजे से दोपहर बाद 3 बजे तक नियर बहादुर सिंह तालाब के पास सीताराम मैरिज प्लेस में कैंप का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए प्रदेश के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता ओम प्रकाश यादव ने बताया कि 21 अक्टूबर को लगने वाले इस कैंप में नागरिकों के परिवार पहचान पत्र में आ रही त्रुटियों को दूर किया जाएगा। उन्होंने बताया कि कैंप में पिता का नाम, माता का नाम, दिव्यांग, जन्मतिथि, मैरिटल स्टेटस, आय, स्पाउस का नाम, शैक्षणिक योग्यता आदि सभी प्रकार की त्रुटियों को ठीक करवा सकते हैं। आधार नंबर के तहत मोबाइल नंबर बदलने बारे व सभी प्रकार की शिकायतें जैसे प्लाट, इनकम टैक्स इत्यादि। उन्होंने बताया कि जन्मतिथि सत्यापन को ठीक करवाने के लिए लाभार्थी अपने साथ जन्मतिथि सत्यापन कार्य, 2017 से पहले का जारी वोटर कार्ड, बोर्ड सर्टिफिकेट, स्कूल स्थानांतरण पत्र, जन्म प्रमाण पत्र साथ लेकर आएं।

पुरस्कार के लिए बालिकाएं 3 नवंबर तक कर सकती हैं आवेदन

नारनौल। राज्य सरकार की ओर से राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल करने वाली बालिकाओं के पुरस्कार के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। इसके लिए इच्छुक बालिकाएं 3 नवंबर तक एसआरसीडब्ल्यू हरियाणा एट जीमेल डॉट कॉम मेल पर आवेदन कर सकती हैं।
यह जानकारी देते हुए जिला कार्यक्रम अधिकारी संगीता यादव ने बताया कि सामाजिक मुद्दों, शिक्षा, वृक्षारोपण, स्वास्थ्य मुद्दों और मीडिया और साहित्य में अनुकरणीय उपलब्धि पर जागरूकता पैदा करने के लिए किए गए अनुकरणीय कार्यों के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। उन्होंने बताया कि बालिका दिवस मनाने का उद्देश्य बालिकाओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक करना है। सरकार द्वारा महिलाओं को सामाजिक, आर्थिक एवं शैक्षणिक रूप से सक्षम बनाने के लिए अनेक योजनाएं एवं कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली बालिकाओं को पुरस्कार के रूप में बालिका दिवस के अवसर पर सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस संबंध में अन्य किसी जानकारी के लिए दूरभाष नंबर 0172-2560349 पर फोन कर जानकारी ले सकते हैं।

पुलिस ने 4 वर्षीय बच्चा 2 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद किया बरामद

फरीदाबाद। महिला थाना बल्लभगढ़ प्रभारी इंस्पेक्टर गीता व उनकी टीम ने लापता हुए एक 4 वर्षीय बच्चे को सकुशल उसकी माता के हवाले किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि 30 वर्षीय एक पीड़ित महिला महिला थाना बल्लभगढ़ में अपने पिता के साथ अपने ससुराल पक्ष के खिलाफ दहेज की शिकायत देने आई थी जिसने अपने 4 वर्षीय बेटे को थाना परिसर की पार्किंग में स्कूटी पर बैठा दिया। महिला का बेटा बोलने में असमर्थ था। बच्चे को बैठाकर वह थाने में अपनी शिकायत देने गई जहां से थोड़ी देर पश्चात वह अपने बेटे को देखने के लिए बाहर आई तो उसका बेटा वहां पर नहीं था। महिला ने आसपास अपने बच्चे को ढूंढा परंतु वह कहीं नहीं मिला। महिला बच्चे को देखने के लिए थाने के बाहर सडक़ पर भी गई और वहां पर भी अपने बच्चे को तलाश किया परंतु वह कहीं दिखाई नहीं दिया। इसके बाद महिला ने आसपास पुलिसकर्मियों और वहां पर मौजूद लोगों से पूछताछ की परंतु बच्चे के बारे में किसी को ध्यान नहीं था। महिला ने यह बात पुलिस टीम को बताई जिसके पश्चात बच्चे की तलाश के लिए उपनिरीक्षक सुखबीर, सिपाही सुरेंद्र तथा चरण की पुलिस टीम का गठन करके भेजा गया। पुलिस टीम ने बच्चे की तलाश के लिए आसपास की जगह पर लोगों से पूछताछ की और सीसीटीवी कैमरे चेक किए। करीब 2 घंटे की कड़ी मशक्कत करने के पश्चात पुलिस ने बच्चे को सकुशल तलाश कर लिया और उसे लेकर महिला के पास आए। बच्चे को उसकी माता के हवाले किया गया।

ग्रुप डी के परीक्षार्थियों के लिए कनीना से निःशुल्क बस उपलब्ध कराने की मांग

नारनौल। प्रजा भलाई संगठन के सुप्रीमों एवं बहुजन समाज पार्टी के नेता ठाकुर अतरलाल ने हरियाणा सरकार से नारनौल व महेन्द्रगढ़ की तरह कनीना बस स्टैण्ड से भी ग्रुप डी के परीक्षार्थियों के लिए सरकारी बसों की निःशुल्क सुविधा उपलब्ध कराने की मांग की है। हरियाणा के मुख्यमंत्री, परिवहन मंत्री, जिला उपायुक्त महेन्द्रगढ़ व महाप्रबंधक हरियाणा रोडवेज नारनौल को भेजे ज्ञापन में अतरलाल ने कहा कि कनीना के आस-पास के गांवों से सैंकड़ों परीक्षार्थियों को ग्रुप डी की परीक्षा देने के लिए जाना है। कनीना उपमंडल है तथा दर्जनों गांवों से सीधा जुड़ा है। यहां से निःशुल्क बस सुविधा होने से क्षेत्र के सैंकड़ों परीक्षार्थियों को लाभ मिलेगा। सरकार ने ग्रुप डी परीक्षार्थियों के लिए नारनौल व महेन्द्रगढ़ बस स्टैण्ड से निःशुल्क सरकारी बस सेवा की घोषणा की है परन्तु कनीना बस स्टैण्ड पर यह सुविधा न होने से क्षेत्र के लोगों में भारी रोष है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार को कनीना क्षेत्र के युवाओं के साथ भेदभाव नहीं करना चाहिए तथा ग्रुप डी के परीक्षार्थियों के लिए शीघ्र अति शीघ्र कनीना बस स्टैण्ड से भी निःशुल्क बस सेवा की सुविधा मुहैया करवानी चाहिए।

पूर्व विधायक ने किया तिगांव स्थित सेहतपुर डिस्पेंसरी का दौरा

सरकारी अस्पताल में लोगों को नहीं मिल रही चिकित्सा सुविधाएं : ललित नागर

डिस्पेंसरी में डाक्टरों, नर्सों व दवाइयां का खासा टोटा

भरोसा मित्र ब्यूरो

फरीदाबाद। तिगांव विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सेहतपुर स्थित सरकारी डिस्पेंसरी में डाक्टरों, नर्सों व दवाईयां की कमी के चलते लोगों को परेशानियां हो रही है। यहां टीबी की दवाईयां भी नहीं मिलने से लोग परेशान है। लोगों का कहना है कि क्षेत्र में रहने वाले लोगों के इलाज के लिए बनाई गई डिस्पेंसरी में इलाज के लिए डाक्टर व नर्सों का टोटा पड़ा हुआ है, यहां जरूरी दवाईयां भी लोगों को नहीं मिल रही, जिसके चलते उन्हें महंगे निजी अस्पतालों में अपना इलाज करवाने को मजबूर होना पड़ रहा है। लोगों द्वारा मिल रही शिकायतों के मद्देनजर तिगांव क्षेत्र के पूर्व विधायक एवं वरिष्ठ कांग्रेसी नेता ललित नागर ने सेहतपुर गांव की डिस्पेंसरी का दौरा किया और यहां व्याप्त अव्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान डिस्पेंसरी में डाक्टरों व नर्सों की कमी के साथ-साथ दवाईयों की भी खासी कमी नजर आई, जिस पर श्री नागर ने भाजपा सरकार को जमकर कोसा। पूर्व विधायक ललित नागर ने बताया कि कितनी बड़ी विडम्बना है कि पल्ला से सेहतपुर और तिलपत तक ढाई लाख की आबादी है और ढाई की आबादी पर एकमात्र डिस्पेंसरी सेहतपुर में है, जहां भी डाक्टरों, नर्सों और दवाईयों की भारी किल्लत है, ऐसे में लोग अपना इलाज करने के लिए महंगे अस्पतालों में जाने को मजबूर है, लेकिन सत्ता में बैठे विधायक, मंत्री व प्रशासनिक अधिकारी पूरी तरह से मूकदर्शक बने हुए है। उन्होंने कहा कि एक तरफ भाजपा सरकार लोगों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएँ उपलब्ध करवाने का दम भरती है , जबकि दूसरी तरफ डिस्पेंसरी में डाक्टरों, नर्सों व जरूरी दवाईयों की कमी के चलते लोग त्राहि-त्राहि करने को मजबूर है। इस अवसर पर सैयद रिजवान आजमी, कमल सिंह चंदीला, गंगाराम जाट, मुकुटपाल चौधरी, मुकेश कुमार सहित अनेकों गणमान्य लोग मौजूद थे।

डॉक्टर से की बात

पूर्व विधायक ललित नागर ने डिस्पेंसरी के डॉक्टर सोनू कश्यप से जब बात की गई तो उन्होंने बताया कि यहां पर टीबी की दवाइयां की भारी कमी है आजकल मलेरिया और बुखार चल रहा है जिसके लिए खांसी का सिरप और दवाइयां की जरूरत है जो स्टॉक में उपलब्ध नहीं है। उन्होंने बताया कि सरकारी रिकार्ड में तो यह डिस्पेंसरी यूएचसी है, जबकि यूएचसी का दर्जा उसे होता है, जिसमें सभी सुविधाएं पाई जाती है, लेकिन यह डिस्पेंसरी केवल नाम की यूएचसी है, यहां प्रतिदिन आने वाले हजारों मरीजों को दवा तक नहीं मिलती, जिसके चलते वह निराश लौटने को मजबूर हो जाते है। पूर्व विधायक ललित नागर ने प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री और मुख्यमंत्री से मांग की कि इस एरिया की आबादी करीब तीन लाख है इसलिए आबादी के हिसाब से यहां डिस्पेंसरी की जगह बड़ा अस्पताल बनवाया जाए, जहां पर्याप्त डाक्टर व नर्सिंग स्टाफ सहित दवाईयों की कमी न हो। इसके अलावा यहां आपातकालीन की भी बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाए ताकि गरीब लोग अपना इलाज यहां करवा सके।

खनन से प्रभावित गांवों के विकास के संबंध में ली जिला टास्क फोर्स कमेटी की बैठक

बैठक में अभी तक हुए विकास कार्यों की समीक्षा की तथा अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

इंद्रजीत सिंह, भरोसा मित्र

नारनौल। उपायुक्त मोनिका गुप्ता आईएएस ने आज लघु सचिवालय में खनन से प्रभावित गांवों के विकास के लिए बनाई गई जिला टास्क फोर्स कमेटी के अधिकारियों के साथ बैठक कर अब तक हुए विकास कार्यों की समीक्षा की तथा अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। डीसी ने अधिकारियों से बारी-बारी से खनन प्रभावित गांवों के स्कूलों में ई-लाइब्रेरी, फर्नीचर, वाटर कूलर, रास्ते, खेल ग्राउंड के ट्रैक आदि के चल रहे विकास कार्यों के बारे में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि चले रहे विकास कार्यों को और गतिमय बनाए ताकि निर्धारित समय में कार्यों का पूरा किया जा सके। आगे जो भी विकास कार्य करवाने है उसके लिए विभागीय अधिकारी प्रपोजल बनाकर भेजें। उन्होंने सिविल सर्जन को निर्देश कि समय-समय पर खनन प्रभावित गांवों में स्वास्थ्य कैंप लगाकर लोगों के स्वास्थ्य की जांच करें। साथ ही उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि माइनिंग तथा क्रैशर जोन में सरकार द्वारा निर्धारित सभी नियमों की पालना होनी चाहिए। इस अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त वैशाली सिंह, एसडीएम मनोज कुमार, नगराधीश डा. मंगल सैन, सिविल सर्जन डा. रमेश चंद्र आर्य, डीडीपीओ आशीष मान, माइनिंग अधिकारी भूपेंद्र सिंह के अलावा अन्य अधिकारी मौजूद थे।

महाविद्यालय में जीवाश्म प्रदर्शनी का आयोजन किया

इंद्रजीत सिंह, भरोसा मित्र

नारनौल। अंतरराष्ट्रीय जीवाशम दिवस सप्ताह के उपलक्ष्य में राजकीय महाविद्यालय नारनौल के प्रांगण में प्राचार्य डा. पूर्ण प्रभा के निर्देशानुसार भू विज्ञान एवं जीव विज्ञान विभाग द्वारा जीवाशम प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के शुभारंभ पर महाविद्यालय के उपप्राचार्य डा. जगजीत सिंह मोर ने कहा कि महाविद्यालय में विभिन्न अवसरों पर तरह के कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं, ताकि विद्यार्थियों का अलग अलग विषयों के बारे में जानकारी मिलती रहे। कार्यक्रम के संयोजक भू विज्ञान विभाग के अध्यक्ष डा. जयपाल सिंह द्वारा किया गया। इस अवसर पर उन्होंने बताया कि अंतरराष्ट्रीय जीवाशम दिवस हर वर्ष अक्टूबर महीने के दूसरे बुधवार को मनाया जाता है। जिसका उद्देश्य जीवाशम की महत्वता के बारे में लोगों को जागरूक करना है। उन्होंने कहा जीवाशम से हमें भूतकाल की बहुत सी जानकारी मिल सकती है। भूगर्भ विज्ञान में जीवाशम का विस्तार से अध्यन किया जाता है। जीव विज्ञान विभाग के अध्यक्ष डा. सत्यपाल सलोदिया ने विद्यार्थियों का ऐसे कार्यक्रमों में बढ़ चढक़र हिस्सा लेने के लिया प्रेरित किया। कार्यक्रम में भू विज्ञान के छात्र छात्राओं ने जीवाशम से सम्बंधित मॉडल्स, पोस्टर्स, स्लोगन्स एवं स्पेसिमेन को प्रस्तुत किया। भू विज्ञान विभाग के प्राध्यापक डा. सोनू जागलान व डा. सपना यादव ने छात्रों द्वारा प्रदर्शित मॉडल्स एवं पोस्टर्स का आंकलन किया। प्रदर्शनी में अलग अलग विभाग के छात्र छात्राओं ने भ्रमण किया व विद्यार्थियों के द्वारा बताए गए विभिन्न जीवाश्मों की जानकारी प्राप्त की। महाविद्यालय के पब्लिक रिलेशन ऑफिसर डा. चंद्र मोहन ने बताया कि सम्पूर्ण हरियाणा राज्य के एकमात्र भू-विज्ञान विभाग इस तरह के कार्यकर्मों का आयोजन लगातार करता रहता है इस विभाग ने को ख्यातिप्राप्त प्रसिद्ध भूवैज्ञानिक और अधिकारी दिए हैं, जो विश्व के अलग अलग देशों और भारत में अपनी अपनी विशिष्ट पहचान और सेवाएं दे रहे हैं।

सीआईए नारनौल की बड़ी कार्रवाई

भारत-बांग्लादेश क्रिकेट मैच पर सट्टा खिलाते 3 गिरफ्तार

लैपटॉप, 8 मोबाइल व अन्य सामान बरामद

इंद्रजीत सिंह, भरोसा मित्र

नारनौल। सीआईए नारनौल की टीम ने थाना सदर नारनौल क्षेत्र में मंढाना से वर्ल्ड कप के भारत-बांग्लादेश टीम के क्रिकेट मैच पर सट्टा खिलाते 3 आरोपितों को गिरफ्तार किया है। सीआईए नारनौल की टीम ने आरोपितों के पास से 1 लैपटॉप, 8 मोबाइल फोन आदि अन्य सामान बरामद किया है। आरोपितों की पहचान सुनील वासी अमरपुर जोरासी, निहाल वासी नारनौल व जितेंद्र वासी नारनौल के रूप में हुई। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ थाना सदर नारनौल में मामला दर्ज करके गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अधीक्षक नितिश अग्रवाल के निर्देशानुसार सीआईए नारनौल की टीम ने थाना सदर नारनौल क्षेत्र में क्रिकेट मैच पर सट्टा खिलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। सीआईए नारनौल की टीम को गश्त के दौरान गुप्त सूचना मिली कि सुनील वासी अमरपुर जोरासी, निहाल वासी नारनौल व जितेंद्र वासी नारनौल मिलकर बुकी चलाते हैं और आज सोनू वासी मंढाना के प्लॉट में अपने साथियों के साथ वर्ल्ड कप के भारत-बांग्लादेश के क्रिकेट मैच पर लैपटॉप व मोबाइलों पर सट्टा खिला रहा है। अगर तुरंत रैड की जाए तो आरोपितों को क्रिकेट मैच पर सट्टा खिलाते पकड़ा जा सकता है। इस सूचना पर सीआईए टीम की रेडिंग पार्टी तैयार कर बतलाए हुए स्थान पर

रैड की गई। जहां पर 3 लडक़े मोबाइल व लैपटॉप से मैच खिलाते हुए मिले। टीम ने उनको काबू कर नामपता पूछा और वहां से 1 लैपटॉप, 8 मोबाइल और अन्य सामान बरामद किया गया। आरोपितों के खिलाफ जुआ अधिनियम के तहत थाना सदर नारनौल में मामला दर्ज किया उन्हें गिरफ्तार किया गया।

डीसी ने दिलाई 5 विदेशी नागरिकों को भारतीय नागरिकता की शपथ

सात्विक देव, भरोसा मित्र

फरीदाबाद। जिलाधीश विक्रम सिंह ने शुक्रवार को 5 विदेशी नागरिकों को भारतीय नागरिकता प्रदान की। नागरिकता अधिनियम 1955 की धारा 5 के अधीन भारत के नागरिक के रूप में रजिस्ट्री कृत करने अथवा धारा 6 के अधीन उसे देशीकरण संबंधी प्रमाण पत्र प्रदान करने के लिए उसके द्वारा प्रयोग की जाने वाली शक्तियों के तहत यह नागरिकता जिलाधीश विक्रम सिंह ने प्रदान की है। जिन विदेशी नागरिकों को आज ज़िलाधीश विक्रम सिंह ने भारतीय नागरिकता की शपथ दिलाई है, उनमें अफगानिस्तान से आयी सुहानी, जनदर नट, संजना डिव और राम चंद शामिल हैं। जबकि पाकिस्तान से आये अनूप सिंह शामिल है। आपको बता दें पूरे देश में 13 जिलाधीशों को ही भारत सरकार द्वारा यह विदेशी नागरिकों को भारतीय नागरिकता प्रदान करने की शक्ति प्रदान की गई है। इनमें फरीदाबाद के जिलाधीश भी शामिल हैं। केंद्र सरकार द्वारा नागरिकता अधिनियम 1955 की धारा 16 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए अफगानिस्तान, बांग्लादेश, पाकिस्तान देश के अल्पसंख्यक समुदायों के किसी भी व्यक्ति इनमें हिंदू, सिख, बौद्ध, जैन, पारसी और ईसाई को भारतीय नागरिकता देने का अधिकार जिलाधीश को भारतीय नागरिकता अधिकार देने का अधिकार प्रदान किया गया है। देश के गुजरात राज्य के मोरबी, राजकोट, पाटन एवं बड़ोदरा और छत्तीसगढ़ राज्य के दुर्ग तथा बलोदा बाजार, राजस्थान प्रांत के जालौर, उदयपुर, पाली, बाड़मेर और सिरोही, हरियाणा प्रांत के फरीदाबाद तथा पंजाब प्रांत के जालंधर के जिलाधीश को भारत सरकार ने नागरिकता प्रदान करने का अधिकार दिया है।

हनुमान मंदिर में संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा शुरू

इंद्रजीत सिंह, भरोसा मित्र

नारनौल। श्री गुदड़ी वाले हनुमान जी महाराज मंदिर में संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन आचार्य नवीन कौशिक की उपस्थिति में बड़ी धूमधाम से आरंभ हुआ। श्रीमद्भागवत कथा आरंभ होने से पहले आज श्री गुदड़ी वाले हनुमान जी महाराज के मंदिर प्रांगण में पूरे विधि-विधान के मंदिर कमेटी के प्रधान दीपक यादव ने अपनी पत्नी के साथ श्रीमद्भागवत का पूजा अर्चन किया। मंदिर कमेटी के प्रत्येक सदस्य ने बड़े ही सुंदर ढंग से इस निःशुल्क विशाल भव्य कलश यात्रा के आयोजन की प्रत्येक व्यवस्था को बहुत ही सुचारु ढंग से व्यवस्थित रखा। कलश यात्रा इतनी भव्य और विशाल थी कि दूर-दूर तक श्रद्धालु महिला-पुरुष, बच्चे एवं कलश ही कलश दिखाई दे रहे थे। कलश यात्रा के दौरान सुंदर-सुंदर झांकियां निकाली गई, जिसमें मां काली, भगवान भोलेनाथ, राधा-कृष्णी इत्यादि की झांकी प्रमुख थी। कलश यात्रा के दौरान मुख्य अतिथि के तौर पर प्रमुख समाजसेवी विनोद सैनी, पचेरी धाम से आचार्य दीपक कौशिक, पूर्व जिला पार्षद राजेश मांदी, बंटी ठेकेदार, डॉ. राजसुनेश यादव, पूर्व पार्षद कंवर सिंह, चिंटू यादव, डॉ. सतीश यादव, नटवरलाल यादव, गौरव गर्ग, मंदिर कमेटी के महासचिव अनिल यादव, जीतू रहिश, हरीसिंह यादव ने अपनी गरिमापूर्ण उपस्थिति दर्शा करके इस कलश यात्रा को ओर भी ज्यादा सुंदर और उत्साहवर्धक बना दिया।

फरीदाबाद में अमृत सरोवर योजना के तहत

75 तालाबों का किया जा रहा है जीर्णोद्धार

सात्विक देव, भरोसा मित्र

फरीदाबाद। हरियाणा के विकास एवं पंचायत विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव अनिल मलिक ने विडियो कान्फ्रेंस के जरिये ग्रामीण विकास कार्यों जुड़े हर पहलू पर बारिकी से समीक्षा की। उन्होंने फरीदाबाद जिला में अमृत सरोवरों, ग्राम पंचायतों की जमीनो के अवैध कब्जो और मनरेगा योजना सहित ग्रामीण क्षेत्रों में समग्र विकास योजनाओं और परियोजनाओं बारे अधिकारियो को दिशा-निर्देश भी दिए। जिला फरीदाबाद में 75 तालाबों का अमृत सरोवर योजना के तहत जीर्णोद्धार किया जा रहा है। विकास एवं पंचायत विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव अनिल मलिक गत सायं जिला में अमृत सरोवर योजना के तहत तालाबों के जीर्णोद्धार कार्य, ग्राम पंचायतों की जमीनो पर किए गए अवैध कब्जो पर विभाग के अधिकारियो द्वारा की कार्रवाई और मनरेगा योजना सहित ग्रामीण क्षेत्र की तमाम विकास योजनाओं और परियोजनाओं की एक-एक करके समीक्षा कल रहे थे। समीक्षा बैठक में जिला परिषद के प्रेजिडेंट विजय सिंह, एडीसी कम सीईओ जिला परिषद आनन्द शर्मा, पंचायत समिति बल्लबगढ के चेयरमैन चन्द्रपाल, बीडीपीओ अजीत सिंह, बीडीपीओ कैप्टन प्रदीप कुमार, एसीईओ जिला परिषद सचिन शर्मा, स्वच्छता अभियान के कोर्डिनेटर उपेन्दर सिंह सहित ग्रामीण विकास अभिकरण के विकास कार्यों की विभिन्न योजनाओं से जुड़े अधिकारी उपस्थित रहे। एसीएस अनिल मलिक ने जिला फरीदाबाद में 75 तालाबों का अमृत सरोवर योजना के तहत किए जा रहे जीर्णोद्धार की भी बारीकी से समीक्षा की। एसीएस अनिल मलिक ने अटाली, हीरापूर, गढखेड़ा और मोहना गांवों में सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार आजादी के अमृत महोत्सव की श्रृंखला में अमृत सरोवरों के जीर्णोद्धार कार्यों की अबतक की प्रगति की बारीकी से जानकारी ली। उन्होंने एक-एक करके विभाग वार करवाए जा रहे अमृत सरोवर के जीर्णोद्धार की समीक्षा बारिकी से करके सम्बंधित अधिकारियों को दिशा-निर्देश भी दिए। बता दें कि जिला फरीदाबाद में अमृत सरोवरों के जीर्णोद्धार की मॉनिटरिंग एडीसी द्वारा जिला स्तर पर और एसडीएम द्वारा उपमण्डल स्तर पर करना सुनिश्चित किया जा रहा है।

ग्राम पंचायतों के जनप्रतिनिधि यह करवाएं विकास कार्य

एसीएस अनिल मलिक ने पंचायती राज प्रणाली के जिला परिषद के प्रेजिडेंट, पंचायत समितियों के चेयरमैन, सरपंच, जिला परिषद के सदस्य, पंचायत समिति के सदस्य और पंचो से आह्वान करते हुए कहा कि ग्राम पंचायतों की जमीनो से अवैध कब्जो को तुरंत प्रभाव से हटवाना सुनिश्चित करें। गरीब परिवारों को प्लाट देने, गावों के विकास कार्यों की योजनाओं और परियोजनाओं को आन लाइन प्लेट फार्म प्रणाली पर अपलोड करें। गावों के विकास कार्यों से जुड़ी जानकारी टोल फ्री नम्बर 1800-180-5678 पर ली जा सकती है। मनरेगा योजना के तहत विकास कार्यों को क्रियान्वित करें। उन्होंने कहा कि सरकार के पास विकास कार्यों के लिए धन की कोई कमी नहीं है।

रामलीला परिषद के रंगमंच पर कोप भवन और राम वनवास की लीला का बेहतरीन मंचन

भगवान राम के जीवन से लें प्रेरणा : वेदप्रकाश गोयल

रामायण केवल कल्पना नहीं, हमारे संस्कारों का मूलभूत आधार: डा. भूप सिंह

इंद्रजीत सिंह, भरोसा मित्र

नारनौल। श्री रामलीला परिषद के भव्य राजाराम पालडी रंगमंच पर पशुपालन विभाग के उपनिदेशक पद से सेवानिवृत्त डा. भूप सिंह यादव व निस्वार्थ सेवा पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष वेदप्रकाश गोयल ने कोप भवन और राम वनवास की लीला का शुभारम्भ माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर उन्होंने रामलीला के श्रेष्ठ मंचन पर अपनी और से सभी कलाकारों की मुक्त कंठ से प्रशंसा की। उपस्थित अपार जनसमूह को संबोधित करते हुए डा. भूप सिंह ने कहा कि रामायण केवल कल्पना नहीं अपितु हमारे संस्कारों का मूलभूत आधार है। उन्होंने रामलीला परिषद के बेहतरीन कार्यों के लिए परिषद परिवार को बधाई दी। अध्यक्षता कर रहे वेद प्रकाश गोयल ने कहा कि हम सबको मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिये। रामलीला परिषद के राजाराम पालडी रंगमंच पर केकई के अभिनय में रंगमंच की प्रख्यात कलाकार रुबिया भारती ने अपने जानदार अभिनय से बुराई के प्रतीक केकई के चरित्र को मंच पर जीवंत कर दिया वहीं दशरथ के अभिनय में नगरपालिका के पूर्व प्रधान व वरिष्ठ कलाकार रामचन्द्र जांगड़ा के अभिनय का जादू भी दर्शकों के सर पर चढक़र बोला। कोप भवन की लीला में कवि सुरेश मक्कड़ द्वारा लिखित युगल एवं एकल गीत ने धूम मचा दी। वहीं राम वनवास की पृष्ठभूमि ने सुंदर सुंदर गीत और संवाद अदायगी से माहौल को राममय बना दिया। राम के वन जाने की खबर सुनकर लक्ष्मण के जानदार संवादों ने अपने अभिनय के साथ न्याय किया। राम और सीता के सुंदर गीत अदायगी और संवादों ने साबित कर दिया कि एक अच्छा कलाकार अपनी अमिट छाप अवश्य छोड़ता है। राम के अभिनय में रवि सैनी, लक्ष्मण के अभिनय के चंद्रमोहन, सीता के अभिनय में पंकज यदुवंशी, सुमन्त के अभिनय में अतुल लामड़ीवाल, मंथरा के अभिनय में विकास तिवाड़ी, कौशल्या के अभिनय में विक्की प्रजापत, नगरवासी बने गिरीश कनौडिया, बिट्टू सैनी, सुनील भोपा, पुनीत भारद्वाज, हर्ष ने अपने अपने किरदारों को मंच पर जीवंत कर दिया। इस अवसर पर परिषद के संरक्षक चेतनप्रकाश गौड़, दयाशंकर तिवाड़ी, घीसाराम सैनी, अनिल कौशिक, प्रधान दिनकर बोहरा, कार्यकारी प्रधान अमित मिश्रा, कवि सुरेश मक्कड़, सुरेश लावणिया, परिषद के वरिष्ठ कलाकार घीसाराम सैनी, सतीश पाटोदिया, दिनेश गोयल, मुकेश शर्मा नांगल सिरोही, महेश जोशी, मुकेश झूकिया, जुगल राजस्थानी, सोहन टैनी, सुभाष लावण सहित हजारों की संख्या में लोग उपस्थित थे।

देसी पिस्टल सहित एक गिरफ्तार

इंद्रजीत सिंह, भरोसा मित्र

नारनौल। सीआईए नारनौल की पुलिस टीम ने थाना सदर नारनौल के क्षेत्र से एक आरोपित विकास उर्फ घाटो वासी घाटासेर को अवैध हथियार सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक नितिश अग्रवाल द्वारा जिला पुलिस को अपराधियों को पकडक़र उन पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए हुए हैं, जिनकी पालना के अंतर्गत सीआईए नारनौल की टीम ने थाना सदर नारनौल के क्षेत्र में गांव मंढाना 152डी हाईवे पुल के नीचे से गुप्त सूचना के आधार पर रेड कर एक युवक को काबू किया और उससे जिंदा कारतूस सहित देशी पिस्टल बरामद किया गया। पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि सीआईए नारनौल की टीम गश्त के दौरान बस अड्डा कोजिंदा पर मौजूद थी, उसी समय टीम को गुप्त सूचना मिली कि विकास उर्फ घाटो वासी घाटासेर के पास अवैध हथियार है और मंढाना 152 डी हाईवे पुल के नीचे खड़ा है, जो किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में है। अगर तुरंत रेड की जाए तो आरोपित को अवैध हथियार के साथ पकड़ा जा सकता है। इस सूचना पर सीआईए नारनौल की टीम ने बतलाए हुए स्थान पर रैड की, वहां पर खड़ा एक युवक पुलिस पार्टी को देखकर तेज कदमों से चलने लगा, जिसको काबूकर नाम पता पूछा तो उसने अपना नाम विकास उर्फ घाटो उपरोक्त बतलाया। युवक की तलाशी लेने पर उसके पास से एक देसी पिस्टल और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। आरोपी के खिलाफ थाना सदर नारनौल में आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। आरोपी को आज न्यायालय में पेश किया गया।


या देवी सर्वभूतेषु मां कालरात्रि रुपेण संस्थिता।
नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः।।
मां दुर्गा के सातवें स्वरूप
वीरता और साहस की प्रतीक
मां कालरात्रि
आपके जीवन में सुख-शांति
एवं समृद्धि प्रदान करे।
= मां कालरात्रि की आरती =
कालरात्रि जय-जय-महाकाली।
काल के मुह से बचाने वाली ॥
सभी देवता सब नर-नारी।
गावें स्तुति सभी तुम्हारी ॥
दुष्ट संघारक नाम तुम्हारा।
महाचंडी तेरा अवतार ॥
रक्तदंता और अन्नपूर्णा।
कृपा करे तो कोई भी दुःख ना ॥
पृथ्वी और आकाश पे सारा।
महाकाली है तेरा पसारा ॥
ना कोई चिंता रहे बीमारी।
ना कोई गम ना संकट भारी ॥
खडग खप्पर रखने वाली।
दुष्टों का लहू चखने वाली ॥
उस पर कभी कष्ट ना आवें।
महाकाली माँ जिसे बचाबे ॥
कलकत्ता स्थान तुम्हारा।
सब जगह देखूं तेरा नजारा ॥
तू भी भक्त प्रेम से कह।
कालरात्रि माँ तेरी जय ॥
/pk4gurugram
पंकज डावर
विधानसभा : गुरुग्राम